www.sutrakarsamachar.com
सब्सक्राइब करें
सच का पैरोकार
# सूत्रकार
वर्ष : 60, अंक : 163
रांची, रविवार
16 जून 2024
पेज -08, मूल्य : 3 रुपया
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष दशमी
विक्रम संवत, 2081
DL No.30/2022
रांची व कोलकाता से प्रकाशित



पाकिस्तान वर्ल्ड कप से बाहर

# टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा में गिरा, 14 की मौत

### प्रधानमंत्री राहत कोष से मदद का किया गया ऐलान

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी**

उत्तराखंड ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रुद्रप्रयाग के समीप रैंतोली में एक वाहन दुर्घनाग्रस्त होकर 250 मीटर गहरी खाई में अलकनंदा नदी किनारे जा गिरा। इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई। 10 की घटनास्थल में ही दम तोड़ दिया था। इसके अलावा दो की मौत जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग और दो की मौत एम्स ऋषिकेश में हुई है। हादसे में घायल 13 लोगों में सात का जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। जबकि 5 एम्स में भर्ती हैं।

हादसे का कारण वाहन चालक को झपकी आना बताया जा रहा है। साथ ही वाहन में सवार 23 लोगों में अधिकांश भी नींद में थे। शुक्रवार देर रात्रि को नई दिल्ली से अलग-अलग जगह के 23 युवाओं का दल टेंपो- ट्रेवलर में चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला ट्रेकिंग के लिए रवाना हुआ था।

**दस लोग मौके पर ही मृत मिले**

शनिवार को ऋषकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पूर्वाह्न लगभग 11.30 बजे वाहन रुद्रप्रयाग के समीप रैंतोली में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने आरसी पैरापिट तोड़कर सीधे गहरी खाई में अलकनंदा नदी किनारे जा गिरा। हादसे की सूचना पर प्रशाशन, पुलिस, जिला आपदा प्रबंधन, एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची और रेस्क्यू में जुट गईं।

मौके पर 10 लोग मृत मिले। अन्य 16 घायलों को लगभग दो घन्टे में गहरी खाई से सड़क में लाकर जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। घायलों में सात को गंभीर हालत के चलते केदारनाथ यात्रा में संचालित हेलिकॉप्टर से एम्स ऋषकेश रेफर किया गया। जहां, दो की मौत हो गई। इधर, जिला चिकित्सालय में भर्ती घायलों में भी दो की मौत हो गई। हादसे पर डीएम, एसपी ने गहरा दुख जताया है। दोनों अधिकारियों के नेतृत्व में घायलों का यथाशीघ्र उपचार दिलाया गया और कम से कम समय में गंभीर को हायर सेंटर रेफर किया गया।



**पंजीकरण जांच के लिए रोका गया था वाहन**

दुर्घटनाग्रस्त वाहन चारधाम यात्रा का नहीं था। इसलिए वाहन का ट्रिप कार्ड नहीं बनाया गया था। साथ ही यात्रियों का पंजीकरण भी नहीं था। ट्रिप कार्ड व पंजीकरण की बाध्यता सिर्फ चारधाम वाहनों व यात्रियों के लिए है। बताया जा रहा है कि जब ब्रहमपुरी में वाहन को पंजीकरण जांच के लिए रोका गया तो चालक ने चोपता तुंगनाथ ट्रिप पर जाने की बात कही। जिस पर वाहन को चेक पोस्ट से छोड़ दिया गया। वाहन में सभी सवार युवा थे। जो चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला की ट्रिप पर पर निकले थे। वाहन हरियाणा का था। जिसका एक साल पहले ही पंजीकरण किया गया था। वाहन के सभी दस्तावेज पूर्ण थे। वाहन में यात्री दिल्ली से बैठाए गए थे।

**सीएम धामी ने हादसे पर जताया दुख**

हादसे के खबर पर दुख जताते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि टेंपो ट्रैवलर के दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत पीड़ादायक समाचार प्राप्त हुआ। स्थानीय प्रशासन व एसडीआ-रएफ की टीमें राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हुई है। घायलों को नजदीकी चिकित्सा केंद्र पर उपचार के लिए भेज दिया गया है। ज़िलाधिकारी को घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं।

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जताया दुख**

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में हुई सड़क दुर्घटना पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दुख जताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट साझा कर कहा कि मेरी संवेदनाएं इस हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों के साथ हैं। स्थानीय प्रशासन और एसडीआरएफ की टीमें राहत व बचाव कार्य में जुटी हैं और घायलों को हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ।

**पीएम मोदी ने जताया दुख**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रुद्रप्रयाग जिले में हुए हादसे पर गहरा दुख जाहिर किया। उन्होंने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री राहत कोष से मदद का ऐलान किया गया है। मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

## गंगा दशहरा आज, श्रद्धालु नदियों में लगायेंगे आस्था की डुबकी

**रांची, सूत्रकार**

ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा मनाया जाता है। इस बार गंगा दशहरा 16 जून यानी रविवार को मनाया जायेगा। इस दिन श्रद्धालु गंगा या अन्य नदियों में आस्था की डुबकी लगायेंगे और दान-पुण्य कर मां के श्रीचरणों में श्रद्धा के पुष्प अर्पित करेंगे। गंगा दशहरा के दिन सुबह से ही मंदिरों में दर्शन-पूजन को लेकर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहेगा। पूरे दिन श्रद्धालु भक्ति में रमे रहेंगे। मां गंगा के अवतरण दिवस पर राजधानी के मंदिरों और जलाशंयो में कई कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। पीयूष पाठक की पहल पर शहर के प्रबुद्ध जन पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दोहरायेंगे। नदियों और तालाबों की स्वच्छता के प्रति जनजागरण के उद्देश्य से गंगा आरती भी उतारी जायेगी। सभी गायत्री शक्तिपीठों में गायत्री जयंती, गंगा दशहरा और श्रीराम शर्मा आचार्य के महाप्रयाण दिवस को लेकर यज्ञ, हवन, भजन और भंडारा भी होगा।

**पर्यावरण प्रेमी लगायेंगे दौड़**

पर्यावरण प्रेमी नदियों के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन बनाये रखने को लेकर स्वर्णरेखा और हरमू नदी संगम स्थल चुटिया तक दौड़ लगायेंगे। पीयूष पाठक ने बताया कि सुबह आठ बजे जयपाल सिंह स्टेडियम से दौड़ शुरू होगी। इसके बाद शाम साढ़े छह बजे से बड़ा तालाब छठ घाट में जोहार स्वर्ण रेखा व नमामि स्वर्णरेखा के तहत गंगा आरती होगी।

**गायत्री शक्ति पीठों में शिष्य-साधक कर रहे जाप**

गायत्री जयंती, गंगा दशहरा और श्रीराम शर्मा आचार्य के महाप्रयाण दिवस की पूर्व संध्या पर सभी शक्तिपीठों और शाखाओं में गायत्री परिवार के शिष्य और साधक 12 घंटे का अखंड जाप कर रहे हैं। इस्के बाद रविवार और सोमवार को महायज्ञ, दीप यज्ञ, भजन और भंडा-रा सुबह साढ़े आठ बजे से शुरू होगा, जो देर शाम तक चलेगा। जयनारायण प्रसाद ने सभी से इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की है।

**न्यूज फ्लैश**

### सीएम नीतीश कुमार की अचानक बिगड़ी तबीयत, मेदांता अस्पताल में एडमिट

**पटना, एजेंसी**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अचानक तबीयत खराब होने की खबर है। उनको मेंदाता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शनिवार सुबह नीतीश के हाथ में तेज दर्द की शिकायत मिली थी।

शनिवार की सुबह सीएम नीतीश कुमार के हाथ में अचानक से तेज दर्द शुरू हो गया। उन्हें तुरंत पटना के मेदांता हॉस्पिटल में ले जाया जहां हड्डी विभाग के डॉक्टरों की टीम ने उनकी जांच की। नीतीश कुमार पिछले काफी समय से लगातार चुनाव में व्यस्त चल रहे थे। फिर एनडीए के महत्वपूर्ण घटक के तौर उनके दल जेडीयू और उनकी केंद्र सरकार के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान उन्होंने कई बार दिल्ली का दौरा किया। वह नौ जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नई कैबिनेट के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल रहे।

### कर्नाटक में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में उछाल, कांग्रेस सरकार का बड़ा फैसला

**बंगलूरू, एजेंसी**

कर्नाटक सरकार ने ईंधन की कीमतों को बढ़ाने का फैसला लिया है। कांग्रेस की सिद्धारमैया सरकार ने पेट्रोल के दाम तीन और डीजल की कीमतों को लगभग 3 ।05 रुपये प्रति लीटर बढ़ाने का फैसला लिया है। कांग्रेस सरकार के इस फैसले के मुताबिक कांग्रेस सरकार ने पेट्रोल का सेल्स टैक्स 29 ।84 फीसदी, जबकि डीजल का बिक्री कर 18 ।44 फीसदी बढ़ाने का फैसला लिया है। इस फैसले के असर के बारे में पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने बताया कि कर्नाटक में तत्काल प्रभाव से पेट्रोल की कीमत लगभग तीन रुपये जबकि डीजल की कीमत 3 ।05 रुपये बढ़ जाएगी।

इस फैसले का असर उपभोक्त-ाओं के आम इस्तेमाल वाली चीजों पर भी पड़ने की आशंका है। रोजमर्रा में इस्तेमाल की जाने वाली चीजों की कीमतों में उछाल आ सकती है। दैनिक आवाजाही के लिए लोग वाहनों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करते हैं। साथ ही पब्लिक ट्रांसपोर्ट में भी ईंधन की कीमतों को बढ़ने के बाद टिकट की दरें बदल सकती हैं। बता दें कि हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव 2024 के ठीक बाद देश की प्रमुख दूध कंपनियों ने कीमतों को बढ़ाने का एलान किया था। ऐसे में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ाने के फैसले से जनता पर और बोझ बढ़ने की आशंका है।

**जी7 देशों ने दिया पीएम मोदी को बड़ा तोहफा**

## हाई स्पीड रेलवे के साथ यूरोप से सीधे जुड़ेगा भारत

### जी7 में पीएम मोदी के भाषण से विश्व नेता गदगद

**बारी (इटली), एजेंसी**

जी7 शिखर सम्मेलन में बतौर आमंत्रित सदस्य शामिल होना भारत के लिए बेहद लाभकारी साबित हुआ है। जी7 देशों ने भारत को सबसे बड़ा तोहफा दिया है। इसके जरिये भारत को अब सीधे हाईस्पीड रेलवे के जरिये यूरोप से जोड़ने पर सहमति बनी है। इससे पश्चिम एशिया से लेकर यूरोप तक भारत का व्यापार कई गुना तक बढ़ जाएगा। बता दें कि जी7 के अंत में सात औद्योगिक देशों के समूह ने विज्ञप्ति जारी करके भारत-पश्चिम-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) जैसे ठोस बुनियादी ढांचे के प्रस्तावों को आगे बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता जताई है। साथ ही इस प्रोजेक्ट को सड़क मार्ग के अलावा हाईस्पीड रेलवे के साथ भी जोड़ने का प्लान तैयार किया है।

यह विज्ञप्ति शुक्रवार शाम को लक्जरी रिसॉर्ट बोर्गो एग्नाजिया में प्रथा के तौर पर पारिवारिक फोटो के बाद जारी की गई। इसके साथ जी7 ने कानून के शासन के आधार पर स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत के प्रति



प्रतिबद्धता भी दोहराई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेजबान इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लिया। विज्ञप्ति में कहा गया, हम गुणवत्तापूर्ण अवसंरचना और निवेश की खातिर परिवर्तनकारी आर्थिक गलियारे विकसित करने के लिए जी7 पीजीआईआई (वैश्विक अवसंरचना और निवेश के लिए साझेदारी) के ठोस प्रस्ताव, प्रमुख परियोजनाओं और पूरक प्रस्तावों को बढ़ावा देंगे, जैसे कि लोबिटो कॉरिडोर, लुजोन कॉरिडोर, मिडिल कॉरिडोर और भारत-पश्चिम एथिया-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर के लिए हमारे समन्वय तथा वित्तपोषण कार्यक्रम को मजबूत करना, इसके साथ ही ईयू ग्लोबल गेटवे, ग्रेट ग्रीन वॉल पहल और अफ्रीका के लिए इटली द्वारा शुरू की गई मैटेई योजना को तैयार करना।

भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना के तहत सऊदी अरब, भारत, अमेरिका और यूरोप के बीच एक विशाल सड़क, रेलमार्ग और पोत परिवहन तंत्र की परिकल्पना की गई है ताकि एशिया, पश्चिम एशिया और पश्चिम के बीच जुड़ाव सुनिश्चित किया जा सके। आईएमईसी को समान विचारधारा वाले देशों द्वारा चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के समक्ष रणनीतिक प्रभाव हासिल करने की पहल के रूप में भी देखा जा रहा है। बीआरआई एक विशाल संपर्क परियोजना है जो चीन को दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य एशिया, रूस और यूरोप से जोड़ती है। पिछले वर्ष दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान आईएमईसी को अंतिम रूप दिया गया था।

जी7 शिखर सम्मेलन में शुक्रवार को पीएम मोदी के संबोधन से विश्व नेता गदगद हैं। पीएम मोदी के संबोधन वाले कृत्रिम मेधा, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर विषय पर आयोजित आउटरीच सोशन के बारे में विज्ञप्ति में कहा गया, साझा जिम्मेदारी की भावना से हम अल्जीरिया, अर्जेंटीना, ब्राजील, भारत, जॉर्डन, केन्या, मॉरिटानिया, ट्यूनीशिया, तुर्किये और संयुक्त अरब अमीरात के नेताओं की भागीदारी का गर्मजोशी से स्वागत करते हैं।

इसमें कहा गया, हम अधिक निश्चितता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए अपने कृत्रिम मेधा प्रचालन से जुड़े दृष्टिकोणों के बीच तालमेल को बढ़ाने के अपने प्रयासों को आगे बढ़ाएंगे। इस दौरान हम यह भी ध्यान में रखेंगे कि जी7 सदस्यों के रुख और नीतिगत व्यवस्थाएं भिन्न हो सकती हैं ।शिखर सम्मेलन के एजेंडे की अन्य प्राथमिकताओं के अलावा, विज्ञप्ति में रूस के साथ जारी संघर्ष में यूक्रेन के लिए मजबूत समर्थन व्यक्त किया गया।

**आरएसएस ने अफवाहों को किया खारिज, कहा**

## संघ और भाजपा के बीच कोई मतभेद नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर-एसएस) ने भाजपा के साथ मतभेद की अफवाहों को खारिज कर दिया। इससे पहले पार्टी प्रमुख मोहन भागवत ने लोकसभा चुनाव में भाजपा के बहुमत से चूक जाने के बाद अपने पहले बयान में कहा था कि एक सच्चा सेवक कभी अहंकारी नहीं होता। आ-रएसएस सूत्रों ने यह जानकारी दी।

आरएसएस सूत्रों ने कहा कि संघ और उसके वैचारिक मार्गदर्शक भाजपा के बीच ₹कोई मतभेद नहीं है₹, जबकि विपक्षी नेताओं सहित लोगों के एक वर्ग ने दावा किया है कि भागवत की टिप्पणी भगवा पार्टी के नेतृत्व या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लक्षित थी। उन्होंने कहा कि ऐसी टिप्पणियां अटकलें हैं और संदर्भ से हटकर कही गई हैं।

**मोहन भागवत का बयान :** सोमवार को नागपुर में एक कार्यक्रम में भागवत ने कहा, एक सच्चा 'सेवक' मयार्दा बनाए रखता है। वह काम करते समय मयार्दा का पालन करता है। उसे यह अहंकार नहीं होता कि वह कहे कि 'मैंने यह काम किया'। केवल वही व्यक्ति सच्चा 'सेवक' कहलाता है। जवाब में आरएसएस



सूत्रों ने कहा, उनके (भागवत) भाषण में 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद दिए गए भाषण से बहुत अंतर नहीं था। किसी भी संबोधन में राष्ट्रीय चुनाव जैसी महत्वपूर्ण घटना का संदर्भ देना लाजिमी है।₹

**इसका गलत अर्थ निकाला गया :** उन्होंने कहा, लेकिन भ्रम पैदा करने के लिए इसका गलत अर्थ निकाला गया और इसे संदर्भ से बाहर ले जाया गया। उनकी 'अहंकार' वाली टिप्पणी कभी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या किसी भाजपा नेता के लिए नहीं थी।₹ आरएसएस सूत्रों ने भी अपने राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार द्वारा भाजपा के चुनाव प्रदर्शन को लेकर की गई आलोचना से खुद को अलग कर लिया। एक पदाधिकारी ने कहा कि यह उनकी निजी राय है और यह संगठन के आधिकारिक रुख को नहीं दर्शाता।

गुरुवार को जयपुर के निकट एक कार्यक्रम में कुमार ने कहा, जिस पार्टी (भाजपा) ने (भगवान राम की) भक्ति की, लेकिन अहंकारी हो गई, उसे 241 पर रोक दिया गया, लेकिन वह सबसे बड़ी पार्टी बन गई।₹ उन्होंने कहा, और जिनकी राम में कोई आस्था नहीं थी, उन्हें मिलाकर 234 पर रोक दिया गया।₹ उन्होंने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को मिली सीटों का हवाला दिया। अपनी टिप्पणी पर विवाद उत्पन्न होने के बाद कुमार ने शुक्रवार को कहा कि देश भाजपा के चुनाव प्रदर्शन और नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से खुश है।

**लोग भगवान राम के खिलाफ थे, वे सत्ता से बाहर हैं :** उन्होंने कहा, "इस समय, ताजा खबर यह है कि जो लोग भगवान राम के खिलाफ थे, वे सत्ता से बाहर हैं और जो भगवान राम के भक्त थे, वे सत्ता में हैं।" उन्होंने कहा, "पीएम मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की करेगा।" भागवत के भाषण को लेकर चल रही बहस के बारे में पूछे जाने पर कुमार ने कहा, ₹बेहतर होगा कि आप इसके बारे में संघ के अधिकृत पदाधिकारियों से पूछें।

## रांची पहुंचा मोहम्मद अली का पार्थिव शरीर

### डीसी ने सौंपा चेक

**रांची, सूत्रकार**

रांची के अली हुसैन की कुवैत की बहुमंजिली इमारत में जलकर मौत हो गई थी। उनका शव शनिवार को रांची पहुंचा। रांची के हिंदपीढ़ी निजाम नगर मक्का मस्जिद के समीप रहने वाले अली हुसैन (25 वर्ष) का शव शनिवार (15 जून) को रांची पहुंच गया।सुबह 9:20 बजे इंडिगो के विमान से अली हुसैन का शव रांची पहुंचा। जैसे ही शव को बाहर लाया गया, उसके पिता और अन्य परिजनों की आंखें नम हो गईं। अली हुसैन के परिजन पहले से एयरपोर्ट पर उसके शव के आने की प्रतीक्षा कर रहे थे। अली के परिजनों ने बताया कि उनके भाई आदिल हुसैन भी मक्का से लौट आए हैं। वह अभी दिल्ली में हैं। इंडिगो की अगली फ्लाईट से वह भी रांची पहुंचने वाले हैं। उनके आने के बाद अली को डोरंडा कब्रिस्तान में मिट्टी दी जाएगी।

रांची के उपायुक्त राहुल सिन्हा ने एयरपोर्ट पर जाकर अली के परिजनों को 5 लाख रुपए का चेक सौंपा।अली हुसैन का शव शुक्रवार (14 जून) को ही नई दिल्ली से रांची लाया जाना था, लेकिन कोच्चि से दिल्ली आने में विलंब की वजह से बॉडी को रांची नहीं लाया जा सका। शुक्रवार को ही वायुसेना के विशेष विमान से कुवैत से 45 भारतीयों के शव कोच्चि पहुंचे थे। यहां से शवों को नई दिल्ली लाया गया और वहां से सभी शवों को उनके गृहनगर भेज दिया गया। शव को परिवार को सौंप दिया गया है। राज्य सरकार की ओर से परिवार को 5 लाख रुपए की मदद दी जाएगी।

## छत्तीसगढ़ में मुठभेड़, 8 नक्सली की मौत

**रायपुर, एजेंसी**

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में शनिवार 15 जून को सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस हमले में कम से कम आठ नक्सली मारे गए। गोलीबारी में एक सैनिक की जान चली गई और दो अन्य घायल हो गए। पिछले दो दिनों से माड़ और नारायणपुर जिले में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। संयुक्त ऑपरेशन में नारायणपुर-कोंडागांव-कांकेर-दंतेवाड़ा डीआरजी, एसटीएफ और आईटीबीपी 53वीं बटालियन की फोर्स शामिल है।

सुरक्षा बल में नक्सलियों के खिलाफ सख्त कदम उठा रहे हैं और अपने नक्सल विरोधी अभियानों को मजबूत किया है। पिछले महीने



सुरक्षाबलों ने बीजापुर जिले के जंगलों में कम से कम 12 नक्सलियों को मार गिराया, हालांकि लंबे समय तक गोलीबारी जारी रही। वहीं कल सुरक्ष-ाकर्मियों की एक टीम सर्च ऑपरेशन पर निकली थी, तभी सुबह गंगालूर क्षेत्र के पीडिया गांव के पास नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई ।सेना के लौटने से पहले शाम तक ग्यारह घंटे तक मुठभेड़ चलती रही।

**छत्तीसगढ़ में नक्सलियों की शामत**

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साई ने ऑपरेशन में लगे सुरक्षा बलों और अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। छत्तीसगढ़ में जब से बीजेपी सत्ता में आई है, तब से नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई बढ़ी है और हम उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी भी चाहते हैं कि नक्सलवाद खत्म हो और लोगों को डबल इंजन सरकार का लाभ मिले।

बता दें कि छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनने के बाद अब तक 110 नक्सली मारे गए। इससे पहले 16 अप्रैल को सुरक्षा बलों ने कांकेर जिले में एक मुठभेड़ में 29 नक्सलियों को मार गिराया था, जबकि नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में एक अन्य मुठभेड़ में दस नक्सली मारे गए थे।

## आलमगीर सहित नौ की न्यायिक हिरासत 29 तक बढ़ी

**रांची, सूत्रकार**

रांची के पीएमएलए स्पेशल कोर्ट ने झारखंड के टेंडर कमीशन घोटाले में होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में बंद राज्य सरकार के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम सहित सभी नौ आ-रोपियों की न्यायिक हिरासत और 14 दिनों के लिए 29 जून तक बढ़ा दी है।

अन्य आरोपियों में तत्कालीन मंत्री के पीएस संजीव कुमार लाल, घरेलू सहायक जहांगीर आलम, झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व चीफ इंजीनियर बीरेंद्र राम शामिल हैं। शनिवार को इन सभी की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई।

बता दें कि ईडी ने टेंडर कमीशन घोटाले को लेकर ग्रामीण विकास विभाग के तत्कालीन चीफ इंजीनियर बीरेंद्र राम के ठिकानों पर वर्ष 2023 के फरवरी में छापेमारी की थी। इस दौरान खुलासा हुआ था कि विभाग में टेंडर के नाम पर करोड़ों का घोटाला



हुआ है।

ईडी ने उनकी 39.28 करोड़ की संपत्तियां जब्त कर ली थीं। मामले की जांच आगे बढ़ने पर बीते 6-7 मई को मंत्री के पीएस संजीव कुमार लाल, घरेलू सहायक जहांगीर आलम सहित कई अन्य के ठिकानों पर छापेमारी की गई और इस दौरान कुल मिलाकर करीब 37 करोड़ कैश बरामद किया गया।

इनसे पूछताछ के बाद घोटाले में तत्कालीन मंत्री आलमगीर आलम की संलिप्तता सामने आई। उनसे भी ईडी ने दो दिनों तक पूछताछ की और उसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

ईडी ने कोर्ट को बताया है कि ग्रामीण विकास विभाग में टेंडर कमीशन घोटाले में इंजीनियर, अधिकारी व मंत्री का एक संगठित गिरोह सक्रिय था। ईडी ने नमूने के तौर पर जनवरी महीने में पारित 92 करोड़ के 25 टेंडर के ब्यौरे से संबंधित एक पेपर भी कोर्ट में जमा किया है, जिसमें यह स्पष्ट लिखा हुआ है कि मंत्री आलमगीर आलम ने उक्त सभी 25 टेंडर में कमीशन के रूप में 1.23 करोड़ रुपये लिए थे।

## सिमडेगा में ट्रेलर ने बाइक सवार को लिया चपेट में, 2 की मौत, एक गंभीर

**सिमडेगा, सूत्रकार**

सिमडेगा में शनिवार को बड़ा सड़क हो गया। घटना कोलेबिरा थाना क्षेत्र के एनएच 143 पर स्थित मां गायत्री फ्यूल सेंटर के पास की है। जहां एक ट्रेलर ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक में सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

**बाइक पर सवार होकर जा रहे थे अंतिम संस्कार में शामिल होने**

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वे एक बाइक पर सवार होकर सिमडेगा के कोलेबिरा थाना क्षेत्र के नवा टोली में किसी के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में वे मां गायत्री फ्यूल सेंटर पर पेट्रोल लेने के लिए जैसे ही मुड़े विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही ट्रेलर ने बाइक सवार को सीधी टक्कर मार दी। जिससे बाइक में सवार दो लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दुर्घटना के बाद सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जमा हो गये।

**मृतकों की नहीं हो पायी है अब तक पहचान**

ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं, शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके थोड़ी देर बार ही उक्त ट्रेलर को भी जब्त कर लिया गया। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। खबर लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो पायी है लेकिन पुलिस ग्रामीणों की मदद से उसकी पहचान करने में जुटी है।

न्यूज फ्लैश

## कतरास महाप्रबंधक कार्यालय में लगा लोक अदालत, कई मामलों का किया गया निपटारा




कतरास, सूत्रकार

बीसीसीएल कतरास क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार में शनिवार को कैंप कोर्ट आफ स्पेशल लोक अदालत लगाया गया। लोक अदालत में जमीन विवाद तथा अन्य मामलों सहित दर्जनों मामले का निपटारा किया गया। लोक अदालत में कतरास एरिया, सिजुआ एरिया, बरोरा एरिया के कोयला अधिकारी शामिल हुए थे। लोक अदालत में मुख्य रूप से माननीय धनबाद न्यायालय की टीम, बीसीसीएल भू संपदा विभाग, विधि विभाग कोयला भवन की टीम मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## हल्की बारिश और हवा ने खोली बीसीसीएल बिजली विभाग की पोल



जोड़ापोखर, सूत्रकार

लोदना क्षेत्र के बरारी अनुभाग में हल्की बारिश और हवाओं ने बीसीसीएल के बिजली विभाग की पोल खोल दी है। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम की हुई हल्की बारिश से बरारी 16 नंबर में 11हजार की बिजली तार टूटकर गिर गयी,गनीमत रहा कि आसपास कोई घर नही था। नही तो बड़ी घटना से इंकार भी नहीं किया जा सकता था।आसपास के लोगों पोल से टूटी तार को देख कंपनी के बिजली विभाग को सूचना दी,इसके बाद फोरमैन बप्पा दत्ता और सुरेश कुमार के नेतृत्व में टीम बनाकर मरम्मती का कार्य कर बीजली बहाल हुई। मॉनसून के पूर्व कंपनी को पुराने तार व रास्ते मे पड़ने वाले पेड़ों की छटाई करने की जरूरत है। वरना अप्रिय घटना से इनकार नही किया जा सकता है।

## बरारी बंद रोपवे स्टोर में अपराधियों के दो गुटों में चली गोली, पुलिस ने किया इंकार

जोड़ापोखर, सूत्रकार

बीसीसीएल के लोदना एरिया अंतर्गत बरारी के बंद रोपवे के स्टोर में करोड़ों का लोह सामग्री पड़ी हुई हैं। जिसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी पूर्व में सीआईएसएफ जवानो की थी परन्तु कंपनी ने हटा लिया है। सुरक्षा हटने के बाद से ही लोहा चोरो के लिए रोजगार का साधन बन गया है। डिगवाडीह के रहने वाले छेदीया एवम सगरवा गैंग के युवकों को लोहा चोरी के काम में लगा दिया गया है। प्रत्येक दिन एक से दो ट्रक लोहे की चोरी हो रही है। वर्चस्व को लेकर दोनों गुटों के सदस्यों में आये दिन मारपीट की घटना की खबरें मिलते रही हैं,कई बार गोली चलने की बात भी सामने आई है। शुक्रवार की रात एक बार फिर स्टोर से लोहा निकालने को लेकर दो गैंग के सदस्य भीड़ गए, भिड़ंत के दौरवन गैंग के दो सदस्य ने हवाई फायरिंग कर 407 वाहन से लोहा लेकर फरार हो गए है। वही जोड़ापोखर पुलिस ने गोली चालन की घटना से इनकार करते हुए घटना पर ठीकरा बीसीसीएल प्रबंधन पर फोड़ दिया है की अगर चोरी होता है पूरी तरह कम्पनी जिम्मेदार हैं।

## मायुमो ने मनाई एके रॉय की 89वीं जयंती



धनबाद, सूत्रकार

शनिवार को मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने पुराना बाजार टेम्पल रोड स्थिर मासस के केंद्रीय कार्यालय टेंपल रोड एंव सेंट्रल हॉस्पिटल मोड़ सरायढेला में पूर्व सांसद कॉमरेड ए के रॉय की 89 वीं जयंती मनाई। मौके पर मायूमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा की कॉमरेड ए के राय एक सच्चे कम्युनिस्ट एवं क्रांतिकारी थे। उन्होंने तमाम शोषण से मुक्ति का रास्ता मार्क्सवाद का भारतीय करण बताया। कॉमरेड ए के राय ने कोयलांचल ही नहीं पूरे झारखंड में संघर्षों का एक मिसाल कायम की।झारखंड आंदोलन हो या माफिया संस्कृति, रंगदारी, भ्रष्टाचार के खिलाफ यहां के मेहनतकश जनता को गोलबंद कर व्यापक संघर्ष किया। कॉमरेड ए के राय यहां के मेहनतकश, दलित, उत्पीड़ित एवं वंचित लोगों का आवाज थे। वे तीन बार विधायक एंव तीन बार सांसद रहे इसके बावजूद स्व रॉय के पास अपनी किसी प्रकार की संपत्ति नहीं थी। मजदूर-किसानों की हक की लड़ाई में इतने रम गए थे कि उन्हीने शादी तक नहीं की। एक जोड़ी कपड़े, टायर का चप्पल पहन कर पूरा जीवन सादगी से व्यतीत किया।झारखंड सरकार से मांग किया गया कि बच्चों की पाठय - पुस्तक में कॉमरेड ए के राय की जीवनी वर्णित की जाए। इस दौरान मुख्य रूप से सुभाष सिंह, मायुमो जिला सचिव राणा चटराज, विश्वजित राय, सत्यनरायण सिंह, आर पी महतो, भक्तू महतो, समीर गोस्वामी, अशोक पास्-ावान, विमल महतो, बबलू रजक, राजन महतो, संजय महतो, मंटू महतो, शंकर दास, रोहित ठाकुर, धीरन दास आदि शामिल थे।

धनबाद के भूतपूर्व सांसद कॉमरेड ए के रॉय का जन्मदिन नुनुडीह में उनके निवास स्थान पर साधारण तरीके से मनाया गया। जिसमे लाल झंडा के नेता सबूर गोराई राय, राय साहब को बेटा की तरह सेवा करने वाली ललिता देवी उपस्थित रही। ज्ञात हो कि पिछले कुछ बर्षो से राय साहब बीमार रहते थे और पैरालाइसिस से भी शिकार हो गए थे जिसके कारण चलने फिरने में असमर्थ थे तो ललित ही उनकी बच्चो की तरह देखभाल करती थी। मौके पर वर्तमान पार्षद पति वीरेन गोराई,सोनू गोराई कृष्णा पासवान,रवि महतो,ऐ के घोषाल आदि मौजूद थे। इस मौके पर सबूर गोराई ने बताया कि आगामी 21 जुलाई को इनके पुण्यतिथि पर ब्लड कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

## मधुबन में झाड़ियों के बीच मिला अबोध बच्चे का शव, फैली सनसनी

मधुबन, सूत्रकार

मधुबन थाना क्षेत्र से लगभग एक वर्ष के बच्चे का शव झाड़ियों में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। खबर आग की तरह पूरे में फैल गयी और मौके पर लोगों की भीड़ इकठ्ठी हो गयी। बच्चे का शव बुदौरा बीसीसीएल कालोनी के पीछे रेलवे ट्रैक के समीप स्थित झाड़ियों में पड़ा मिला। इस बात की सूचना स्थानीय लोगों ने मधुबन पुलिस को दी। सूचना पाकर मधुबन थाना प्रभारी जयप्रकाश दल बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच कर रहे हैं जो भी तथ्य होंगे सामने लाया जाएगा। फिलहाल शव की शिनाख्त नही हो पाई है।

# अवैध कोयला लदा ट्रक पकड़ा, फोटो खिंचवाया और फिर ट्रक हुआ गायब

धनबाद, सूत्रकार

कभी कोयला चोरों पर कारवाई न करने तो कभी ताबड़तोड़ कारवाई करने को लेकर हमेशा चर्चा में रहने वाली धनबाद पुलिस एक बार फिर कोयला तस्करों के कारण चर्चा में बनी हुई है। ताजा मामला भागाबांध ओपी क्षेत्र का है। बीती रात करीब 2 : 30 बजे भागाबांध ओपी क्षेत्र में शिव मंदिर के समीप बोरे में भरे अवैध कोयले को ट्रकों में लोड किया जा रहा था। तभी इसकी सूचना किसी ने धनबाद के लॉ एंड ऑर्डर डीएसपी दीपक कुमार को दे दी।

सूचना मिलते ही उनके निर्देश पर लोयाबाद थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार की टीम ने छपामारी कर अवैध कोयला और ट्रक को जब्त कर लिया हालांकि पुलिस के पहुंचते ही सभी तस्कर और मजदूर फरार हो गए।



छपामारी के दौरान पुलिस ने ट्रक के साथ कारवाई करते हुए फोटो भी खिंचवाई और फिर लोयाबाद थाना प्रभारी ने जब्त कोयले और ट्रक को भागाबांध ओपी के हवाले कर दिया। वहीं सुबह जनकारी मिली कि ट्रक ड्राइवर अवैध कोयला लदा ट्रक लेकर फरार हो गया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में तरह तरह की चचार्यें होनी शुरू हो गयी हैं। कुछ लोगों का कहना है ट्रक भगाने में किसी रंजीत, विनोद और राजेन्द्र का नाम सामने आ रहा है। यह सभी कोयला तस्कर गिरोह के ही बताए जा रहे हैं। जबकि ट्रक मालिक का नाम राजकुमार अग्रवाल बताया जा रहा है। वहीं पुलिस के चंगुल से ट्रक गायब होने के बाद से भागाबांध पुलिस ओपी की भी भूमिका पर भी सवाल उठने शुरू हो गए हैं। लोगों का कहना है कि जब लोयाबाद थाना प्रभारी ने ट्रक को कब्जे में लेकर भागाबांध ओपी को सपुर्द कर दिया तो आखिर कैसे और किन परिस्थितियों में ट्रक वहां से गायब हो गया।

ऐसे लोगो चर्चा कर रहे हैं कि क-हीं दाल में काला के बजाय पूरी दाल ही तो काली कहावत वाली बात तो नहीं है। वही इस पूरे मामले में डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर दीपक ने पत्रकारों को बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। ट्रक भगाने में जिस किसी की भूमिका मिलेगी उसपर कारवाई की जाएगी।

## पुलिस ने चार चोरों को किया गिरफ्तार

जोड़ापोखर, सूत्रकार

जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के बरारी एक नम्बर तलाब के निकट चोरी की योजना बनाते एवम चोरी का माल बटवारा करते समय जोड़ापोखर पुलिस ने धावा बोलकर चार चोरों को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार कर लिया। इस बाबत शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने बताया है की शुक्रवार की रात पुलिस को सूचना मिली की बरारी एक न० तालाब के समीप अपराधियों का जमावड़ा लगा है। जिसके बाद छापामारी कर पुलिस ने आसनसोल के रहने वाले नसीम अंसारी, बरारी के रहने वाले सदाम अंसारी, आबिद अंसारी उर्फ धनु, मु-र्शिद अंसारी को पकड़ा है। उनके पास से लगद दो लाख रुपये सहित लाखों के चोरी किये गए सोने चांदी के जेवरात, कैमरा, कलाई घड़ी सहित कई मोबाइल बरामद किए गए हैं। थाना प्रभारी ने बताया है की ग्रुप के मुखिया सद्दाम को बोकारो, झरिया, बलियापुर, सुदामडीह थाना की पुलिस चोरी और डकैती के कई मामलों में लंबे समय से तलाश रही था।

## बकरीद को लेकर भाटडीह ओपी परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



महुदा, सूत्रकार

भाटडीह ओपी परिसर में शनिवार को बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी 17 जून को होनेवाला बकरीद को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में त्याग व बलिदान के पर्व बकरीद को सौहार्दपुर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया।

ओपी प्रभारी बालमुकुंद सिंह ने कहा कि त्योहार के दौरान आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देते हुए सभी की भावनाओं का सम्मान करें। इन्होंने कहा कि बकरीद में सोशल मीडिया पर पुलिस की नजर रहेगी। किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करने जैसे पोस्ट हरगिज न करें। उन्होंने कहा कि बकरीद पर्व मनाने के दौरान खाने पिने के बाद जो भी सामान बच जाये, उसे गडढे में दफन कर दें। ताकि कोई असमाजिक वर्गो द्वारा एक दुसरे में तनाव न पैदा कर सके। आपस में मिलजुल कर त्यौहार को मनायें। बैठक में ईद उल अजहा की नमाज और कुबार्नी की रस्म अदायगी के बारे में प्रशासन ने लोगों से जानकारी ली। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी बाल मुकुन्द सिंह ने किया। बैठक में एएसआई निरंजन प्रताप,एएसआई बाजुम हेमब्रम,मुखिया बदरूद्दीन अंसारी, पुर्व मुखिया संपद घोषाल,करामत अंसारी,अब्दुल समद अंसारी, सुषमा देवी, धनेश्वरी देवी, मेहन्दी हसन, रियाज अंसारी, मुन्ना खान, धनंजय महतो, कैलाश पासवान, अयुब खान आदि मौजुद थे।

### सूर्यदेव सिंह के 33वीं पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब

## हजारों लोगों ने मजदूर मसीहा को दी श्रद्धांजलि

झरिया, सूत्रकार

झरिया का कतरास मोड़ कार्यालय शनिवार को वीर सूर्यदेव सिंह अमर रहे के नारे से गूंज रहा था। जगह-जगह से जन सैलाब उमड़ पड़ा था। ढोल नगाड़े के थाप पर नाचते- गाते लोग पहुंचे थे। उमस भरी गर्मी में लोग अपने आप को इस कार्यक्रम में आने से रोक नहीं पाये। सुबह से लेकर शाम तक लोगों का आना- जाना लगा रहा। दूर दराज से लोग अपने लोकप्रिय विधायक स्व. सूर्यदेव सिंह की 33वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे।कोलियरी क्षेत्रों से पैदल एवं मोटरसाइकिल जुलूस के साथ बारी-बारी से लोगों का पहुंचना अपने आप में एक अलग ही नजारा दिख रहा था। कतरास मोड़ स्थित स्व. सूर्यदेव सिंह चौक से लेकर जमसं कार्यालय और आसपास के क्षेत्र समर्थकों से खचाखच भरा हुआ था। स्व. विधायक की पत्नी कुंती सिंह बहू भाजपा नेत्री रागिनी सिंह और सिद्धार्थ गौतम श्रद्धांजलि सभा में लोगं की मेजबानी में स्वयं खड़े थे। सबसे पहले सूर्यदेव सिंह की पत्नी व पूर्व विधायक कुंती सिंह ने श्रद्धांजलि दी। उनके साथ विधायक संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह, पुत्री राज नंदनी, पुत्र सूर्यांश, किरण देवी ने भी श्रद्धांजलि दी। इनके



साथ धनबाद के पूर्व सांसद पी एन सिंह, विधायक राज सिन्हा पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल पूर्व सांसद रविन्द्र पांडेय भाजपा नेता नंदू अग्रवाल एलबी सिंह सहित अन्य नेताओं ने भी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कतरास मोड़ कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन कर लोगों ने रक्तदान किया। वहीं परिवार के सदस्यों ने पौधारोपण किया। लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। रागिनी सिंह ने कहा कि 33 साल के बाद भी विधायक जी को चाहने वालों में कोई कमी नहीं आई है। भीषण गर्मी में लोग श्रद्धांजलि देने पहुंच रहे है। विधायक जी के जमाने में जितना प्रेम और स्नेह आम जनता ने दिया, आज भी वही समय मिल रही है। उनके चाहने वालों को हम पूरे परिवार छाया की तरह उनके साथ है। जीते जी ऐसे लोगों के लिए हर वक्त खड़े रहेंगे। युवाओं को खास कर के रागिनी सिंह की ओर झुकाव देखा गया। युवा सेल्फी लेते रहे। रागिनी सिंह ने सभी का स्वागत किया। जमसं के संयुक्त महामंत्री व विधायक संजीव सिंह के छोटे भाई सिद्धार्थ गौतम उर्फ मनीष सिंह ने कहा कि उनका एवं उनका परिवार का हमेशा पिता की तरह जनता की सेवा में तत्पर है। कोयलांचल में जब भी कुछ होता है सूर्यदेव सिंह की चर्चा करने से लोग पीछे नहीं हटते। झरिया की जनता की हर सुखदुख में हमेशा साथ रहूंगा। मौके पर मुख्य रूप से संतोष सिंह,अखिलेश सिंह, बाबू जैना,रंजीत रवानी के साथ सैकड़ो लोग अहम भूमिका निभाते हुए दिखे दिखे।

## रेल आंदोलनकारियों ने कतरासगढ़ स्टेशन पर मनाया 8वां विरोध दिवस

### डीजीएमएस द्वारा डीसी लाईन को आग का खतरा का बयान फर्जीः विजय झा

कतरास, सूत्रकार

कतरास रेल आंदोलनकारियों ने शनिवार को कतरासगढ़ स्टेशन पहुंचकर 8वां विरोध दिवस मनाया। इस दौरान दर्जनो आंदोलनकारी राष्ट्रीयध्वज के साथ स्टेशन पहुंचे। आंदोलनकारी बिजय झा ने कहा कि भारत सरकार ने डीसी रेल लाईन के नीचे आग होने का झूठा रिपोर्ट दिख-ाकर 15 जून 2017 को बंद कर दिया था। लेकिन यहां की जनता ने करीब 20 महिना तक लंबा अहिंसात्मक आंदोलन चलाया। मजबूर होकर स-रकार को धनबाद-चंद्रपुरा रेल लाईन को पुनः चालू करना पड़ा। उस काले दिन को याद कर आंदोलनकारी आज




भी सरकार और सरकारी तंत्र की कुरूतियों का विरोध करते है। श्री झा ने कहा कि इस मार्ग पर डीजीएमएस के उचाधिकारी चुनाव से पहले चुप्पी साधे हुए थे और चुनाव संपन्न होते ही सरकार की तोता के तरह बोलने लगे हैं कि डीसी रेल लाइन को आग से खतरा है। आग की बात पुरी तरह से फर्जी हैं। सरकार को खुश कर करने वाली बात है। अधिकारी सुरक्षा की बात करे। अगर आग है तो कैसे बचाव हो इस पर बोले। अन्यथा कतरास की जनता डीजीएमएस कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होगी। रेल आंदोलनकारी राजेंद्र प्रसाद राजा ने कहा कि रेल बंदी का साजिश जब तक चलेगा तब तक यहां की जनता विरोध करती रहेगी। मौके पर बिजय कुमार झा, झामुमो नेता राजेंद्र प्रसाद राजा, परवेज इकबाल, गौतम मंडल, उमेश ऋषि, नरेश दास, विक्की मालाकार आदि उपस्थित थे।

## नाली निर्माण में बाधा डालने वाले के खिलाफ ग्रामीण हुए गोलबंद

कतरास, सूत्रकार

तेतुलमारी सुभाष नगर के ग्रामीणों ने मुहल्ला में बैठक कर बीसीसीएल कर्मी संजीव यादव पर नाली निर्माण कार्य को बाधित करने एवं मुहल्ला वासियों पर गलत आरोप लगाने के विरोध में सामु-हिक हस्ताक्षर युक्त आवेदन संबंधित अधिकारियों देकर कारवाई कि मांग करने का निर्णय लिया। ग्रामीणों का कहना था कि जब से संजीव ने सुभाष नगर में जमीन खरीदा है तब से वह किसी ने किसी बात को लेकर हमेशा मुहल्ले वासियों से उलझते रहता है। नाली निर्माण कार्य में जब उसने अड़चन डाला तो स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आसपास के गणमान्य लोगों के उपस्थित में सरकारी जमीन पर नाली निर्माण का लिखित समझौता हुआ। जिसमें संजीव यादव खुद हस्ताक्षर किया था। बाद में जब नाली निर्माण कार्य शुरू हुआ तो



फिर से उसने अड़चन लगा दिया। उसके पश्चात अब झुठा आरोप लगा कर मुहल्ले वासियों को परेशान कर रहा है। ग्रामीणों का कहना था कि सुभाष नगर के अधिकतर लोग रोजाना मजदुरी कर अपना भरन पोषण करतें हैं। वही संजीव अपने दबंगई दिखाते हुए हमलोग का मुलभुत सुविधा से वंचित करना चाहता हैं। सरकार स्वच्छता के लिए गांव गांव में जागरूकता अभियान चला नाली, सड़क, शौचालय का निर्माण करवा रही है। वही संजीव द्वारा सरकारी कार्य बाधित कर उल्टा स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं मुहल्ला वासियों पर रंगदारी मांगने का गलत आरोप लगा कर अधिकारियों को दिग्भ्रमित कर रहा है। उन्होंने कहा कि सर्व प्रथम सभी संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर समस्या का समाधान का मांग किया जाएगा। आवेदन के एक सप्ताह बाद भी समाधान नहीं हुआ तो सुभाष नगर के लोग सड़क पर उतर आंदोलन को बाध्य होंगे।

## सीआईएसएफ व पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में जब्त किया अवैध कोयला

### ताबड़तोड़ कार्रवाई के बावजूद एक तस्कर बेखौफ चला रहा है अपना सम्राज्य

कतरास, सूत्रकार

अंगार पथरा कांटा पहाड़ी में सीआईएसएफ एवं अंगार पथरा ओपी पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध कोयला जप्त कर बिसीसीएल प्रबंधक को सौंपा।छापेमारी के संबंध में सीआईएसएफ अधिकारी कुंदन साहनी ने बताया कि सीमेंट के बोरी में अवैध रुप से परियोजना के उपर कोयला भंडारण की सूचना प्राप्त हुई थी, उसी संदर्भ में आला अधिकारियों के निर्देश पर उक्त कारवाई किया गया। उन्होंने बताया कि छापेमारी में करीब दो जगहों से करीब 35 टन कोयला जब्त किया गया है। जब्त कोयले को बिसीसीएल प्रबंधन को सौंप दिया गया है। बता दें कि अंगार पथरा ओपी क्षेत्र में कई जगहों पर अवैध कोयला का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। सीआईएसएफ एवं अंगार पथरा ओपी पुलिस ने संयुक्त रूप से एक माह में करीब चार से पांच बार कांटा पहाड़ी में छापेमारी किया मगर अवैध कोयला चोर तत्काल फीर से उसी स्थल पर कोयला भंडारण कर देते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इन क्षेत्रों में छापेमारी तो महज खानापूर्ति के लिए होती है। छापेमारी दल अवैध कोयला देख उसे छोड़कर चले जाते हैं। इस संबंध में छापेमारी दल का कहना था कि जहां तक वाहन जाता है वहां से अवैध कोयला का उठाव कर पाते हैं। और वैसी जगह जहां से



मजदूरों से कोयला उठाव कराना पड़ेगा उसे नहीं जब्त कर पाते क्योंकि हमारे पास मजदूर नहीं है।

वही दूसरी ओर बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र के सीआइएसएफ क्युआरटी टीम ने शनिवार को बाघमारा पुलिस की मौजूदगी में गुप्त सुचना के आधार पर नदखुरकी मजदूर धौड़ा में छापेमारी कर लगभग तीस टन अवैध कोयला जब्त किया। मौके पर सिक्योरिटी नोडल इंचार्ज राजीव रंजन, बाघमारा थाना के अवर निरिक्षक सुमन कुमार पांडेय, सीआइएसएफ के इंस्पेक्टर अजय कुमार मांझी एवं बल के जवान शामिल थे। वहीं दूसरी ओर इस छपामारी के बाद से क्षेत्र में तरह तरह की चर्चा फैल गयी है। लोगों का कहना है कि हाल के दिनों में बीसीसीएल प्रबन्धन, सीआईएसएफ और स्थानीय पुलिस द्वारा लगातार अवैध कोयला कारोबारी के खिलाफ कारवाई की जा रही है यह अच्छी बात है वहीं दूसरी ओर पुराने तस्कर पी महथा के ठिकानों पर इनकी नजर क्यों नहीं पड़ रही है। दबे जुबान लोगों का कहना है कि जिला प्रशासन द्वारा लगातार इतनी ताबड़तोड़ कारवाई के बावजूद उक्त तस्कर महथा बेखौफ होकर अपना अवैध सम्राज्य अभी भी चला रहा है। अब ऐसे में स्थानीय लोगों में यह चर्चा होना स्वभाविक है कि आखिर यह रिश्ता क्या कहलाता है?

न्यूज फ्लैश

## ज्वेलरी शॉप में ग्राहक बनकर जेवर चोरी करने पहुंचा युवक, लोगों ने पकड़ा




**रांची, सूत्रकार**

ज्वेलरी शॉप में ग्राहक बनकर जेवर चोरी करने पहुंचे युवक को लोगों ने पकड़ लिया। यह घटना जिले के अरगोड़ा थाना क्षेत्र में शनिवार को घटी है। एक युवक जेडी ज्वेलर्स में ग्राहक बनकर जेवरात देखने आया। वह सोना चोरी कर भागने की कोशिश कर रहा था। लेकिन लोगों ने उसे खदेड़ कर पकड़ लिया। उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। जान लें कि इन दिनों अपराधियों और चोरों के निशाने पर ज्वेलरी शॉप हैं। पिछले 13 जून को बाइक सवार अपराधियों ने पंडरा ओपी क्षेत्र में ज्वेलरी शॉप में लूट की घटना को अंजाम दिया था।

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया बड़ा तालाब का निरीक्षण, सफाई करने का दिया निर्देश



**रांची, सूत्रकार**

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज शनिवार को बड़ा तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा व नगर निगम के अधिकारियों को पूरी तरह से तालाब की सफाई करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि तालाब की सफाई में जो भी संसाधन की आवश्कता होगी उसे उपलब्ध कराया जायेगा। इस दौरान झील बचाओ अभियान समिति के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि तालाब की निचले स्तर से सफाई करनी होगी, तभी यहां रहने वाले लाखों लोगों को बदबू से राहत मिलेगी। यहां रहने वाले छात्र-छात्राओं, दुकानदारों और कॉलेज जाने वाले बच्चों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। कहा कि अगर यही स्थिति बनी रही तो इलाके में महामारी की फैल सकती है। मौके पर पूर्व उप महापौर संजीव विजय वर्गीय, उपेंद्र रजक, लंकेश सिंह, नंदू अरोड़ा, मुकेश मुक्ता, इंदर सिंह, श्यामनंदन प्रसाद, शक्ति सिंह, केकी कुमार, मो जाबेद, रमेश केडिया, मनोज शर्मा, कैलाश सहनी समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## रांची की एनआईआर महिला से 29.94 लाख की साइबर ठगी मामले में एक और अपराधी पकड़ाया

**रांची, सूत्रकार**

रांची की एनआईआर महिला से 29.94 लाख की साइबर ठगी करने के मामले में एक और साइबर अपराधी गिरफ्तार हुआ है। सीआईडी के साइबर सेल की टीम ने असम के रहने वाले फरहादुर रहमान नाम के साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में साइबर सेल रवि शंकर द्विवेदी उर्फ राजू और वीरेंद्र नाम के साइबर अपराधी को गिरफ्तार कर पहले जेल भेज चुकी है। गिरफ्तार आरोपियों के स्वीकारोक्ति बयान व अनुसंधान में पता चला कि चीन से ऑपरेट करने वाले एक बड़े अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराधियों के गिरोह के लिए काम करने वाले साइबर अपराधी भारत में सक्रिय हैं। वे अलग-अलग बैंकों के कॉरपोरेट इंटरनेट बैंकिंग खाता खोलकर इस प्रकार के इंवेस्टमेंट स्कैम करवाते हैं। साइबर अपराधी ने महिला से व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया। महिला को इंस्टाग्राम पर वीडियो लाइक कर स्क्रीनशॉट भेजने का पार्ट टाईम जॉब का ऑफर दिया। महिला ने जब यह काम करना शुरू कर दिया, तो उसे टास्क दिया जाने लगा। हर टास्क के लिए पैसे मिलने लगे। इससे महिला को आगे भी यह काम करते रहने का प्रोत्साहन मिला। इसके बाद साइबर अपराधी ने महिला को टेलीग्राम आईडीं के माध्यम से संपर्क कर टास्क और हाइअर रेटिंग के लिए संपर्क किया गया। इस टेलीग्राम प्रोफाईल के माध्यम से दिये गये टास्क को करने के लिए इन्हें विभिन्न बैंक खाते में पैसे डालने को बोला गया। उसके बाद उनसे एक वेबसाइट अकाउंट बनाने को कहा गया। जहां महिला के द्वारा किये गये इन्वेस्टमेंट का प्रॉफिट दिखाई देता था। लेकिन महिला को प्रोफिट नहीं मिला। इस प्रकार महिला से कुल 29.94 लाख रुपए की ठगी कर ली गयी। इसके बाद महिला ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।

## डीसी ने बैठक की, सभी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक का सख्ती से निरीक्षण करने का निर्देश



**रांची, सूत्रकार**

डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने आज शनिवार को समाहरणालय में जिला सलाहकार समिति पीसी एंड पीएनडीटी की बैठक की। डीसी ने वैसे क्लीनिक जो अनिबंधित हैं और कोई अप्रशिक्षित व्यक्ति अल्ट्रासाउंड का कार्य कर रहा है, उस पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीसी ने सभी अल्ट्रासाउंड संस्थान का सख़्ती से निरीक्षण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों दिया। डीसी ने कहा कि लिंग निर्धारण करने वाले क्लीनिक पर पीसी एंड पीएनडीटी प्रावधान के तहत कार्रवाई करें, जिसमें पांच वर्ष जेल एवं 50 हजार रुपये दंड का भी प्रावधान है। बैठक में सिविल सर्जन (सदर) रांची डॉ प्रभात कुमार, उपाधीक्षक सदर अस्पताल रांची डॉ एके खैतान, लीगल एडवाइजर झारखंड उच्च न्यायलय भास्कर त्रिवेदी, सहायक नोडल पदाधिकारी पीसी एंड पीएनडीटी रांची, पीसी एंड पीएनडीटी डॉ।अभिषेक, डॉ। बासुकी, डॉ ए सिन्हा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## खासमहाल जमीन को दिखाया रैयती, नपे राज्य सेवा के अफसर

**रांची, सूत्रकार**

राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर राजीव कुमार सिंह पर गाज गिरी है। सरकार ने राजीव कुमार सिंह के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है। हजारीबाग सदर के तत्कालीन अंचल अधिकारी राजीव कुमार सिंह पर हजारीबाग कैंटोनमेंट खाता संख्या-68, प्लॉट संख्या-366-387, रकबा क्रमशः 0.24 एकड़ और 0.28 एकड कुल रकबा 0.52 एकड़ भूमि, जो खास महाल थी, उसे रैयती भूमि दिखाकर जमाबंदी करने का आरोप है। इसके अलावा सरकारी भूमि का गलत तरीके से खरीद-बिक्री को प्रोत्साहन देने और सरकारी भूमि को नुकसान पहुंचाकर सरकारी लीज भूमि से प्राप्त हाने वाला राजस्व को क्षति पहुंचाने का भी आरोप है। प्रथम दृष्ट्या में इनके ऊपर लगे आरोप प्रमाणित पाये गये हैं।

### बकरीद को लेकर राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

# भारी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती



**रांची, सूत्रकार**

बकरीद के त्योहार को लेकर झारखंड भर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। राज्य के संवेदनशील जिलों गिरिडीह, हजारीबाग, पलामू, जमशेदपुर और रांची में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य पुलिस मुख्यालय ने जिला एसपी को अपने जिलों में संवेदनशील स्थानों की पहचान करने का आदेश दिया है और चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर उसी अनुपात में बलों की तैनाती करने का निर्देश दिया गया है। राजधानी रांची, जमशेदपुर, गिरिडीह और हजारीबाग में पहले से ही अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है। 16 जून से 18 जून तक जिलों में अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी। राज्य पुलिस मुख्यालय ने जिला एसपी को ऐसे लोगों की पहचान करने का निर्देश दिया है जो पहले धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने में शामिल रहे हैं और उनके खिलाफ पूर्व में मामले भी दर्ज हैं। जरूरत पड़ने पर निरोधात्मक कार्रवाई करने का भी निर्देश पुलिस मुख्यालय ने दिया है। सभी जिलों के एसपी को शांति समिति से जुड़े लोगों के संपर्क में रहने का निर्देश दिया गया है और स्थानीय थाना प्रभारियों को भी थाने के शांति समिति के सदस्यों के संपर्क में रहने का निर्देश दिया गया है। वहीं, बकरीद को लेकर रांची रेंज के सभी जिलों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि रांची रेंज के सभी जिलों रांची, सिमडेगा, खूंटी, गुमला और लोहरदगा में 16 जून से ही अतिरिक्त बलों की तैनाती कर दी जाएगी, जो बकरीद के दूसरे दिन यानी 18 जून तक रहेगी। रांची के सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि सभी संवेदनशील जगहों पर रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की गई है, इसके अलावा झारखंड पुलिस के रैप, जैप, आईआरबी के जवानों को भी राजधानी में तैनात किया गया है। एसएसपी के मुताबिक क्विक रिस्पांस टीम को भी अलर्ट पर रखा गया है, अगर कहीं से भी आपातकालीन व्यवस्था करनी होगी तो वहां दस्ता तुरंत मूव करेगा। इस बार पूरी राजधानी पर नजर रखने के लिए 70 जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इनकी निगरानी के लिए 50 से ज्यादा जवानों को तैनात किया गया है। रांची एसएसपी की ओर से आदेश जारी किया गया है कि अगर कोई शांति और सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करता है तो उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने इलाकों में भ्रमणशील रहने का आदेश दिया गया है।

### 29 जून तक चलेगा आयुष्मान पखवाड़ा

## लाभुकों के ई केवाईसी के माध्यम से बनेंगे आयुष्मान कार्ड

**रांची, सूत्रकार**

डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को समाहरणालय में राज्य में आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत आच्छादित लाभुकों का ई केवाईसी के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए बैठक की। बता दें कि आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर राज्य में 15 से 29 जून तक आयुष्मान पखवाड़ा चलाया जा रहा है। बैठक में सिविल सर्जन (सदर) रांची डॉ प्रभात कुमार, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ एके खैतान, सहायक नोडल पदाधिकारी डॉ। अभिषेक, डॉ। बासुकी एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में आधिकारियों को निर्देश दिये गये कि सभी प्रखंडों एवं नगर निगम क्षेत्र में प्रत्येक दिन कैंप का आयोजन किया जायेगा। जो परिवार गुलाबी,पीला, हरा राशन कार्डधारी होंगे वे परिवार आयुष्मान भारत अंतर्गत आयुष्मान कार्ड के लिए योग्य होंगे। लाभुकों को निबंधन के लिए प्रज्ञा केन्द्र में आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं मोबाइल न। के साथ उपस्थित होना आवश्यक होगा। सहिया / राशन डीलर / एसएचजी के माध्यम से अधिक से अधिक योग्य



परिवारों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करेंगे। सभी प्रज्ञा केन्द्रों के लिए प्रतिदिन कम से कम 50 योग्य परिवारों का लक्ष्य निर्धारित किया जाये। उक्त लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने का निर्देश सीएससी प्रबंधक को दिया गया। कैंप की सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित करने की व्यवस्था अपने स्तर से सुनिश्चित करने को कहा गया। ताकि अधिक से अधिक लोग कैंपो में उपस्थित हो सकें। कहा गया कि सहिया / राशन डीलर/ रलऋकी महिलाएं जो अपने स्तर से कार्ड बना रही हैं, वो कार्ड बनाती रहेंगी। कम से कम 10 आयुष्मान कार्ड प्रतिदिन और जो कार्ड बनाने में असमर्थ हैं, वो कम से कम 10 लोगों को प्रतिदिन निकतम प्रज्ञा केन्द्रों में लाना सुनिश्चित करेंगे। सहिया के द्वारा घर घर जाकर सर्वे किये जाने एवं लाभार्थियों की सूची तैयार किये जाने का आदेश दिया गया।

### झारखंड को मिलेगी एक और वंदे भारत ट्रेन की सौगात

## टाटानगर रेलवे स्टेशन से चलेगी, बनेंगे तीन नये प्लेटफॉर्म

**जमशेदपुर, सूत्रकार**

टाटानगर रेलवे स्टेशन से जल्द ही वंदेभारत ट्रेन चलेगी। इसका काम प्रगति पर है। बोर्ड स्तर पर फैसले के बाद यह कहां से कहां तक चलेगी, इस्-ाकी जानकारी दी जायेगी। यह जानकारी शनिवार को दक्षिण-पूर्व रेलवे के जीएम अनिल कुमार मिश्रा ने दी। शनिवार को टाटानगर स्टेशन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पत्रकारों से ये बातें कहीं। जीएम ने कहा कि दक्षिण पूर्व रेलवे को कई वंदेभारत ट्रेन मिली हैं। उन्होंने कई विकास योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि टाटानगर रेलवे स्टेशन पर तीन नये प्लेटफॉर्म और आदित्यपुर में दो अतिरिक्त प्लेटफॉर्म बनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि टाटानगर स्टेशन के री-डेवलपमेंट का काम जल्द शुरू होगा। यह इसीपी कॉन्ट्रैक्ट के अधीन है, जिसके तहत कॉन्ट्रैक्टर को ही डिजाइन और वर्क करना है। रेलवे को सिर्फ अपनी जरूरतें बतानी है। री-डेवलपमेंट के बाद टाटानगर स्टेशन 108 मीटर लंबा और 23 मीटर चौड़ा हो जायेगा। बीच में 36 मीटर का फुटओवरब्रिज होगा और फूड प्लाजा भी बनेगा। साउथ और नार्थ एरिया में मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स भी होगा। वर्तमान में पांच प्लेटफॉर्म हैं, जिन्हें बढ़ाकर आठ किया जायेगा। इसके लिए जमीन अधिग्रहण की जरूरत नहीं होगी। पर्याप्त जमीन खाली पड़ी है। यहां जो खाली भवन हैं या अतिक्रमित हैं, उसे हटाया जायेगा। अतिक्रमण हटाया जायेगा। अगर पुनर्वास की जरूरत होगी, तो यह राज्य सरकार का मामला है। रेलवे की ओर से पुनर्वास का कोई प्रावधान नहीं है। जीएम ने बताया कि सालगाझुड़ी से आदित्यपुर तक तीसरी लाइन का काम चल रहा है। इस माह के अंत तक आदित्यपुर यार्ड की री-मॉडलिंग का काम पूरा हो जायेगा। सालगाझुड़ी वेस्ट तक के डेवलपमेंट का काम एडवांस स्थिति में है। सितंबर या अक्तूबर तक इसकी कमीशनिंग पूरी हो जायेगी। टाटानगर से खड़गपुर तक तीसरी लाइन का काम 15 अक्तूबर तक पूरा कर लिया जायेगा। जनवरी 2025 तक तीसरी लाइन का काम पूरा हो जायेगा। खड़गपुर से आदित्यपुर होते हुए झा-रसुगुड़ा तक रेल लाइन बिछाने का काम पूरा हो जायेगा। उन्होंने कहा कि दक्षिण-पूर्व रेलवे में यात्री ट्रेनें और मालगाड़ियों के परिचालन को सुचारू करने के लिए चौथी लाइन तैयार की जायेगी। हावड़ा से झारसुगुड़ा तक चौथी लाइन का काम शुरू होगा, जो हावड़ा, खड़गपुर से भद्रक तक होगी। चांडिल से आद्रा और आसनसोल तक तीसरी और चौथी लाइन बनेगी। इससे ट्रेनें समय पर चलेंगी और मोबिलिटी में आसानी होगी। जीएम ने कहा कि यह सही है कि ट्रेनें देर से चल रही हैं। अप्रैल से मई माह में कई स्पेशल ट्रेनें चली थीं। रेगुलर ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित हुआ। अब इसको दुरुस्त करने का काम चल रहा है। देश को अगर विकास के पथ पर ले जाना है, तो संसाधन तैयार करना होगा। इसके कारण ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। समय पर ट्रेनें चले, यह सुनिश्चित कराया जायेगा। अप्रैल से जून तक का समय काम का होता है। जून से अक्तूबर तक बारिश के कारण काम नहीं हो पाता है। इसके बाद फेस्टिव सीजन शुरू हो जाता है। इस कारण काम में दिक्कत होती है। वैसे तय किया गया है कि 120 दिन पहले किसी भी विकास काम के कारण ट्रेनें रद्द होने की सूचना दे दी जायेगी, ताकि यात्री अपनी सहूलियत के अनुसार टिकटों की बु-किंग कर सकें। बालेश्वर हादसे के बाद कवच को लॉन्च किया गया था। दक्षिण-पूर्व रेलवे में भी कवच सिस्टम लागू किया जा रहा है। 160 केएमपीएच वाले एरिया में अभी दिल्ली से हावड़ा और दिल्ली से मुंबई तक कवच लगाया जा रहा है, ताकि ट्रेनों की दुर्घटनाओं को रोका जा सके। दक्षिण-पूर्व रेलवे में इसको लगाने के लिए सर्वे का काम पूरा होने वाला है।

## जमीन घोटाले मामले में दर्जनों बैंक खाते फ्रीज रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मचारी बने गवाह

**रांची, सूत्रकार**

जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन से जुड़े मामले में ईडी ने जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाने वाले सिंडिकेट के सदस्यों के दर्जनों बैंक खाते फ्रीज कर दिए हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस मामले में रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के प्रधान सहायक असित बरन दास, रांची नगर अंचल के सीओ मुंशी राम समेत दो दर्जन बैंक अधिकारी गवाह बन गए हैं। ईडी ने रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के दो कर्मचारियों संजीत कुमार और तापस घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस की ओर से हेयर स्ट्रीट थाने में एक मामला भी दर्ज कराया गया था, जिसमें रांची की जमीनों से जुड़े फर्जीवाड़े की जांच की जा रही है। ईडी ने अपनी चार्जशीट में बताया है कि जमीन घोटाला मामले में प्रियरंजन सहाय और उनकी पत्नी के तीन बैंक खातों में जमा 24।90 लाख रुपये और छापेमारी के दौरान मिले छह लाख रुपये फ्रीज कर दिए गए हैं। वहीं नगर अंचल के लिपिक मनोज कुमार यादव का बैंक खाता भी फ्रीज कर दिया गया है। जमीन सिंडि-केट के सदस्यों ने मनोज यादव और उनकी पत्नी रेखा यादव के बैंक खातों




में अलग-अलग तिथियों में कुल 5।07 लाख रुपये जमा कराए थे। ईडी ने अपनी जांच में पाया है कि प्रियरंजन सहाय के इंडियन बैंक खाते में जमीन सिंडिकेट के लोगों ने 11 सितंबर 2019 से 11 जुलाई 2023 के बीच 15।18 लाख रुपये जमा कराए थे। आरोपियों ने स्वीकार किया है कि ज्यादातर सौदे नकद में हुए थे। प्रियरंजन सहाय के खाते से जमीन मालिक के वंशज दिलेश्वर महतो, दिलनाथ महतो, गबेश्वर महतो से क्रमशः 5 लाख रुपये, 10 लाख 87 रुपये, 10 लाख 16 रुपये, 2।50 लाख रुपये लिए गए। 18 फरवरी 2022 को कुमार राजश्री के खाते से 30 लाख रुपये और कुशवाहा इंजीकॉन के खाते से 10 लाख रुपये जमा किए गए। ईडी ने बताया है कि पैसों का लेन-देन 4।83 एकड़ जमीन के लिए किया गया था। जिसका एग्रीमेंट शेखर कुश-ावाहा और प्रियरंजन सहाय ने किया था। जबकि विपिन सिंह के खाते में 1 फरवरी 2019 से 30 दिसंबर 2023 तक 15।84 लाख रुपए जमा किए गए। जमीन के लिए सादे कागज की व्यवस्था करने वाले रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मचारी तापस घोष और उनकी पत्नी के खाते में अलग-अलग तिथियों में कुल 8 लाख रुपए जमा किए गए। 6 अप्रैल 2022 को रांची से एक ही दिन में तापस के खाते में कुल 4।80 लाख रुपए जमा किए गए।

## छत्तीसगढ़ के साइबर अपराधी रांची से कर रहे थे ठगी, गिरफ्तार

**रांची, सूत्रकार**

राजधानी रांची में अब छत्तीसगढ़ के साइबर अपराधी भी सक्रिय हो गए हैं। छत्तीसगढ़ के साइबर अपाचे के गिरोह को रांची पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। अपराधियों की पहचान छत्तीसगढ़ के सरजुआ जिले के रहने वाले अरमान नामदेव, करण नामदेव, ललित सोनी और और प्रत्युष श्रीवास्तव के रूप में हुई। गिरफ्तार साइबर अपराधियो के पास से 01 लैपटॉप, 25 एटीएम, 07 चेकबुक, 24 पासबुक, 22 मोबाइल, 04 सिम, वाईफाई सहित अन्य सामान बरामद हुए। यह सभी अपराधी ऑनलाइन गेमिंग और सट्टा के नाम पर ठगी कर रहे थे। रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिंह को मिली सूचना के बाद रांची के सदर थाना इलाके से छत्तीसगढ़ के चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार साइबर अपराधी किराए पर फ्लैट लेकर रह रहे थे और यहां से ही ठगी के नेटवर्क को ऑपरेट कर रहे थे।



साइबर अपराधी पिछले एक महीने से किराए के मकान में रहकर ऑनलाइन गेमिंग और सट्टा खिलवा कर ठगी को अंजाम दे रहे थे। रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित ईशा अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 101 में साइबर अपराधी अपना डेरा जमा रखे थे। जिससे सिर्फ रांची ही नहीं बल्कि दूसरे राज्यों के लोगो को भी अपना शिकार बना रहे थे। साइबर अपराधी सट्टा, ऑनलाइन गेमिंग एप और फोन कॉल कर लोगो से ठगी कर रहे थे, जिसकी जानकारी पुलिस को लगी और पुलिस की टीम ने फ्लैट में छापेमारी करने पहुंची। जहां से चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियो के पास से 01 लैपटॉप, 25 एटीएम, 07 चेकबुक, 24 पासबुक, 22 मोबाइल, 04 सिम, वाईफाई सहित अन्य सामान बरामद हुए। रांची एसएसपी ने बताया कि ये साइबर अपराधी पिछले एक महीने से रांची में किराए के मकान में रह रहे थे और लोगो को अपना शिकार बना रहे थे। वहीं, जांच में ये बात भी सामने आई कि ये गिरोह छत्तीसगढ़ में एक्टिव था और अब झारखंड में भी अपनी जड़े जमाने में जुटा हुआ था लेकिन पुलिस को इसकी सूचना मिल गई, जिसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार साइबर अपराधियों ने मामले को लेकर खुलासा किया। आरोपियों ने बताया कि वे लोग ऑनलाइन गेम खिलाने के दौरान अपने शिकार से काफी नजदीक हो जाते थे। इसके बाद दूसरे - दूसरे गेम को विदेशों से मंगाने के लिए उनके खातों के डिटेल मांग लेते थे और फिर मौका देखते ही पैसे गायब कर देते थे। रांची एसएसपी ने बताया कि इस गिरोह का मास्टरमाइंड छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में रहता है। उनकी गिरफ्तारी को लेकर रांची पुलिस ने छत्तीसगढ़ पुलिस से भी संपर्क किया है।

## जामताड़ा में वज्रपात से अलग-अलग घटनाओं में बच्चे समेत दो लोगों की मौत

**जामताड़, सूत्रकार**

बिंदापाथर थाना क्षेत्र में शनिवार को दो अलग-अलग जगहों पर ठनका गिरने से एक बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गयी। पहली घटना गेड़िया पंचायत के जबरदहा गांव स्थित बड़ाबाद टोला की है। मिली जानकारी के अनुसार, बड़ाबाद टोला के सुकुमार हेंब्रम का ढाई वर्षीय पुत्र अविनाश हेंब्रम को शौच कराने के लिए उसकी मां घर के पीछे मैदान में ले गयी थी। इसी बीच बूंदा-बूंदी के साथ ठनका गिरा, जिससे बच्चा बेहोश हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मौके पर ही बच्चे की मौत हो गयी थी। हालांकि आनन-फानन में परिवार के लोग बच्चे को एंबुलेंस से सदर अस्पताल, जामताड़ा ले गये। इस घटना से गांव में कोहराम मचा गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना पाकर जिला परिषद सदस्य के प्रतिनिधि अजय मंडल एवं पंचायत समिति के प्रतिनिधि अदालत राय घटना स्थल पर पहुंच कर मृतक के प-रिवार को ढांढस बंधाया। दूसरी घटना जामताड़ा जिले के बादुरमारा थाना क्षेत्र के हिदलजोड़ी गांव की है, जहां वज्रपात से लखन बाउरी (30) की मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक, बादुरमारा गांव के लखन बाउरी मजदूरी करने के लिए मिहि-जाम गया था। वापस लौटने के क्रम में हिदलजोड़ी गांव के समीप मैदान में वह वज्रपात की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। लखन बाउरी अपने पीछे पत्नी सहित छोटे-छोटे दो बेटी व एक बेटा छोड़ गया है। घर का एकमात्र कमाउ व्यक्ति होने के कारण उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। स्थानीय लोगों ने दोनों ही परिवारों को सरकारी मुआवजा देने की मांग की है।

# लातेहार ट्रेन हादसे में घायल दो वर्षीय पीहू कुमारी की हालत गंभीर

**रांची, सूत्रकार**

लातेहार के कुमांडीह में रेल हादसे में घायल दो वर्ष की पीहू कुमारी जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है। शुक्रवार देर रात हुए ट्रेन हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, वहीं पीहू कुमारी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। पीहू के सिर में चोट आई है और उसके सिर में ब्लड की क्लॉटिंग हो गयी है। इस घटना के बाद बच्ची के परिजन उसे आनन-फानन में शुक्रवार की देर रात रांची के रिम्स में भर्ती कराया। रिम्स में लगभग कई घंटे तक बच्ची का इलाज हुआ लेकिन परिजन अस्पताल में हो रहे इलाज से संतुष्ट नहीं हुए। जिस वजह से परिजनों ने रिम्स प्रबंधन को बिना बताए ही वहां से बच्ची को लेकर रांची के रानी चिल्ड्रेन अस्पताल में भर्ती करवा दिया। शुक्रवार देर रात रिम्स में डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक इलाज करने के बाद परिजनों को बच्ची के ऑपरेशन की सलाह दी गई। इस बीच परिजन निजी अस्पताल में बच्ची का इलाज करवाना चाहते थे इसीलिए वे रिम्स प्रबंधन को बताए बगैर निजी अस्पताल में भर्ती करवा दिया। शुक्रवार को रिम्स में भर्ती होने के बाद पीहू कुमारी का इलाज डॉक्टर आनंद कुमार कर रहे थे। डॉ। आनंद कुमार ने बताया कि बच्ची की स्थिति देर रात काफी गंभीर थी, इसीलिए परिजनों को ऑपरेशन



की सलाह दी गई थी। मेडिकल टीम की तरफ से ऑपरेशन की तैयारी की जा रही थी लेकिन इसी बीच शनिवार की सुबह 11:00 बजे डॉक्टर्स और स्वास्थ्य कर्मियों को बिना बताए परिजन बच्ची को लेकर रिम्स से चले गए। रानी चिल्ड्रेन में परिजन वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ। राजेश कुमार की निगरानी में पीहू का इलाज करवा रहे हैं। पीहू कुमारी के चाचा संजीव कुमार बताते हैं कि फिलहाल बच्ची की स्थिति में सुधार हो रहा है। उन्होंने बताया कि बच्ची अपनी मां के साथ औरंगाबाद के नवीनगर जा रही थी, बच्ची के साथ उसकी मां और एक छोटी बहन भी थी। ट्रेन में जब खबर फैली कि पूरे बोगी में आग लग गई है तो पीहू की छोटी बहन को लेकर उसकी मां नीचे उतरी और ट्रेन की बोगी में बैठी एक अन्य महिला पीहू को बचाने के लिए उसे लेकर जैसे ही ट्रेन से निकली तो वो महिला दूसरी ओर से डाउनलाइन में आ रही मालगाड़ी के नीचे आ गई। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसमें बच्ची की जान तो बच गई लेकिन पीहू के सिर पर गंभीर चोट आई है। पीहू के चाचा संजीव कुमार ने कहा कि शनिवार को रेलवे के कई अधिकारी बच्ची का हाल जानने आए और पचास हजार रुपये की मदद भी किए हैं। उन्होंने सरकार से गुहार लगाते हुए कहा कि जब रेलवे विभाग की गलती की वजह से इस तरह की घटना हुई है तो उन्हें बच्ची के इलाज की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। बच्ची के परिजनों ने कहा कि निजी अस्पताल में इलाज करवाने की हैसियत उनके परिवार की नहीं है क्योंकि वह सभी मध्यम वर्ग परिवार से ताल्लुक रखते हैं। फिलहाल बच्ची की स्थिति में सुधार है लेकिन डॉक्टर्स की निगरानी में पीहू को वेंटिलेटर पर रखा गया है।

न्यूज फ्लैश

## सड़क हादसे में आईआरबी जवान की मौत

**खूंटी, सूत्रकार**



जिला के जरियागढ़ में सड़क दुर्घटना हुई है। जहां कार और मोटर साइकिल की टक्कर में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ओस्कर हेमरोम (36 वर्ष, पिता बेंजामिन हेंमरोम) बारकुली राय टोली तोरपा के रूप में की गई है। यह घटना कर्रा तोरपा मुख्य पथ के बाला डुमारी गांव के पास हुई। वहीं, मृतक आईआरबी के जवान थे जो धुर्वा रांची में कार्यरत थे। घटना की जानकारी पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद जवान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, ओस्कर हेमरोम बारकुली राय टोली अपने घर से अपनी मोटरसाइकिल (जेएच 01 बीके 5738) से रांची जा रहे थे। इसी दौरान बाला डुमारी गांव के पास जवान ने अपनी बाइक से नियंत्रण खो दिया और रांची से तोरपा की ओर जा रही एक कार से टकरा गयी। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जरियागढ़ थाना को घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए खूंटी भेज दिया। घटना को लेकर तोरपा सर्किल इंस्पेक्टर अशोक सिंह ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना मिली थी। सूचना पर थाना प्रभारी दल के साथ पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जांच में पता चला कि मृतक आईआरबी का जवान था। उन्होंने बताया कि बाइक और कार को जब्त कर लिया गया है। साथ ही घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

## पत्नी की हत्या के मामले में दोषी पति को उम्रकैद

**दुमका, सूत्रकार**

दुमका के तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश राजेश सिन्हा की अदालत ने पत्नी की गला दबाकर हत्या करने से संबंधित एक मामले में दोष सिद्ध आरोपी को सजा सुनाई है। इसमें सश्रम आजीवन कारावास और 10 हजार रुपया का जुमार्ना भी शामिल है। रामगढ़ थाना क्षेत्र के भालसुमर गांव के विमल मांझी के लिखित आवेदन पर 4 जून 2021 को रामगढ़ थाना में महिला के पति सुदर्शन मांझी समेत परिवार के 4 लोगों पर नामजद प्राथमिकी (78/2021) दर्ज की गयी। जांच में अन्य के विरुद्ध साक्ष्य नहीं मिलने पर तीन लोगों को आरोप मुक्त कर दिया गया था।

## चैंबर की उप समितियों की संयुक्त बैठक

**रांची, सूत्रकार**

झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के टेलिकम्यूनिकेशन, स्टील फेब्रिकेशन, स्वच्छ भारत व पौधरोपण तथा फिल्म, कला एवं संस्कृति उप समिति की संयुक्त बैठक शनिवार को चैंबर भवन में अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में हुई। टेलिकम्यूनिकेशन के क्षेत्र में प्राइवेट ऑपरेटर्स की मनमानी पर चर्चा हुई। उप समिति चेयरमेन अनिश सिंह ने कहा कि हमें शिकायतें मिल रही हैं कि पोस्टपेड ग्राहकों को मनमाना बिल थमाया जा रहा है, जिसपर पत्राचार का निर्णय लिया गया। राज्य में पावरकट की समस्या पर सदस्यों ने चिंता जताई, स्टील फैब्रिकेशन उप समिति के चेयरमेन जसविंदर सिंह ने कहा कि बिजली की कटौती के कारण उत्पादन में समस्या हो रही है, जिससे व्यापारियों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। वृक्षों की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरणीय संकट उत्पन्न होने पर स्वच्छ भारत पौधरोपण उप समिति द्वारा चिंता जताते हुए वृक्षारोपण के महत्व पर चर्चा की, उप समिति चेयरमेन किशन अग्रवाल ने आग्रह किया कि चैंबर सदस्यों के पास जिनके पास पर्याप्त भूमि हो, वे आगे आयें, हमारी उप समिति उसमें वृक्षारोपण की पहल करेगी। फिल्म कला संस्कृति की बैठक में उप समिति चेयरमेन आनंद जालान ने अवगत कराया कि 17 जून को चैंबर भवन में प्रसिद्ध बॉलीवुड कलाकार राजपाल यादव व मुबिन सौदागर को चैंबर द्वारा सम्मानित किया जायेगा। चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने उप समितियों की बैठकों को व्यापार व उद्योग जगत के अनुकूल बताते हुए, अन्य सभी उप समितियों से अपनी कमिटी की बैठकों का आयोजन करने की अपील की। मौके पर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, उप समिति चेयरमैन अनिश सिंह, सदस्य जसविंदर सिंह, किशन अग्रवाल, परमजीत सिंह चाना, साबिर हुसैन सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्रा की मौत

## सात महीने की थी गर्भवती

**हजारीबाग, सूत्रकार**




जिले के बरकट्ठा प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की नौवीं कक्षा की छात्रा की मौत हो गई। वह सात माह की गर्भवती थी। रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि तबीयत बिगड़ने के बाद उसे हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां से आनन-फानन में उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में ही छात्रा की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया गया कि कस्तूरबा गांधी की छात्रा ने 28 मार्च को बरकट्ठा थाना में लिखित आवेदन देकर कहा था कि वह बरकट्ठा आड़वार स्थित स्थित कस्तूरबा विद्यालय की छात्रा है। करीब दो वर्ष पूर्व उसका फेसबुक के माध्यम से ग्राम तेलोडीह बरही निवासी रूपेश राम (पिता महेंद्र राम) से प्रेम प्रसंग चल रहा था। चार माह पूर्व 19 दिसंबर 2023 को रूपेश राम उसे शादी का झांसा देकर स्कूल से बरही ले आया, शादी का प्रलोभन देकर उसने बार-बार छात्रा का यौन शोषण किया। इन चार माह के दौरान वह छात्रा का स्कूल से अलग-अलग जगहों पर लाकर यौन शोषण करता रहा। जिससे छात्रा गर्भवती हो गई। इसकी जानकारी जब रूपेश राम को दी गई तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़िता ने घटना की पूरी जानकारी अपने परिजनों को दी। जिसके बाद पीड़िता के परिजनों ने बरकट्ठा थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। इस संबंध में बरकट्ठा थाना में कांड संख्या 56/24 के तहत मामला दर्ज किया गया। लेकिन बरकट्ठा पुलिस ने आरोपी रूपेश राम के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की और न ही उसे गिरफ्तार किया जा सका। मृतक छात्रा के पिता ने कहा कि जब तक बरकट्ठा पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं करती है, तब तक शव को बरकट्ठा थाना परिसर में रखा जाएगा। वार्डेन सिंपल कुमारी ने कहा कि घटना के दिन मैं छुट्टी पर थी। दूसरी शिक्षिका प्रभार में थी। घटना की जानकारी नहीं है। बरकट्ठा थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता ने बताया कि आरोपी रूपेश राम की गिरफ्तारी के लिए बरही थाना क्षेत्र के तेलोडीह में कई बार छापेमारी की गई लेकिन आरोपी फरार है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

कुमंडीह रेल हादसा : यात्रियों के लिए फरिश्ता बना चायवाला

# कई लोगों की पटरी से खींचकर बचाई जान




**पलामू, सूत्रकार**

लातेहार के कुमुंडीह में हुए ट्रेन हादसे में एक चायवाला कई यात्रियों के लिए फरिश्ता बनकर आ गया। चायवाले ने कई यात्रियों की जान बचा ली। दरअसल, लातेहार के कुमंडीह रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी की चपेट में आने से तीन रेल यात्रियों की मौत हो गई, जबकि पांच यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। यह रेल हादसा एक अफवाह के कारण हुआ है। रांची से सासाराम जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस लातेहार के कुमंडीह स्टेशन पर बीच ट्रैक पर खड़ी थी। इसी बीच कुछ लोगों ने अफवाह फैला दी कि ट्रेन की बोगी में आग लग गई है। अफवाह सुनकर भगदड़ मच गई और कुछ लोग ट्रेन से उतरकर बगल की पटरी पर चले गए। तभी बगल की पटरी से गुजर रही मालगाड़ी ने यात्रियों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच गंभीर रूप से घायल हो गए। जिस जगह ट्रेन रुकी थी, उसके एक तरफ पहले से मालगाड़ी खड़ी थी, जबकि भगदड़ के बाद लोग दूसरी तरफ की पटरी पर चले गए। ट्रेन में चाय बेच रहा एक व्यक्ति भी यात्रियों के साथ ट्रेन से नीचे उतर गया। उसने मालगाड़ी को ट्रैक पर आते देखा, जिसके बाद उसने कई लोगों को डांटा और ट्रैक से हटाकर बाहर निकाला। एक महिला रेल यात्री ने बताया कि चाय बेचने वालों ने कई लोगों को ट्रैक से दूर खींच लिया। कई लोगों को ट्रैक पर जाने से भी रोका। रेल यात्री महेश ने बताया कि वह रांची से सासाराम जा रहे थे, चाय बेचने वाले ने बहादुरी दिखाते हुए लोगों को ट्रैक से खींच लिया। कुमंडीह में कई रेल यात्रियों की जान किसने बचाई, यह कोई नहीं जानता। चाय बेचने वाला कौन है, इसकी जानकारी सामने नहीं आ सकी है। कुमंडीह रेल हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है, जिसमें से दो की पहचान हो गई है। एक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है, मृतक के शव के पास चाय के कप के बंडल मिले हैं।

## भारतीय मजदूर संघ ने रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से की मुलाकात



एचईसी

**रांची, सूत्रकार**

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ से आज शनिवार को एचईसी मजदूर संघ (भारतीय मजदूर संघ) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी। महामंत्री रमा शंकर प्रसाद ने संजय सेठ को एचईसी के गंभीर विषयों से अवगत कराते हुए कहा कि इस विकट परिस्थिति में आप से पूरी उम्मीद है। आप पर भरोसा है कि आप एक अच्छी पहल कर फिर से एचईसी के पुराने गौरव को हासिल करने में सफल होंगे। प्रतिनिधिमंडल में रमा शंकर प्रसाद के अलावा सुनील कुमार पांडे, विकास तिवारी, रविकांत, सरोज कुमार, बालमकुंद शर्मा, मनोज कुमार, संजय कुमार, लक्ष्मण कुमार, संतोष सिंह, सुनील कुमार तांती, सोमनाथ, उदय शंकर, अजय शर्मा, सुधीर चौधरी, सुमन सिंह, सुजित कुमार झा, मो। असलम, जॉन तिग्गा, जगदीश सिंह, कुंदन शर्मा, मनोज गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दीवार तोड़कर घर में घुसी गाड़ी, एक की मौत, चार लोग गंभीर रूप से घायल

**लातेहार, सूत्रकार**



जिले के सदर थाना क्षेत्र के कोने गांव में शनिवार को एक अनियंत्रित बोलेरो वाहन ग्रामीण के घर में घुस गई। वाहन की चपेट में आने से राजदेव लोहरा की मौत हो गई। जबकि 4 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने लातेहार नवरंग चौक के पास सड़क जाम कर दिया। दरअसल, शनिवार की अहले सुबह बीड़ी पत्ता व्यवसाय से जुड़ी एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर सदर थाना क्षेत्र के कोने गांव निवासी राजदेव लोहार के मिट्टी के घर में जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि मिट्टी के घर की दीवार ढह गई। हादसे में घर में सो रहे राजदेव लोहरा की मौत हो गई। जबकि आरती कुमारी, शकुंती देवी समेत 2 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मुखिया जुलेश्वर लोहरा तुरंत मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। सूचना मिलने के बाद लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन का नंबर छत्तीसगढ़ राज्य का है। दुर्घटना के बाद वाहन भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इधर, घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने लातेहार नवरंग चौक के पास सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम कर रहे लोगों का कहना है कि मृतक के परिजनों को तत्काल मुआवजे के तौर पर 10 लाख रुपए दिए जाएं। साथ ही उनका कहना है कि सभी घायलों के इलाज का पूरा खर्च वाहन मालिक को उठाना होगा। साथ ही वे घायलों को भी मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। मुखिया जुलेश्वर लोहरा ने कहा कि घर में सो रहे परिवार को अनियंत्रित वाहन ने कुचल दिया। मृतक के परिजनों और घटना में घायलों को तत्काल मुआवजा मिलना चाहिए। इधर, ग्रामीणों द्वारा सड़क जाम किए जाने के कारण लातेहार सरयू-गारू-महुआडांड़ मार्ग पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। जाम की सूचना मिलने के बाद लातेहार पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिन्हा के निर्देश पर पुलिस टीम जाम स्थल पर पहुंच कर लोगों को समझाने का प्रयास कर रही है। पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत मिलने वाली सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## संथाल के रास्ते झारखंड में प्रवेश करेगा मानसून



**रांची, सूत्रकार**

इस वर्ष समय से पूर्व केरल में दस्तक देने वाला दक्षिण-पूर्व मानसून झारखंडवासियों को इंतजार करा रहा है। इस बीच राहत की खबर यह है कि राज्य के ईस्टर्न और सेंट्रल इलाके यानी संथाल परगना और रांची आसपास के इलाके में तेज हवा के झोंके के साथ 17 जून से हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने के आसार हैं। इसके प्रभाव से अधिकतम तापमान में 02 से 04 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की भी संभावना है। मौसम केंद्र, रांची के निदेशक अभिषेक आनंद के अनुसार अभी भी मानसून पश्चिम बंगाल के पर्वतीय हिस्से के आसपास ठहरा हुआ है। इसे पश्चिम बंगाल के गंगेटिक इलाके और फिर बिहार के किशनगंज, कटिहार होते हुए साहिबगंज के रास्ते झारखंड में प्रवेश करने में तीन से पांच दिनों का समय लग सकता है। मौसम केंद्र के निदेशक ने ईटीवी भारत को फोन पर बताया कि राज्य में 18 जून से 20 जून के बीच मानसून के प्रवेश की उम्मीद है, जबकि मानूसन के रांची पहुंचने में दो तीन दिन का वक्त लग सकता है। मौसम केंद्र, रांची के अनुसार सीवियर हीट वेव (भीषण उष्ण लहर) की मार झेल रहे पलामू और गढ़वा तक मानसून 23-24 जून तक पहुंच सकेगा। मौसम केंद्र के निदेशक ने बताया कि फिलहाल प्री मानूसन वर्षा के लिए कोई सिस्टम बनता नहीं दिख रहा है। बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव भी नहीं बन रहा है। ऐसे में मानसून की वर्षा से पहले जो भी वर्षा होगी वह थंडरिंग कंडीशन से ही होगी। मौसम केंद्र, रांची के ताजा मौसम अपडेट में बताया गया है कि राज्य में शनिवार को सबसे अधिक 45।9 डिग्री सेल्सियस तापमान सरायकेला -खरसावां में रिकॉर्ड किया गया है। साथ ही सरायकेला खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, रांची और पलामू जिले में कहीं-कहीं सीवियर हीट वेव रिकॉर्ड किया गया है। वहीं गढ़वा जिले में भी आज हीट वेव की स्थिति देखी गई है। राज्य के ज्यादातर जिलों में आज तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा है। सिर्फ पाकुड़ और साहिबगंज ही दो ऐसे जिले रहे हैं जहां का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से कम रहा है। आज राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 7.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 8 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। डालटेनगंज का अधिकतम तापमान 45.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 8.8 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

# चतरा में टीएसपीसी के तीन नक्सली गिरफ्तार भारी मात्रा में हथियार और गोलियां बरामद

**चतरा, सूत्रकार**




जिले के कुंदा थाना की पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी के तीन नक्सलियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में मनोज गंझू, महेंद्र गंझू और छोटू भुईयां उर्फ पंडित शामिल हैं। पुलिस ने पकड़े गए नक्सलियों के पास से एक इंसास रायफल लोडेड, तीन मैगजीन, 161 राउंड गोली, एक एसएलआर लोडेड, दो मैगजीन, 164 राउंड गोली और एक एके 47 में मैगजीन के साथ 30 गोली बरामद किया है। चतरा एसपी विकास कुमार पांडेय ने नक्सलियों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि टीएसपीसी नक्सली संगठन के कमांडर हरेंद्र गंझू, कुणाल गंझू, इरफान गंझू अपने अन्य सशस्त्र दस्ता सदस्यों के साथ चतरा-पलामू के सीमावर्ती क्षेत्र कुंदा थाना के सिकीदाग, कुजरम के जंगली क्षेत्र में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्रित हुए हैं। नारीदरी नदी के पास पकड़े गए तीनों नक्सलीयह सूचना मिलने के बाद एसडीपीओ सिमरिया के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम गठित की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिकिदाग के पश्चिम मेरूहनिया टांड़ नारीदरी नदी के पास से भागने के क्रम में हथियारबंद तीन नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि बाकी के नक्सली जंगल और पहाड़ का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। इसके बाद पुलिस ने गिरफ्तार नक्सलियों के पास से हथियार और गोली बरामद कर लिया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार तीनों नक्सलियों का आपराधिक इतिहास रहा है। महेंद्र के खिलाफ बड़कागांव, बरकट्ठा, मुफस्सिल कटकमसांडी थाने में मामला दर्ज है। जबकि मनोज गंझू पर कुंदा थाने में तीन और सदर में एक और छोटू के खिलाफ सदर थाने में एक मामला दर्ज है। तीनों नक्सलियों पर 17 सीएलए और यूएपी एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

बिजली कटौती को लेकर कोडरमा विधायक ने पदाधिकारियों पर जताई नाराजग

# बिजली व्यवस्था में सुधार करने का निर्देश

**कोडरमा, सूत्रकार**



जिले के झुमरी तिलैया में अनियमित बिजली कटौती से परेशान लोगों की समस्या को लेकर विधायक डॉ नीरा यादव ने स्थानीय लोगों की मौजूदगी में विभागीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता सुधांशु के कार्यालय में बैठक की शुरूआत भले ही प्रोटोकॉल और विधायक के स्वागत के साथ हुई, लेकिन विधायक के कड़े तेवर के बाद अधीक्षण अभियंता ने झुमरी तिलैया शहर को प्रतिदिन कम से कम 20 घंटे बिजली मुहैया कराने का भरोसा दिलाया है। शहर में जर्जर तार की मरम्मत, एबी स्विच बदलने की प्रक्रिया, जर्जर ट्रांसफार्मर की स्थिति जानने का जब विधायक ने प्रयास किया तो विभागीय पदाधिकारियों की बोलती बंद हो गई। मौके पर ही उन्होंने पदाधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। पदाधिकारियों के गोलमोल जवाब से विधायक बिफर गईं और कड़े लहजे में कहा कि झुमरी तिलैया शहर को जब तक निर्बाध रूप से बिजली नहीं मिलेगी, तब तक वे चैन से नहीं बैठेंगी। गौरतलब है कि राज्य की शिक्षा मंत्री का कार्य भार संभालने के दौरान विधायक डॉ नीरा यादव ने झुमरी तिलैया शहर के लिए कोडरमा थर्मल पावर प्लांट से अतिरिक्त 25 मेगावाट बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित कराई थी, लेकिन वह बिजली झुमरी तिलैया शहर के अलावा कई ग्रामीण इलाकों में भी शिफ्ट कर दिया गया है, जिसके कारण शहर में बिजली की समस्या बढ़ गई है और लोग अनियमित बिजली आपूर्ति से परेशान हैं। विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि अब अगर बिजली की स्थिति में सुधार नहीं होता है, तो आंदोलन होगा और जिसका नेतृत्व वह खुद करेंगी। वहीं बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता सुधांशु ने शहर-वासियों को 20 घंटे बिजली मुहैया कराने का कमिटमेंट किया है। उन्होंने कहा कि जो भी तकनीकी खराबी है उसे बरसात से पहले दुरुस्त कर लिया जाएगा।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने ही नेताओं का फूंका पुतला

**लोहरदगा, सूत्रकार**

लोहरदगा लोकसभा सीट के लिए चुनाव परिणाम 4 जून को घोषित हो जाने के बाद भले ही कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुन लिए गए हों, लेकिन लोहरदगा में चुनाव से पहले भड़की राजनीतिक तोड़फोड़ की आग थमने के बजाय और तेज हो गई है। कांग्रेस नेताओं द्वारा कांग्रेस नेताओं का पुतला फूंकते देख लोग हैरान रह गए। लोग समझ नहीं पा रहे कि आखिर पुतला क्यों फूंका जा रहा है। आखिर ऐसा क्या हो गया कि कांग्रेसी ही अपनी पार्टी के नेताओं का पुतला फूंक रहे हैं? लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश स्तरीय नेताओं के साथ मिलकर शुक्रवार को लोहरदगा में पार्टी नेताओं और कार्यकताओं का पुतला दहन किया। लोग इस बात से हैरान रहे कि कांग्रेस कार्यकताओं और नेताओं ने अपनी ही पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं का पुतला दहन किया। लोग समझ नहीं पा रहे रहे कि कांग्रेस के अंदर क्या चल रहा है। ऐसी कौन सी परिस्थिति उत्पन्न हो गई है कि कांग्रेस नेताओं को ही कांग्रेस नेताओं का पुतला दहन करना पड़ रहा है।



दरअसल मामला कुछ ऐसा है कि लोहरदगा लोकसभा सीट पर चुनाव के दौरान पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं पर पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ काम करने का आरोप लगा है। इसके बाद पार्टी दो खेमों में बंटी नजर आ रही है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। अब कुछ नेताओं ने पार्टी के प्रदेश स्तरीय नेतृत्व को मामले की जानकारी देते हुए मामले की जांच कराने और पार्टी से गद्दारी करने वाले नेताओं पर कार्रवाई की मांग की है। इसी को लेकर पार्टी के खिलाफ काम करने वाले नेताओं का पुतला दहन किया गया है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि पार्टी से गद्दारी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ काम करने वाले नेताओं को लेकर उनमें आक्रोश देखा गया। इस पुतला दहन कार्यक्रम के बाद राजनीतिक विवाद और भी गहरा सकता है। राजनीति से जुड़े सूत्रों की मानें तो इस मामले में पार्टी के एक बड़े नेता और एक राज्य मंत्री के साथ-साथ उनके प्रतिनिधि का नाम भी सामने आ रहा है। इसके अलावा पार्टी की जिला स्तरीय कमेटी पर भी खुलकर सवाल उठे हैं। आने वाले समय में पता चलेगा कि आरोप कितना गंभीर है। साथ ही, इसकी जांच होती है या फिर यह मामला राजनीतिक बयानबाजी तक ही सीमित रहता है।

## संपादकीय

### कुवैत का लाक्षा गृह

कुवैत की अल-मंगाफ इमारत आज के संदर्भ में लाक्षा गृह करार दी जा सकती है। इमारत में 196 विदेशी कामगार, मजदूर आदि भेड़-बकरियों की तरह रहने को विवश थे। इस लाक्षा गृह में भीषण आग लगी, तो वह फैलती ही गई। आग बुझाने के उपकरण नहीं थे। आग से बचकर बाहर निकलने का रास्ता नहीं था। आग फैलने लगी, तो भगदड़ के हालात बन गए, नतीजतन मजदूर अपनी जिंदगी बचाने में असहाय, असमर्थ रहे। जलकर भस्म होने वालों में 45 भारतीय थे। उनमें सर्वाधिक 23 केरल के, 7 तमिलनाडु के, 3 आंध्रप्रदेश के और उप्र, बिहार, पंजाब, हरियाणा, ओडिशा, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल के एक-एक व्यक्ति थे। दरअसल भारतीय दुनियाभर में नौकरी करने, पेशा करने और कारोबार खोलने को जाते हैं। मकसद होता है कि अधिकतम पैसा कमाया जाए और भारत में परिजनों को कुछ पैसा वापस भेजा जाए, लेकिन त्रासदियों के आंकड़े सिर्फ खाड़ी देशों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि अमरीका, रूस, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी जैसे देशों में मजदूर ही नहीं, भारतीय छात्र भी त्रासदियों के शिकार होते रहे हैं। चूंकि मजदूरी, राजमिस्त्री, बढ़ई, बिजलीकर्मी, फैक्टरी एवं घरेलू कामगार, फूड डिलीवरी एजेंट के तौर पर इतने भारतीय कुवैत में काम करते हैं कि वे वहां के कुल कार्यबल के 20 फीसदी से अधिक हैं। करीब 10 लाख भारतीय कुवैत में रहते और काम करते हैं।

विदेश मंत्रालय के डाटा के मुताबिक, करीब 88 लाख भारतीय खाड़ी देशों में रहते और काम करते हैं। कुवैत इमारत की घटना त्रासद के साथ-साथ अमानवीय भी है। करीब 50 भारतीय घायल भी हुए हैं। कुवैत के उपप्रधानमंत्री शेख फहद यूसुफ अल-सबा ने इमारत के मालिकों पर लालच का आरोप लगाया और कहा कि भवन मानकों के उल्लंघन की वजह से यह त्रासदी हुई, लेकिन हम सिर्फ कारणों से ही संतुष्ट नहीं हो सकते। भारत का बुनियादी सवाल है कि क्या कुवैती सरकार लाक्षा गृह वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी? दरअसल यह सामूहिक जिंदगी का सवाल है। खाड़ी और अरब देश नौकरी, मजदूरी, कौशल-पेशेवर रोजगार के बड़े आकर्षक गंतव्य हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के नियमों के अनुसार विदेशों में श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन निर्धारित है। कुवैत के लिए भारत ने राज्यों के साथ मिल कर 2016 में 64 श्रेणियों के काम के लिए 300-1050 डॉलर की सीमा तय की थी। कुवैत में भारतीय कामगारों को भेदभाव से लेकर खराब, अमानवीय कामकाजी परिस्थितियों तक से जूझना पड़ता है। ूमन राइट्स वॉच के मुताबिक, प्रवासी मजदूर दुर्व्यवहार, जबरन मजदूरी और निर्वासन आदि के शिकार होते रहते हैं। एक खोजी रपट में खुलासा हुआ था कि कतर में जब फुटबाल स्टेडियम निमार्णाधीन था और जो भारतीय कामगार काम कर रहे थे, उनकी जिंदगी बेहद अनिश्चित और मुश्किल थी। बेशक खाड़ी देशों में मोटा वेतन और अच्छी-खासी दिहाड़ी दी जाती है, लेकिन अकुशल, सेमी कुशल और खुदमुख्तार श्रमिकों ने अन्य प्रवासी कुशल कामगारों की सौदेबाजी की क्षमता को कम किया है। अधिकांश अर्द्धकुशल कामगार किसी एजेंसी या बिचौलिए के जरिए ही रखे जाते हैं, लिहाजा वे काम और आवास की कैसी भी स्थिति से समझौता कर लेते हैं। काम और आवास के हालात बेहतर नहीं होते। कामगार नियोक्ता का बंधक बन कर रह जाता है, क्योंकि वह किसी बेहतर काम और आवास का विकल्प नहीं चुन सकता। भारत ने कुवैत समेत पश्चिमी एशिया के देशों से समझौता-पत्र पर हस्ताक्षर कर रखे हैं। उनसे कामगारों को भर्ती करने की प्रक्रिया और कामगारों के लिए कानूनी संरक्षण की शर्तें तय की गई हैं, लेकिन कानून की प्रक्रिया तो बहुत लंबी और अनिश्चित होती है। अदालतों में केस लडऩा बहुत महंगा है, लिहाजा भारतीयों को काम करने के अवसरों और आवास आदि से समझौते करने पड़ते हैं। शोषण इन्हीं परिस्थितियों की कोख से निकलता है। बहरहाल अब इस त्रासदी पर मानवाधिकार समूहों ने भी चिंता और सरोकार जताए हैं। दरअसल तमाम अरब देशों में मजदूरों की स्थिति बेहद अमानवीय है। भारत सरकार को नए सिरे से पश्चिमी एशिया के देशों से संवाद कर अपने समझौतों का नवीकरण करना चाहिए। बहरहाल भारतीय वायुसेना का विमान सभी शवों को लेकर भारत लौटा है। मृतकों को श्रद्धांजलि दी जानी चाहिए।

### चौपट बंदोबस्त, लापता फर्ज

इस प्रकरण के कई मुकाम और कई आयाम हैं, लेकिन रहस्य अब कानून व्यवस्था की पहरेदारी में छेद कर रहा है। सिरमौर की सडक पर एक स्थानीय ट्रैक्टर चालक व उसके संबंधियों के साथ, बाहरी राज्य के वाहन पर सवार लोगों के बीच हुई कहासुनी जब हाथापाई पर उतर आई, तो अव्यवस्था के सरकंडे सडक पर उतर आए। मारपीट के साक्ष्य और पुलिस जांच की जिम्मेदारी के बीच फासला इतना बढ़ा कि हेड कांस्टेबल का व्यवहार असामान्य और सोशल मीडिया पर एक वीडियो की तरह हो गया। जिस हेड कांस्टेबल को जांच का जिम्मा सौंपा गया, उसके आचरण की किश्तियां गुम हैं और सरकार लापता है। दरअसल जांच को वे पीड़ित नजर नहीं जिनके जख्म चीख रहे थे, लेकिन अब पर्दे के पीछे कराहने वालों को हुजूम पूछने लगा। हेड कांस्टेबल जसवीर सैनी द्वारा जारी लुक्का छिपी में पुलिस महकमे का ढांचा भी प्रश्नांकित है। अगर यही दस्तूर जांच की अनेक परिपाटियों में चल निकला तो मुद्दई का मुकद्दमा किस तर्क से निष्पक्ष रहेगा। इससे यह भी पता चलता है कि प्रदेश में हो रही आपराधिक घटनाओं के प्रति व्यवस्था कितनी लापरवाह व लावारिस है। वायरल वीडियो का सच नहीं पूछा गया तो जांच पर जुटा पुलिस कर्मचारी परिदृश्य से क्यों गायब हो गया, यह प्रश्न अब महकमे की प्रश्नावली से पूछ रहा है।

अब जांच दो धड़ों में नहीं, बल्कि पुलिस महकमे के धड़ों में जारी है। ऐसे में न्याय ट्रैक्टर पर सवार व्यक्तियों को मिले या लापता पुलिस कांस्टेबल को पहले खोजा जाए। आश्चर्य यह कि हिमाचल में अब कुछ भी सहज व साधारण नहीं रहा और परीक्षण-निरीक्षण के लिए भी सिफाशि का इंतजाम करना पड़ता है। यह केवल कानून व्यवस्था में परिदृश्य नहीं, बल्कि विभागीय कसौटियों में भी नियमों को ताक पर रखकर प्रदेश आंखें मूंद कर चल रहा है। यह दीगर है कि कहीं इक्का दुक्का अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, डाक्टर, इंजीनियर या अध्यापक कमाल कर जाते हैं, वरना आधारभूत जरूरतें भी अनुपस्थित रहती हैं। राज्य के कायाकल्प मूल्यांकन के तहत लगातार चौथे साल धर्मशाला जोनल अस्पताल का चचाओं में आना बताता है कि कोई सरकारी कार्यसंस्कृति का पैगंबर उच्च स्तर का कार्य कर रहा है। डा. राजेश गुलेरी ने अपने दायित्व की बुनियाद पर अस्पताल को सींचा तो सरकारी ढांचा भी निजी को पीछे कर गया, वरना समीप में ही टांडा मेडिकल कालेज की साफ सफाई से इसी विभाग का नाक झुक जाता है। शिक्षा विभाग की व्यवस्था का आलम यह है कि मौसम से पहले छुट्टियां और बरसात के बीच स्कूल चलते रहते हैं। हमारी जलापूर्ति परियोजनाएं गर्मियों में ढेर हो जाती हैं, लेकिन आला अधिकारियों को खबर नहीं कि पानी आए कहां से और जाए कहां।

कमोबेश यही लत विद्युत विभाग को भी है और भरी गर्मी में बंदोबस्त चौपट हो जाता है। बंदोबस्त हर विभाग का चौपट है फिर भी शेखियां हैं कि बड़े मियां हर पद पर चमत्कार कर रहे हैं। आश्चर्य यह कि जिस पर्यटक सीजन में हिमाचल मुस्कराना चाहता है, वह रोशनी को बिजली नहीं, नल को जल नहीं, परिवहन को माकूल सडक नहीं, पर्यटक वाहन को पार्किंग नहीं और ट्रैफिक जाम से निजात को कानून व्यवस्था नहीं दे पाता। हम नहीं जानते सिरमौर घटना का कौन दोषी और कौन कानून से वाकई सहारा चाहता है, लेकिन पुलिस के कारनामे ने पहले वीडियो कांड और अब हेड कांस्टेबल की गुमशुदगी से खुद को फंसा लिया। ऐसे में हम इस विभाग की कार्यपद्धति को असाधारण मान कर कब तक खैर मनाएं कि पाला नहीं पड़ा। विडंबना यह है कि हिमाचली व्यवस्था के जिस पहलू से पाला पड़ता है, वहां आम आदमी की मुसीबत, निराशा और मुश्किल बढ़ जाती है।

# हकीकत से मुंह नहीं मोड़ सकती केंद्र सरकार

**‘भारत राष्ट्राध्यक्ष इंडिकेटर में 40.7 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष 10 में है। लेकिन संघीय स्तर पर मंत्रिस्तरीय पदों पर 6.9 प्रतिशत अंक और संसद में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के लिए देश के अंक 17.2 प्रतिशत अपेक्षाकृत कम हैं। पिछले साल भारत इस सूचकांक में 127वें स्थान पर था, जो 2022 में 135 से 1.4 प्रतिशत अंकों और आठ स्थानों का सुधार हुआ था। यह भारत के समानता स्तर की ओर आंशिक सुधार को दिखाया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान आंकड़ों के आधार पर पूर्ण समानता तक पहुंचने में 134 साल लगेंगे। रिपोर्ट में बताया गया है कि जेंडर गैप इंडेक्स से पता चलता है कि हालांकि किसी भी देश ने पूर्ण लैंगिक समानता हासिल नहीं की है। केंद्र सरकार के दावों के विपरीत सिर्फ जेंडर गैप ही नहीं बल्कि अन्य अंतरराष्ट्रीय स्तर के इंडेक्स में भारत का प्रदर्शन स्तरहीन रहा है। वैश्विक शांति सूचकांक 2023 में 163 देशों में भारत 126वें स्थान पर है। भारत को वैश्विक यात्रा व पर्यटन विकास सूचकांक में थोड़ी राहत मिली है।’**

**योगेंद्र योगी**

हवाई वादों और आंकड़ों के बीच यदि केंद्र की भाजपा सरकार ने दुनिया द्वारा दिखाई जा रही हकीकत से मुंह नहीं मोड़ा होता और देश की वास्तविक हालत में सुधार के लिए गंभीर प्रयास किए होते तो तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाने के लिए दो क्षेत्रीय दलों की बैसाखियों का सहारा नहीं लेना पड़ता। केंद्र की भाजपा सरकार विभिन्न क्षेत्रों में विश्व सूचकांक में भारत के लगातार गिरते ग्राफ की उपेक्षा करती रही है। केंद्र सरकार ने देश की तरक्की को लेकर जो सब्जबाग दिखाए हैं, उसकी हकीकत का आईना विश्व सूचकांक में ग्लोबल जेंडर गैप के आंकड़ों को देखने से पता चलता है। ग्लोबल जेंडर गैप की ताजा रिपोर्ट में भारत नीचे की ओर फिसल गया। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम द्वारा जारी ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2024 में भारत 146 देशों में से 129वें स्थान पर है। यह पिछले वर्ष की तुलना में दो स्थान नीचे फिसल गया है। यह हालत तब है जब केंद्र सरकार ने महिला सशक्तीकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और महिला सुरक्षा जैसे नारों का ढोल पीटने में कसर बाकी नहीं रखी। भारत ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स में बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और श्रीलंका से भी नीचे है। पड़ोसी देशों में सिर्फ पाकिस्तान की स्थिति ही भारत से खराब है। इस इंडेक्स में भारत के पड़ोसी देशों-बांग्लादेश को 99वें, चीन को 106वें, नेपाल को 117वें, श्रीलंका को 122वें, भूटान को 124वें और पाकिस्तान को 145वें स्थान पर रखा गया है। आइसलैंड फिर से पहले स्थान पर है। वह डेढ़ दशक से सूचकांक में अग्रणी है। राजनीतिक सशक्तीकरण इंडिकेटर में भी भारत पिछड़ा है। राजनीतिक फैसले लेने में महिलाओं की भागीदारी उतनी नहीं है।

भारत राष्ट्राध्यक्ष इंडिकेटर में 40.7 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष 10 में है। लेकिन संघीय स्तर पर मंत्रिस्तरीय पदों पर 6.9 प्रतिशत अंक और संसद में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के लिए देश के अंक 17.2 प्रतिशत अपेक्षाकृत कम हैं। पिछले साल भारत इस सूचकांक में 127वें स्थान पर था, जो 2022 में 135 से 1.4 प्रतिशत अंकों और आठ स्थानों का सुधार हुआ था। यह भारत के समानता स्तर की ओर आंशिक सुधार को दिखाया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान आंकड़ों के आधार पर पूर्ण समानता तक पहुंचने में 134 साल लगेंगे। रिपोर्ट में बताया गया है कि जेंडर गैप इंडेक्स से पता चलता है कि हालांकि किसी भी देश ने पूर्ण लैंगिक समानता हासिल नहीं की है। केंद्र सरकार के दावों के विपरीत सिर्फ जेंडर गैप ही नहीं बल्कि अन्य अंतरराष्ट्रीय स्तर के इंडेक्स में भारत का प्रदर्शन स्तरहीन रहा है। वैश्विक शांति सूचकांक 2023 में 163 देशों में भारत 126वें स्थान पर है। भारत को वैश्विक यात्रा व पर्यटन विकास सूचकांक में थोड़ी राहत मिली है। वर्ष 2024 में इस सूचकांक में भारत 15 स्थान की छलांग लगाकर 39वें स्थान पर पहुंच गया है। 2021 में 54वें पायदान पर था। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की ओर सूची में अमेरिका शीर्ष पर है।

वहीं, दक्षिण एशिया और निम्न-मध्य आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे आगे है। भारत अत्यधिक मूल्य प्रतिस्पर्धा के मामले में दुनिया में 18वें स्थान पर है। प्रतिस्पर्धी हवाई परिवहन में 26वें स्थान पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के मजबूत प्राकृतिक (छठे स्थान पर), सांस्कृतिक (नौवें) और गैर-अवकाश (नौवें) संसाधन विदेशी यात्रियों को यहां लाने में मदद करते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक पर्यटन गतिविधियां महामारी से पहले के स्तर पर लौट आई हैं। सूचकांक में अमेरिका पहले. स्पेन दूसरे, जापान तीसरे, फ्रांस चौथे और ऑस्ट्रेलिया पांचवें स्थान पर है। वहीं जर्मनी छठे, यूनाइटेड किंगडम सातवें, चीन आठवें और इटली नौवें स्थान पर काबिज हैं। स्विट्जरलैंड 10वें स्थान पर है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी नवीनतम मानव विकास सूचकांक (ूमन डेवलपमेंट इंडेक्स) में भारत को 193 देशों की सूची में 134वें पायदान पर रखा गया है। सूचकांक वर्ष 2022 के आंकड़ों पर आधारित है। इस सूचकांक में भारत को कुल 0.644 अंक दिए गए हैं, जो भारत को मध्यम मानव विकास वाले देशों की श्रेणी में रखता है। वहीं दूसरी तरफ स्विटजरलैंड को इस इंडेक्स में 0.967 अंकों के साथ पहले स्थान पर रखा गया है। इससे पहले 2022 में जारी मानव विकास सूचकांक में भारत को 0.633 अंकों के साथ 132वें पायदान पर जगह दी गई थी। मतलब कि इस बार भारत दो पायदान नीचे आ गया है। वहीं यदि 2019 की तुलना में देखें तो भारत ने मानव विकास में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

जहां 1990 के बाद से देश में जन्म के समय जीवन प्रत्याशा में 9.1 वर्षों का इजाफा हुआ है। इसी तरह स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्षों में 4.6 वर्ष की वृद्धि हुई है। इतना ही नहीं, इस दौरान स्कूली शिक्षा के औसत वर्षों में भी 3.8 वर्ष की वृद्धि दर्ज की गई है। गौरतलब है कि इससे पहले 2019 के लिए जारी मानव विकास सूचकांक (ूमन डेवलपमेंट इंडेक्स) में भारत को 189 देशों की लिस्ट में 131वें स्थान पर रखा गया था। वहीं पिछले वर्ष भारत इस लिस्ट में 130वें पायदान पर था। कहीं न कहीं यह इस बात को भी दशार्ता है कि भारत इस लिस्ट में लगातार नीचे आ रहा है। विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2023 में भारत को 126वें स्थान पर रखा गया है, जो पिछले वर्ष के 136वें स्थान से उल्लेखनीय सुधार है। फिनलैंड ने लगातार छठे वर्ष दुनिया के सबसे खुशहाल देश के रूप में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2023 में भारत ने 2023 के लिए दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट की सूची में 84वां स्थान हासिल किया है। भारतीय नागरिकों को वैश्विक स्तर पर 59 देशों में वीजामुक्त पहुंच का आनंद मिलता है। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक 2023 आतंकवाद से प्रभावित देशों में भारत 13वें स्थान पर है, अफगानिस्तान सबसे अधिक प्रभावित देश के रूप में सूची में शीर्ष पर है। पर्यावरण प्रदर्शन आकलन, एक द्विवार्षिक सूचकांक का उपयोग करते हुए, देशों को उनके पर्यावरण प्रदर्शन और स्थिरता के आधार पर रैंक किया जाता है। भारत ने 18.9 अंक प्राप्त किए जिससे वह पर्यावरण नीति सूचकांक 2022 में कुल मिलाकर 180वें स्थान पर रहा।

उल्लेखनीय रूप से, भारत पाकिस्तान, बांग्लादेश, वियतनाम, म्यांमार (19.4) और बांग्लादेश (23.1) जैसे देशों से नीचे है। डेनमार्क 77.9 अंक के साथ शीर्ष स्थान पर है। उसके बाद यूनाइटेड किंगडम (77.7) और फिनलैंड (76.5) हैं। विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की रैंकिंग में अंतरराष्ट्रीय मीडिया निगरानी संस्था रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स द्वारा रिपोर्ट किए गए 2022 विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की रैंकिंग 180 देशों में से 150वें स्थान पर आ गई है। यह 2021 में 77वें स्थान से गिरावट को दशार्ता है, जो प्रेस स्वतंत्रता सुनिश्चित करने में आने वाली चुनौतियों को उजागर करता है। व्यावसायिक रिश्वतखोरी के जोखिम में भारत की रैंकिंग व्यावसायिक रिश्वतखोरी की संभावना के संबंध में भारत की वैश्विक रैंकिंग 2021 में 77वें स्थान से गिरकर 82वें स्थान पर आ गई है। इस मूल्यांकन से पता चलता है कि वाणिज्यिक रिश्वतखोरी के सबसे अधिक जोखिम वाले देशों में उत्तर कोरिया, तुर्कमेनिस्तान, वेनेजुएला और इरिट्रिया शामिल हैं। इसके विपरीत, सबसे कम जोखिम वाले देशों में डेनमार्क, नॉर्वे, फिनलैंड, स्वीडन और न्यूजीलैंड शामिल हैं। केंद्र सरकार जब तक इन वैश्विक आंकड़ों की हकीकत को झुठलाती रहेगी, तब तक देश में धरातल पर सुधार की उम्मीद कम है। इन वैश्विक आंकड़ों की सच्चाई का पता भारत में किसी स्वतंत्र जांच एजेंसी से कराया जाना चाहिए, ताकि हवाई विकास के आंकड़ों की हकीकत सामने आ सके। क्या नई सरकार ऐसा करेगी?

# नड्डा के दूसरी बार केंद्रीय मंत्री बनने के मायने

**उपचुनावों में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में पड़ने वाले तीन विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों की हार भी एक बड़ा कारण बताया जा रहा है। ऐसा बताते हैं कि संभवतः उन्हें संगठन में कोई बड़ी जिम्मदारी देकर समाहित किया जाएगा। हिमाचल के लिए निःसंदेह यदि केंद्र में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिला होता और सरकार के गठन के लिए वह दूसरी पार्टियों की मोहताज न होती तो शायद दो मंत्री भी मिल सकते थे। लेकिन दूसरी बार नड्डा को वरीयता देकर वस्तुतः मोदी ने नड्डा को उनके अध्यक्ष पद पर रहते हुए अनेक प्रदेशों में भाजपा सरकारों के गठन और मोदी-2 और मोदी-3 में उनकी सांगठनिक कार्यशैली, अनथक परिश्रम और वक्तृत्व कला को ध्यान में रखते हुए पुनः उन पर विश्वास जताया है।**

**डा. देवेंद्र गुप्ता**

अभी हाल ही के राष्ट्रीय राजनीतिक घटनाक्रम में, चुनावों के बाद एक बार फिर मोदी सरकार या यूं कहें कि एनडीए सरकार का गठन हुआ है। मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद के लिए चुन लिए गए। भाजपा और मुख्य घटक दल जेडीयू और टीडीपी व अन्य दलों के मंत्रियों ने शपथ भी ले ली। शपथ लेते ही प्रधानमंत्री और उनके मंत्रियों की टीम ने अगले सौ दिन के रोडमैप पर काम करना भी शुरू कर दिया। कौनसा मंत्रालय किसको मिला, इसको लेकर राजनीतिक सरगरमी बरकरार है। कोर मंत्रालय और अन्य महत्वपूर्ण विभाग भाजपा ने अपने पास रखे हैं। जानकार मानते हैं कि मोदी को जिन्होंने समझा है उन्हें कोई आश्चर्य नहीं हुआ है। अवश्य ही मोदी पहली बार गठबंधन की सरकार चला रहे हैं। ऐसा समझा जा रहा था कि केंद्र में मंत्रिमंडल के गठन के समय पूर्व में सूचना व प्रसारण मंत्री और पांचवीं बार जीते अनुराग ठाकुर का मंत्री बनना तय है, लेकिन मोदी ने इस बार भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को एक बार पुनः स्वास्थ्य मंत्रालय के पद पर ताजपोशी दे दी। अध्यक्ष पद पर नड्डा का दूसरा कार्यकाल चुनावों के चलते 30 जून तक बढ़ाया गया था और इस समय वह गुजरात से राज्यसभा के मैंबर भी हैं। एक तरह से मोदी ने एक तीर से दो निशाने साध लिए। गुजरात के मंत्री और हिमाचल को भी नुमायन्दगी मिल गई। कहा जा रहा है कि गठबंधन की मजबूरी के चलते अनुराग की छुट्टी हुई है।

उपचुनावों में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में पड़ने वाले तीन विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों की हार भी एक बड़ा कारण बताया जा रहा है। ऐसा बताते हैं कि संभवतः उन्हें संगठन में कोई बड़ी जिम्मदारी देकर समाहित किया जाएगा। हिमाचल के लिए निःसंदेह यदि केंद्र में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिला होता और सरकार के गठन के लिए वह दूसरी पार्टियों की मोहताज न होती तो शायद दो मंत्री भी मिल सकते थे। लेकिन दूसरी बार नड्डा को वरीयता देकर वस्तुतः मोदी ने नड्डा को उनके अध्यक्ष पद पर रहते हुए अनेक प्रदेशों में भाजपा सरकारों के गठन और मोदी-2 और मोदी-3 में उनकी सांगठनिक कार्यशैली, अनथक परिश्रम और वक्तृत्व कला को ध्यान में रखते हुए पुनः उन पर विश्वास जताया है। 2014 में जब पहली बार मोदी सरकार बनी थी, तब नड्डा सेहत मंत्री बने थे और इस बार भी स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ रसायन और उर्वर मंत्रालय की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर उनके राजनीतिक कद को ऊंचा किया है। इससे न सिर्फ नड्डा का राष्ट्रीय राजनीति में कद बढ़ा है, बल्कि हिमाचल का मान भी ऊंचा हुआ है। लेकिन जगत प्रकाश नड्डा का यह राजनीतिक सफर इतना आसान नहीं रहा है, जितना यह दिखाई देता है। मुझे याद आता है आठवें दशक के हिमाचल विश्वविद्यालय का वह दौर जब समरहिल में छात्र राजनीति या यूं कहें छात्र हित की बात को उठाने के लिए कोई संगठित व्यवस्था नहीं थी। अवश्य ही गुरु मोहर सिंह, कश्मीर सिंह ठाकुर और राकेश सिंघा आदि मार्क्सवादी रुझान और समाजवादी सोच को प्रचारित-प्रसारित कर रहे थे। प्रारंभिक दौर में उन्हें कोई वैचारिक चुनौती देने वाला भी नहीं था। ऐसे माहौल में सुनील उपाध्याय और जगत प्रकाश नड्डा ने कैम्पस में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को स्थापित करते हुए राष्ट्रवादी विचारधारा का झंडा बुलंद किया। शनैः शनैः राष्ट्रवादी सोच के चलते जगत प्रकाश नड्डा यानी जेपी ने छात्रों में मधुर व्यवहार और सुनने की कला से लोकप्रियता हासिल कर ली। एसएफआई के लिए यह अप्रत्याशित था कि कोई दूसरा संगठन (एबीवीपी) भी उनकी बराबरी करेगा। छात्र चुनावों में जगत प्रकाश नड्डा छात्र संघ के निर्वाचित अध्यक्ष बन गए और अन्य सीटें भी बटोर ले गए। संगठन खड़ा करना, उसे लोकप्रियता की बुलंदी पर ले जाना और नेतृत्व के गुण, यह सब देखते हुए वह 1991 में भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष पद पर सुशोभित हुए। यहीं पर केंद्र की राजनीति में स्थापित बड़े-बड़े भाजपा नेताओं से सम्पर्क में रहे, उनका स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त किया। उनकी इसी काबीलियत के चलते वह हिमाचल की राजनीति में चुनावी रण में उतरते हैं और 93-94 में विधानसभा के मैंबर बनते हैं। साथ ही विधानसभा में भाजपा ग्रुप के लीडर बनते हैं। युवा विधायक नड्डा की संसदीय समझ और विधायक के तौर पर उनके लोकव्यवहार को देखकर तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह को उनका मुरीद बना दिया। वह विधानसभा में नड्डा की संसदीय कार्यशैली और व्यवहार को देखते हुए उनकी पीठ भी थपथपा देते थे।

वीरभद्र जल्दी ही किसी के बारे में राय बनाने वालों में से नहीं थे, पर प्रतिपक्ष में रहते हुए जैसे जवाहर लाल नेहरु की दृष्टि अटल बिहारी वाजपेयी पर पड़ी थी, वैसा ही वीरभद्र-जगत प्रकाश नड्डा के बारे में सहज ही कहा जा सकता है। परंतु आगे का राजनीतिक सफर जेपी के लिए आसान नहीं रहने वाला था।1998 में जब धूमल सरकार बनी तो उन्हें यहां भी स्वास्थ्य और परिवार नियोजन के साथ संसदीय कार्य मंत्री के कैबिनेट मंत्री के रूप में जिम्मेदारी दी गई, जिसे उन्होंने बखूबी 5 वर्ष यानी 2003 तक निभाया। प्रेम कुमार धूमल ने जब दूसरी बार भाजपा सरकार की कमान संभाली तो नड्डा को पुनः 2008 में वन एवं पर्यावरण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री के रूप काम करने का अवसर प्राप्त हुआ। माना जाता है कि धूमल और नड्डा के बीच 36 का आंकड़ा शुरू से ही था, लेकिन 2010 में जब जेपी ने मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दिया तो मतभेद सामने आए। यह भी कहा जाता है कि धूमल साहब नड्डा के विधानसभा क्षेत्र के साथ भेदभाव करते थे। यहां तक कि अधिकारियों व कर्मचारियों को भी उनके बिना पूछे या सलाह लिए बिना बदल लिया जाता था।

## निर्जला एकादशी : कई एकादशियों के बराबर फल देने वाला व्रत

**चिंतन-मनन**



हिंदू माह के ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को निर्जला एकादशी का व्रत किया जाता है। निर्जला यानी यह व्रत बिना जल ग्रहण किए और उपवास रखकर किया जाता है। इसलिए यह व्रत कठिन तप और साधना के समान महत्त्व रखता है। हिंदू पंचांग के अनुसार वृषभ और मिथुन संक्रांति के बीच शुक्ल पक्ष की एकादशी निर्जला एकादशी कहलाती है। इस व्रत को भीमसेन एकादशी या पांडव एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक मान्यता है कि भोजन संयम न रखने वाले पांच पांडवों में एक भीमसेन ने इस व्रत का पालन कर सुफल पाए थे। इसलिए इसका नाम भीमसेनी एकादशी भी हुआ। हिंदू धर्म में एकादशी व्रत का मात्र धार्मिक महत्त्व ही नहीं है, इसका मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के नजरिए से भी बहुत महत्त्व है। एकादशी का व्रत भगवान विष्णु की आराधना को समर्पित होता है। इस दिन जल कलश, गौ का दान बहुत पुण्य देने वाला माना गया है। यह व्रत मन को संयम सिखाता है और शरीर को नई ऊर्जा देता है। यह व्रत पुरुष और महिलाओं दोनों द्वारा किया जा सकता है। वर्ष में अधिकमास की दो एकादशियों सहित 26 एकादशी व्रत का विधान है। जहां साल भर की अन्य 25 एकादशी व्रत में आहार संयम का महत्त्व है, वहीं निर्जला एकादशी के दिन आहार के साथ ही जल का संयम भी जरूरी है।

**मान्यता :** ऐसी धार्मिक मान्यता है कि कोई भी व्यक्ति मात्र निर्जला एकादशी का व्रत करने से साल भर की पच्चीस एकादशियों का फल पा सकता है। यहां तक कि अन्य एकादशी के व्रत भंग होने के दोष भी निर्जला एकादशी के व्रत से दूर हो जाते हैं। कुछ व्रती इस दिन एक भुक्त व्रत भी रखते हैं यानी सांय दान-दर्शन के बाद फलाहार और दूध का सेवन करते हैं।

**पूजा विधि :** इस व्रत में एकादशी तिथि के सूर्योदय से अगले दिन द्वादशी तिथि के सूर्योदय तक जल और भोजन का त्याग किया जाता है। इसके बाद दान, पुण्य आदि कर इस व्रत का विधान पूर्ण होता है। धार्मिक महत्त्व की दृष्टि से इस व्रत का फल लंबी उम्र, स्वास्थ्य देने के साथ-साथ सभी पापों का नाश करने वाला माना गया है। एकादशी के दिन सर्वप्रथम भगवान विष्णु की विधिपूर्वक पूजा करें। उसके बाद ओउम नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करें। इस दिन व्रत करने वालों को चाहिए कि वे जल से कलश भरें व सफेद वस्त्र को उस पर ढककर रखें और उस पर चीनी तथा दक्षिणा रखकर ब्राह्मण को दान दें।

## आपके पत्र

### विवादों में नीट परीक्षा परिणाम

इस साल नीट परीक्षा विवादों में है। नीट परीक्षा परिणाम को लेकर सरकार और नीट आयोजित करने वाली संस्था पर घोटाले और गड़बड़ी का आरोप लगाया जा रहा है। लोग सडकों पर उतर कर नीट परीक्षा दोबारा कराने की मांग कर रहे हैं। अब इस पर भी सियासत होने लगी है। वहीं जिन बच्चों ने परीक्षा पास की है वो अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। कांग्रेस सीबीआई जांच की मांग कर रही है, तो सुप्रीम कोर्ट ने पूरी परीक्षा रद्द करने की मांग को गलत बताया है।

शिक्षा मंत्री ने कहा है कि सरकार छात्रों के साथ है और इस मुद्दे पर सख्त कार्रवाई भी होगी, लेकिन इसे राजनीतिक विवाद का विषय बनाना गलत है। अब देखना यह होगा कि सरकार इस विषय में क्या कदम उठाती है ताकि भविष्य में छात्रों के साथ ऐसी घटनाएं दोबारा न हों और पढ़ाई से उनका ध्यान न भटके।

-श्रेया शर्मा, पलामू

न्यूज फ्लैश

## हीट वेव में जल रहा है दक्षिण बिहार, सीमांचल में बारिश से राहत

**पटना, एजेंसी**

बिहार के लोगों को गर्मी से अभी राहत नहीं मिलने जा रही है। कई जिलों का अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। वहीं सीमांचल क्षेत्र में हल्की बारिश होने से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली है। लेकिन दक्षिण बिहार हीट वेव की पूरी तरह चपेट में है। दक्षिण बिहार और उत्तर पश्चिम उत्तर मध्य बिहार के क्षेत्र में हीट वेव और हॉट एंड्यूमिड कंडीशन बना हुआ है।

बिहार में हीट वेव : बिहार में 7 जून से हीट वेव चल रहा है और लगातार नौवें दिन आज शनिवार को हीट वेव का कंडीशन बना हुआ है। औरंगाबाद, अरवल के जिलों में हीट वेव का रेड अलर्ट है। जबकि पटना छपरा सिवान जैसे जिलों में हीट वेव का ऑरेंज अलर्ट है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के मौसम वैज्ञानिक आशीष कुमार ने बताया है कि राज्य के दक्षिणी हिस्सों में हीट वेव का कंडीशन बना हुआ है।

जमकर बरसेगा बदरा : वर्तमान समय में साउथ ईस्टर्न पार्ट में गर्म हवा चल रही है जिसकी वजह से हीट वेव और गर्मी ज्यादा महसूस हो रही है। अगले 4 से 5 दिनों तक राज्य में बारिश के लिए अनुकूल स्थिति बन रही है और इसी कारण 4 दिन बाद बारिश होने की संभावना है। मानसून में सामान्य अथवा सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। भारत मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुरूप जून और जुलाई के महीने में सामान्य से मानसून की बारिश कम होगी, लेकिन अगस्त और सितंबर महीने में सामान्य से अधिक बारिश होगी और पूरे मानसून अवधि के दौरान सामान्य अथवा सामान्य से अधिक बारिश होगी।

## पति के सामने जिंदा जली पत्नी, नहीं खुला कार का सेंट्रल लॉक, छपरा में दर्दनाक हादसा

**छपरा, एजेंसी**

बिहार के छपरा में बड़ा हादसा हुआ है। जहां तरैया थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह कार में आग लगने से एक महिला की जिंदा जलकर मौत हो गई है। यह घटना जिले के तरैया थाना क्षेत्र के एसएच 104 स्थित बगही गांव के पास हुई। इस घटना में महिला का पति कार का शीशा तोड़कर बाहर निकलने में कामयाब हुआ। जिंदा जलने वाली महिला अवतार नगर के पकवलिया गांव निवासी दीपक राय की पत्नी सोनी देवी है।

पति के सामने जिंदा जली पत्नी : घटना की सूचना पर तरैया पुलिस फायर बिग्रेड के साथ मौके पर पहुंची लेकिन तब तक महिला पूरी तरह से जल चुकी थी। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि दीपक कुमार राय और उनकी पत्नी सोनी देवी अयोध्या धाम दर्शन रामलला के दर्शन करने गए थे, वहां से लौटने के दौरान रास्ते में अचानक कार में आग लग गई। जिसमें पत्नी की जलकर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि स्विफ्ट डिजायर में आग लगने से कार लॉक हो गई थी।

नहीं खुला कार का सेट्रल लॉक : घटना की सूचना पाकर तरैया पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची, जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक महिला बुरी तरह से कर के अंदर ही जल गई थी। पुलिस ने महिला का शव कार से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

## पटना के एक्सिस बैंक में लाखों की लूट, पिस्टल की नोंक पर लुटेरों ने उड़ाए 19.50 लाख रुपए

**पटना, एजेंसी**

बिहार की राजधानी पटना के बिहटा थाना से महज कुछ ही दूरी पर देवकुली स्थित एक्सिस बैंक में करीब चार नकाब पोश अपराधियों ने घुसकर लाखों रुपए की लूट को अंजाम दिया। बदमाश हथियार से लैस थे। पिस्टल का भय दिखा कर बैंक की तिजोरो में रखे करीब 17 लाख 50 हजार रुपये एवं बैंक के ग्राहक का गणेश चौधरी से 41हजार तथा एक माईक्रो फाइनान्स कर्मी से करीब 1लाख 45 हजार कुल 19.50 लाख रुपये लूट कर फरार हो गये। घटना की सूचना मिलने के बाद पटना पश्चिम सिटी एसपी और डीएसपी मौके पर पहुंचे।

पटना के एक्सिस बैंक में लाखों की लूट : इधर सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बैंक में रखे सीसीटीवी से सुराग तलाशना शुरू कर दिया है। बैंक कर्मियों के मुताबिक लुटेरे 4 की संख्या में बैंक के अंदर दाखिल हुए। कुछ ने बैंक कर्मी पर पिस्तौल तानकर तिजोरी में रखे रुपए लूट लिये तो वहीं 2 अन्य लुटेरे बैंक के ग्राहकों से लूटपाट करने लगे। सभी को पिस्तौल की नोंक पर रखकर लूटपाट की। ग्राहकों का भी लगभग 2 लाख रुपए लूट लिए।

सीसीटीवी से लुटेरों की तलाश शुरू : इस मामले में पुलिस छानबीन कर रही है। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए इलाके की घेराबंदी कर चुकी है। फिलहाल पुलिस लूट कितने की हुई उसका आंकलन कर रही है। सभी लुटेरे नकाब में थे, इसलिए उन्हें पहचानने में भी परेशानी हो रही है।

## गया के इंश्योरेंस कंपनी कार्यालय में लगी आग, लाखों की संपत्ति जलकर राख

**गया, एजेंसी**

बिहार के गया में भीषण आग लग गई। तीन मंजिला इमारत के ऊपरी तल्ले पर आग लगी। यह आग एक इंश्योरेंस कंपनी के कार्यालय लगी थी। जिसने धीरे-धीरे विकराल रूप धारण कर लिया। इससे कंपनी के लाखों की संपति का नुकसान हुआ है। वहीं, कागजातों के भी जलने की खबर है। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने किसी प्रकार आग पर काबू पाया। यह घटना रामपुर थाना अंतर्गत गेवाल बिगहा मोड़ी की है।

लोगों ने धुंआ निकलता देखा तो दी सूचना : लोगों ने तीन मंजिला बिल्डिंग के सबसे ऊपरी तल्ले से धुआं निकलते देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड को इसकी जानकारी दी गई। आग कैसे लगी यह तो पता नहीं चल पाया है पर शॉर्ट सर्किट की आशंका व्यक्त की जा रही है।

कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू : आग लगने की सूचना के बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची। दो बड़े दमकल वाहन और एक छोटे दमकल वाहन के साथ अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी। सबसे ऊपरी मंजिल पर आग लगे होने के कारण अग्निशमन विभाग के सामने बड़ी चुनौती थी। हालांकि इसी बीच अग्निशमन विभाग की टीम पाइप लेकर सबसे ऊपरी तल्ले पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग करीब 3 घंटे तक लगी रही। बताया जाता है कि इमारत की पहले मंजिला पर एसबीआई बैंक है। दूसरे मंजिल पर जिम है।

## टीम ने छापेमारी कर 27 पक्षी बरामद किये

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी**


वन विभाग ने पहली बार पक्षियों पर क्रूरता के खिलाफ दिखने लायक कार्रवाई की है। इधर-उधर घूमकर पक्षियों को बेचने वाले बहेलिए पर शिकंजा कसा गया। कंपनीबाग स्थित सड़क किनारे वन विभाग की टीम ने 27 पक्षी बरामद किये। इनमें 15 रोजरिंग्ड पैराकीट, 8 स्क्रेल वेस्टेड मूनिया और 4 स्ट्रोवरी मूनिया पक्षी से भरे कई पिंजरे जब्त किये। हालांकि, इसे बेचने वाले बहेलिया भाग निकले। इन पिंजड़ों में रोजरिंग्ड पैराकीट, (मिठू तोता) और पैराकीट व मुनिया प्रजाति के तोते के अलावा अन्य प्रजाति की चिड़िया थी। डीएफओ भरत चिंता पल्ली ने बताया कि 26 पक्षी को आजाद किया गया है। एक पक्षी के पैर में चोट लगी थी। इलाज के बाद उसे भी आजाद कर दिया जायेगा। कहा कि इनकी बिक्री करना भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के अनुसार प्रतिबंधित है। इसमें कड़े दंड का भी प्रावधान है। बताया कि ऐसे पक्षी व अन्य जो जानवर प्रतिबंधित है, उनकी बिक्री अगर कोई करता है तो इसकी जानकारी मिलने पर छापेमारी कर उन्हें भी आजाद किया जायेगा। कहा कि, शहर में खुलेआम फेरी लगाकर बिक्री करने वाले बहेलिए से पक्षियों को मुक्त कराना है। इससे कड़ा संदेश जाएगा। वहीं बहेलियों को ट्रेनिंग देकर पशु-पक्षियों के संरक्षण के काम से जोड़ा भी जायेगा, तभी इनके शिकार व व्यापार पर प्रभावी रोक लगाई जा सकेगी। बहेलिये पक्षियों के आचार-व्यवहार के अच्छे जानकार होते हैं। बस उनकी समझ और ऊर्जा का सकारात्मक दिशा में करने की जरूरत है।

# 8500 लेने के लिए उमड़ी महिलाओं की भीड़

### कैमूर में प्रशासन ने जोड़े हाथ- अफवाह पर ध्यान न दें

**कैमूर, एजेंसी**

भले ही लोकसभा चुनाव का रिजल्ट एनडीए के पक्ष में आया हो लेकिन कांग्रेस के चुनावी गारंटी कार्ड से उड़ी अफवाह का असर इलेक्शन के बाद दिखाई दे रहा है। मामला कैमूर के भभुआ का है, जहां खाते में रुपए आने की अफवाह में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं सीएसपी सेंटर पहुंच गई। अचानक आई भीड़ की सूचना पर महनिया पुलिस ने महिलाओं को समझाने का प्रयास किया। ये सभी महिलाएं कांग्रेस के 8500 रुपए हर महीने गारंटी कार्ड वाले वादे और घर की वरिष्ठ महिला को खाते में 1 लाख रुपए का लाभ लेने के लिए खाता खुलवाने पहुंचीं हुईं थीं।






कैमूर में 8500 लेने की उमड़ी भीड़ : दर-असल, लोकसभा चुनाव में महिलाओं को पैसे दिए जाने के लुभावने वादे का असर चुनाव जीतने के बाद अब देखने को मिल रहा है, जिसका नतीजा भारी संख्या में महिलाएं कैमूर जिले के अलग-अलग प्रखंडों से खाता खुलवाने के लिए मोहनिया पहुंची। सूचना पर पहुंचे अधिकारियों द्वारा महिलाओं को समझा बुझाकर हटाने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन महिलाओं के आने का सिलसिला जारी है। महिलाएं खाता खुलवाने के नाम पर अड़ी हुई हैं।

गारंटी वाले अफवाह से फजीहत : पूरे मामले पर पार्षद प्रतिनिधि रविकांत ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के घोषणा पत्र में घर की वरिष्ठ महिलाओं को एक लाख दिए जाने के मामले को लेकर महिलाएं खाता खुलवाने के लिए पहुंची हुई हैं। भीड़ देखकर मैंने इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को दी है।

ऐसी कोई स्कीम नहीं ये अफवाह है : वहीं पूरे मामले पर मोहनिया बीडीओ संजय दास ने खंडन करते हुए बताया कि खाता खुलवाने के लिए महिलाएं विभिन्न प्रखंडों से आ रही हैं। महिलाओं का कहना है कि खाता खुलवाने पर कुछ लाभ प्राप्त होता है, लेकिन यह बिल्कुल ही अफवाह है। ऐसी कोई स्कीम स-रकार की नहीं है। इतनी गर्मी है उसके बावजूद अपने बच्चों को लेकर महिलाएं यहां पहुंच रही हैं। महिलाएं अपने घरों में रहें यह अफवाह है, इसपर ध्यान ना दें। हम लोग समझा बुझाकर वापस भेज रहे हैं।

क्या है मामला : दरअसल लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 5 गारंटी का जिक्र किया था उसमें हर महिला को 8500 रुपए प्रतिमाह और घर की एक वरिष्ठ महिला को सालाना 100000 रुपए देने का वादा किया था। चुनाव में कांग्रेस 99 सीट पर अटक गई। इंडिया गठबंधन ने एनडीए की सीटों पर सेंध जरूर लगाई लेकिन सरकार एनडीए की ही बनी। प्रधानमंत्री के पद पर तीसरी बार नरेंद्र मोदी ने शपथ ली। चुनावों में जो नेताओं ने लोगों को समझाया था वो अब अफवाह बनकर मुसीबत खड़ी कर रहा है। कैमूर सासाराम लोकसभा क्षेत्र में आता है और यहां से कांग्रेस प्रत्याशी मनोज राम ने जीत दर्ज की है।

### गिरिराज सिंह ने तेजस्वी यादव पर किया पलटवार, कहा

## जनता ने जिन्हें झुनझुना थमाया वो कर रहे हैं गलत बयानी

**पटना, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह शनिवार को पटना पहुंचे। पटना एयरपोर्ट पर मौजूद भाजपा कार्यकताओं ने उनका जमकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता ने जिन्हें झुनझुना थमाया है, वह कुछ से कुछ गलत बयानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार को 8 मंत्री मिला है और निश्चित तौर पर इस बार बिहार का भला होने वाला है।




गलत बयानी कर रहे हैं: गिरिराज सिंह ने विपक्ष पर हमला करते हुए सिर्फ और सिर्फ केंद्र सरकार को लेकर कुछ से कुछ बोलते रहते हैं। गठबंधन को लेकर कुछ से कुछ बोलते रहते हैं। लेकिन उनके गठबंधन के क्या हालात हैं, उनका क्या हाल बिहार की जनता ने किया है यह उन्हें याद नहीं है। इसीलिए गलत बयानी कर लोगों को भ्रम में डालने का कोशिश कर रहे हैं। लेकिन जनता सब कुछ जानती है और जनता ने जो परिणाम दिया है उसके लिए बिहार की जनता को हम आभार भी प्रकट करते हैं।

जनता ने सीखा दिया है: गिरिराज सिंह ने कहा कि मुद्दे पर बात करने वाले लोग आज भाग रहे हैं। जनता ने उन्हें सीखा दिया कि किसने जनता को भला किया है और किसने सबका साथ और सब का विकास का काम किया है। वावजूद इसके उन्हें अभी तक सबक नहीं मिला है। हम लोगों को केंद्रीय मंत्री बनाया गया है, निश्चित तौर पर जो विभाग मिला है उसको लेकर हम काम करेंगे और जनता की जो उम्मीद है उस पर खड़ा उतरेंगे।

क्या कहा था तेजस्वी ने: बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मोदी कैबिनेट में विभागों के बंटवारे पर कहा था-₹ यह प्रधानमंत्री के ऊपर है कि वे किसे कौन-सा विभाग देते हैं लेकिन जिस बिहार की वजह से वे प्रधानमंत्री बने हैं, उसी बिहार के लोगों को जब मंत्रालय दिया गया तो कहीं न कहीं झुनझुना थमा दिया गया।

## पटना एयरपोर्ट पर शहीद जवान पवन कुमार को दी गई श्रद्धांजलि

### सीएम नीतीश ने भी जताया शोक

**पटना, एजेंसी**

गुरुवार को जम्मू कश्मीर के राजौरी जिला अंतर्गत नौशेरा में शाम के समय जवानों का एक वाहन खाई में गिर गया था। इस घटना में बिहार के मधेपुरा के जवान शहीद हो गए थे। जवान की पहचान घैलाढ़ प्रखंड के झिटकिया पंचायत के पथराहा वार्ड नंबर 8 निवासी बिंदेश्वरी यादव के बेटे पवन कुमार (38 वर्षीय) के रूप में हुई है। पवन कुमार के पार्थिव शरीर को शनिवार को बिहार लाया गया। पटना में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

पटना में शहीद जवान को दी गई श्रद्धांजलिः बता दें कि जम्मू कश्मीर के नौशेरा में हादसे में जान गंवाने वाले मधेपुरा के जवान का पार्थिव शरीर शनिवार को पटना एयरपोर्ट पहुंचा, जहां राजकीय और सैनिक सम्मान के साथ उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्यमंत्री की तरफ से नीरज कुमार बबलू और स्थानीय विधायक चंद्रशेखर ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं पटना के जिलाधिकारी और पटना के आईजी ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी।

जम्मू कश्मीर में हुआ था हादसाः शहीद जवान पवन कुमार के बड़े भाई हवलदार रामदेव ने बताया कि उनके छोटे भाई हवलदार पवन जम्मू कश्मीर के राजौरी के नौशेरा में पोस्टेड थे। गुरुवार की शाम गश्ती के वक्त गाड़ी खाई में गिर गई। वाहन नौशेरा के लाम इलाके के भवानी की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में एक मोड़ पर गाड़ी लगभग 60-70 फीट गहरी खाई में जा गिरी। बता दें कि राजकीय सम्मान के साथ जवान का उनके पैतृक गांव पथराहा में अंतिम संस्कार होगा।



सीएम नीतीश ने जताया शोकः वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी जवान की शहादत पर शोक प्रकट किया है। नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि जम्मू-कश्मीर के नौशेरा में शहीद हुए बिहार के मधेपुरा जिले के पथराहा गांव निवासी, सेना के हवलदार पवन कुमार जी को नमन। उनकी शहादत को देश हमेशा याद रखेगा। वीर सपूत के परिजनों के प्रति संवेदना है।

डेढ़ महीने पहले घर आए थे पवनः यह हादसा भवानी गांव के पास हुई थी जो नौशेरा के सेक्टर से नियंत्रण रेखा के पास है। जानकारी के मुताबिक वाहन पर 5 सैनिक सवार थे और ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया था। जिसके बाद गाड़ी सड़क से नीचे उतर गई और खाई में जा गिरी। करीब ढाई साल से पवन नौशेरा में पोस्टेड थे। डेढ़ महीने पहले वह घर छुट्टी पर आए थे।

## कंपनीबाग रोड में दुकान की जगह गाड़ियों की पार्किंग, बड़ी बिल्डिंगों की होगी जांच

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी**

लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता खत्म होने के बाद महापौर निर्मला साहू की अध्यक्षता में सशक्त स्थायी समिति की मीटिंग हुई। इसमें शहर में बिना नक्शे की स्वीकृति बेतरतीब तरीके से हो रहे बिल्डिंगों के निर्माण को लेकर खूब सवाल-जवाब हुआ। नगर आयुक्त ने इंजीनियरों को जांच की जिम्मेदारी सौंपी है। नक्शा शाखा की कार्यशैली को लेकर भी मेयर सहित अन्य सदस्यों ने सवाल उठाया। नगर आयुक्त ने लंबित नक्शा की स्वीकृति देने सहित आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इसके अलावा कंपनीबाग रोड किनारे दुकान की जगह अब गाड़ियों की पार्किंग होगी। इसकी व्यवस्था नगर निगम को करना है। डीएम आवास से लेकर कंपनीबाग मस्जिद तक 10 कर्मियों की स्थायी रूप से प्रतिनियुक्ति कर गाड़ियों की निगरानी करने का फैसला लिया गया है। रात्रि सफाई में मेयर की खानापूर्ति की शिकायत पर अब हर रात निगम अधिकारियों की टीम शहर में निकलेगी। मेयर ने रात्रि सफाई में खानापूर्ति पर गहरी नाराजगी जताई। मीटिंग के दौरान मुख्य रूप से उप महापौर डॉ मोनालिसा, नगर आयुक्त नवीन कुमार, सशक्त स्थायी समिति के सदस्य राजीव कुमार पंकू, अभिमन्यु चौहान, अमित रंजन, केपी पप्पू, सुरभि शिखा, अपर नगर आयुक्त नंद किशोर चौधरी आदि मौजूद थे।

बढ़ी दरों पर लगेगा होल्डिंग टैक्स पर जुमार्ना नहीं शहर के कमर्शियल होल्डिंग टैक्स में 2022-23 से बढ़ोतरी किया गया है। बढ़े दर से वसूली करनी है। लेकिन, पहले के बकाया पर जुमार्ना नहीं लेना है। मार्केट कॉम्प्लेक्स, मॉल, नर्सिंग होम व अन्य बिल्डिंग बनाने में नियम का पालन नहीं हो रहा है। नगर आयुक्त नवीन कुमार ने बैठक में मौजूद इंजीनियरिंग को हिदायत दी है कि पांच प्वाइंट पर जांच करनी है। इसमें बिल्डिंग बायलॉज के मुताबिक मकान बना है या नहीं। इसकी ऊंचाई क्या है। ग्रीन एरिया क्या है। चारों तरफ कितना जगह छोड़ा गया है। सड़क की चौड़ाई क्या है। नक्शा जो पहले से स्वीकृत है उसके अनुसार बिल्डिंग बना है या इसके विपरीत। कार्यपालक अभियंता को टीम गठित कर इसकी जांच की जवाबदेही दी गयी है। प्रत्येक 15 दिन पर कार्रवाई के साथ रिपोर्ट मेयर को देना होगा।

जलापूर्ति शाखा ने सबमर्सिबल को लेकर दी गलत रिपोर्ट मीटिंग के दौरान मेयर सहित कई सदस्यों ने निगम के अधिकारी व कर्मियों की कार्यशैली पर सवाल उठाया। कहा कि मांगने पर गलत रिपोर्ट दी जाती है। फील्ड में निकलने की बजाय अधिकारी व कर्मचारी ऑफिस में बैठकर रिपोर्ट बना देते हैं। यही कारण है कि उन्हें शहर में बंद व चालू सबमर्सिबल का जो रिपोर्ट दिया गया। वह गलत निकला। मेयर ने कहा कि जब भी कुछ बोला जाता है, तो जांच का आदेश दे दिया जाता है। कोई एक्शन नहीं होता। सुपर सकर मशीन खराब, रूका है उड़ाही बरसात पूर्व नालों की उड़ाही की भी समीक्षा की गयी। पता चला कि निगम का जो सुपर सकर मशीन है। वह खराब है। इससे उड़ाही का कार्य बाधित है। कलमबाग चौक सहित कई हिस्से में पक्के नाले के स्लैब को तोड़ दिया गया है। लेकिन, मशीन के अभाव में उड़ाही का कार्य बाधित है। सदस्यों ने कहा कि बरसात में जलजमाव की समस्या नहीं हो। इसके लिए सभी आउटलेट, नाले व कल्वर्ट की सफाई हर हाल में हो जानी चाहिए। पिछड़े वार्डों को मिलेगा 40 फीसदी अतिरिक्त राशि शहर के कई ऐसे वार्ड है, जिसमें शहरी सुविधाओं की घोर कमी है।

इसमें वार्ड नंबर 01, 02 के अलावा 46, 47, 48, 49 आदि शामिल है। इन सभी वार्डों में विकास के नाम जो राशि मिलेगी। वह अन्य वार्डो की तुलना में 40 फीसदी अति-रक्त होगी। सशक्त स्थायी समिति में इस पर मुहर लगा दी गयी है। हालांकि, इससे पहले भी एक बार सशक्त स्थायी समिति से इससे संबंधित प्रस्ताव पर मंजूरी मिल चुकी है।

## मसौढ़ी में बकरीद पर्व को लेकर पुलिस और मजिस्ट्रेट की तैनाती

### असामाजिक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर

**पटना, एजेंसी**

राजधानी पटना सहित पूरे बिहार में बकरीद की तैयारियां जोरों पर है। बकरीद पर्व को लेकर पूरे मसौढ़ी अनुमंडल में कुल 36 जगहों पर दंडाधिकारियों के साथ पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा कुल 29 जगहों पर नमाज पढ़ी जाने वाली है, जिसको लेकर एसडीएम अमित कुमार पटेल ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के लिए आदेश जारी कर दिए हैं।

सुरक्षा के कड़े इंतजामः एसडीएम ने बताया है कि पूरे मसौढ़ी अनुमंडल में बकरीद पर्व को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। खासकर वैसे जगहों पर जहां पर काफी संख्या में नमाजियों के भीड़ होती है। वहां पर धारा 144 लगा दिया गया है। वहीं, मसौढ़ी के गांधी मैदान में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए है। अनुमंडल कार्यालय को नियंत्रण कक्ष बनाया गया है, जहां दो पालियों में पदाधिकारीयों की तैनाती की गई है। इसके अलावा गर्मी के देखते हुए पानी की व्यवस्था, चिकित्सा दल की तैनाती की गई है।

सोशल मीडिया पर पैनी नजरः उन्होंने बताया कि सभी दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारी को खास तौर पर निर्देशित किया गया है कि सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखें। लोगों से अपील की गई है कि अफवाहों पर ध्यान ना दें, सभी थाना अंतर्गत क्यूआरटी की टीम गठित की गई है। इसके साथ आम अवाम को शांति सौहार्द के साथ बकरीद पर्व मनाने की अपील की गई है।

इन जगहों पर पढ़ा जाएगा नमाजः गौरतलब है कि मसौढी प्रखंड में 12, धनरूआ प्रखंड में 7 और पुनपुन प्र-खंड में 10 जगह पर नमाज पढ़ा जाएगा, जिसमें मसौढ़ी के रहमतगंज, कश्मीरगंज, पुरानी बाजार, मालिकाना, दहीभत्ता, दौलतपुर, उसमानचक, नदौल और भगवानगंज से बिजोरा, दनाडा, दौलतपुर ,बेदौली, धनरूआ के बरनी साइ आदि को संवेदनशील घोषित किया गया है।

## नीट परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर पटना की सड़क पर उतरे छात्र

**पटना, एजेंसी**

नीट-यूजी परीक्षा विवाद मामले में बिहार की राजधानी पटना में छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। दिनकर गोलंबर के पास शनिवार को छात्रों का समूह जमा हुआ और नारेबाजी की। छात्रों ने परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर यह विरोध प्रदर्शन किया। वहां से गुजरने वाले वाहनों को भी रोका गया और इस प्रदर्शन से काफी देर तक यातायात व्यवस्था भी बाधित रही। टायर और पुतला जलाकर छात्रों ने अपनी नाराजगी जाहिर की। वहीं थोड़ी देर बाद ही पुलिस ने छात्रों को उक्त जगह से हटाया।

**नीट परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर प्रदर्शन** : पटना में प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आरोप है कि नीट का पेपर लीक हुआ है। उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ अपनी नाराजगी प्रकट करते हुए मीडिया के समक्ष कहा कि हमारी मांग है कि परीक्षा को रद्द किया जाए। इस मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए। छात्रों के करियर के साथ ये खिलवाड़ हुआ है। चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि अगर हमारी मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन होगा।

पुलिस का दिखा मानवीय चेहरा, गर्मी से अचेत हुए छात्र की मदद की

वहीं नीट यूजी के कथित पेपर लीक मामले को लेकर पटना में नाराज छात्रों के प्रदर्शन के दौरान पुलिस का मानवीय चेहरा भी दिखा। एकतरफ जहां भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस सक्रिय रहे तो वहीं इस



दौरान प्रदर्शन करते हुए एक छात्र गर्मी के कारण बेहोश हो गया। जब पुलिसकर्मी की नजर उस छात्र की हालत पर पड़ी तो उसे फौरन पानी पिलाने एक महिला पुलिसकर्मी आगे आयीं। युवक को पंखा झेलकर राहत पहुंचाने का भी प्रयास हुआ।

**सहरसा में भी विरोध प्रदर्शन** : सहरसा में भी नीट परीक्षा विवाद को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने नीट परीक्षा विवाद को लेकर वीर कुंवर सिंह चौक पर विरोध प्रदर्शन किया।

बता दें कि नीट रिजल्ट विवाद के बीच एनटीए ने परीक्षा में ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 छात्रों के लिए फिर से परीक्षा आयोजित करने की बात कही है। वहीं इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार से भी जवाब मांगा है। बिहार के 13 परीक्षार्थी जांच के घेरे में हैं। जिनमें 4 परीक्षार्थी पूर्व में ही गिरफ्तार हो चुके हैं और बाकि 9 पर-ीक्षार्थियों को अब आर्थिक अपराध इकाई ने नोटिस भेजकर बुलाया है। इन परीक्षार्थियों से ईओयू पूछताछ करेगी।

न्यूज फ्लैश

## विशाखापत्तनम में रामोजी राव की प्रतिमा का किया जाएगा अनावरण



**अमरावती, एजेंसी**

आंध्र प्रदेश के कोनासीमा जिले के कोठापेट में प्रसिद्ध मूर्तिकार राजकुमार वुडयार रामोजी समूह के अध्यक्ष रामोजी राव की साढ़े सात फीट ऊंची प्रतिमा तैयार कर रहे हैं। प्रतिमा विशाखापत्तनम में स्थापित की जाएगी, जिसे ईनाडु का जन्मस्थान माना जाता है, जिसे राव ने ही बनाया था। राजकुमार, जो वर्तमान में प्रतिमा को अंतिम रूप दे रहे हैं, ने कहा कि विजयनगरम के सांसद कालीशेट्टी अप्पलानायडू ने मीडिया दिग्गज की प्रतिमा बनाने के लिए उनसे संपर्क किया था। राजकुमार ने कहा कि राव की कई तस्वीरें देखने के बाद, मैंने एक तस्वीर चुनी जो तब खींची गई थी जब वे 60 साल के थे। मैंने इस तस्वीर की मदद से राव की मूर्ति तैयार करना शुरू किया। मूर्ति चार दिनों में बनकर तैयार हो गई। शुक्रवार को सांसद अप्पलानायडू ने मूर्ति का निरीक्षण किया और कुछ संशोधन और समावेशन का सुझाव दिया। सांसद अप्पलानायडू ने कहा कि हमने ईनाडू के जन्मस्थान विशाखापत्तनम में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करने का फैसला किया है। दूसरी मूर्ति श्रीकाकुलम जिले के रणस्थलम में साई डिग्री कॉलेज के परिसर में स्थापित की जाएगी। सांसद ने कहा कि राव की मूर्ति बनाने का विचार उनकी भावना और विचारधारा को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आया। अप्पलानायडू ने कहा कि उनकी मूर्तियों की स्थापना तेलुगु समाज के लिए उनकी सेवाओं को याद करने के लिए की गई है। राव का 8 जून को हैदराबाद के एक अस्पताल में इलाज के दौरान बीमारी के कारण निधन हो गया था। उनके पार्थिव शरीर को रामोजी फिल्म सिटी में कॉर्पोरेट ऑफिस बिल्डिंग में रखा गया और उनके परिवार, दोस्तों और सभी क्षेत्रों के लोगों ने उन्हें यहां अंतिम श्रद्धांजलि दी। उन्होंने तेलुगु मीडिया, पत्रकारिता और फिल्म और मनोरंजन उद्योग पर उनके समूह के प्रभाव में राव के योगदान की सराहना की।

## बीजापुर में नक्सलियों की खूनी साजिश नाकाम

**बीजापुर, एजेंसी**

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और बीडीएस फोर्स ने डी माइनिंग के दौरान माओवादियों के लगाए तीन घातक बमों को निष्क्रिय कर दिया। सर्चिंग पर निकले जवानों को निशाना बनाने के लिए माओवादियों ने ये बम गदामली से कडेर के बीच बन रहे सड़क पर लगाए थे। फोर्स ने समय रहते सभी तीनों बमों को जमीन से निकालकर डिफ्यूज कर दिया। फोर्स के मुताबिक बरामद किए गए तीनों ऋएऊकाफी शक्तिशाली थे। फोर्स ने बमों को बरामद करने के बाद बताया कि बमों को स्ट्रीट सोलर पैनल के पोल को काटकर तैयार किया गया था। बरामद किए गए बमों में दो पाइप बम और एक कूकर बम शामिल है। दोनों पाइप बम तीस तीस किलो के और कूकर बम दस किला का था। नक्सलियों ने तीनों बमों को कमांड स्वीच सिस्टम से जोड़ रखा था। दो मीटर की दूरी पर सभी बम सीरीज में सेट किए हुए मिले हैं। अक्सर जवानों को निशाना और अपने एंबुश में फंसाने के लिए माओवादी जमीन के नीचे बमों को प्लांट कर देते हैं। जब भी नक्सल प्रभावित इलाकों में सड़क निर्माण का काम होता है वहां पर नक्सली इन बमों को प्लांट कर देते हैं। वायर के जरिए बाद में उसमें धमाका करते हैं। नक्सलियों की इस खूनी साजिश को समझते हुए अब जवान मेटेल डिटेक्टर का भी इस्तेमाल जंगलों में सर्चिंग के दौरान करने लगे हैं। पूरे बस्तर में इन दिनों नक्सलियों के खात्मे के लिए नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। नक्सल विरोधी अभियान के चलते माओवादी बौखलाए हुए हैं।

## बंगाल में नये विधायकों के शपथ ग्रहण को लेकर राजभवन-सरकार में फिर ठनी

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल में नये विधायकों के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर राज्य सरकार और राजभवन एक बार फिर आमने-सामने आ गए हैं। हाल ही में दो विधानसभा सीटों - मुर्शिदाबाद जिले में भगवानगोला सीट और उत्तर 24 परगना जिले में बारानगर सीट - पर हुए उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार विजयी रहे थे। सूत्रों ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस के रैयत हुसैन सरकार और सयंतिका बनर्जी को निर्वाचित हुए 11 दिन बीत गये हैं, लेकिन उनका शपथ ग्रहण नबन्ना स्थित राज्य सचिवालय और राजभवन के बीच 'तकनीकी गड़बड़ियों' में अटक गया है। आधिकारिक प्रोटोकॉल के अनुसार, नव निर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण के लिए राज्य के संसदीय कार्य विभाग से राजभवन में राज्यपाल कार्यालय को संदेश भेजा जाना है। सूत्रों का कहना है कि सरकार और बनर्जी के मामले में राजभवन को संदेश तो मिल गया है, लेकिन यह संसदीय कार्य विभाग के मंत्री की बजाय पश्चिम बंगाल विधानसभा के सचिव की ओर से भेजा गया है। सूत्रों ने बताया कि राजभवन ने अब तक उस संदेश का कोई जवाब नहीं दिया है जिससे दोनों विधायकों के शपथ ग्रहण को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। संयोग से, राज्यपाल सी।वी। आनंद बोस ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर राजभवन में तैनात पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित करने की मांग की। इससे पहले विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया था कि राजभवन के बाहर तैनात पुलिसकर्मियों ने गुरुवार शाम उन्हें और उनके साथ आये चुनाव बाद हिंसा के कुछ पीड़ितों को अंदर जाने से रोक दिया था। राज्यपाल ने अपने बयान में कहा था कि वह पुलिस विभाग के प्रभारी मंत्री से तब तक नहीं मिलेंगे जब तक पीड़ितों को उनसे मिलने नहीं दिया जाता। दरअसल, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पास गृह मंत्रालय भी है और पुलिस विभाग उन्हीं के अंदर आता है।

## मणिपुर के जिरीबाम में फिर भड़की हिंसा

**इंफाल, एजेंसी**

मणिपुर के जिरीबाम में एक बार फिर हिंसा की खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अज्ञात बदमाशों ने मेइती समुदाय के दो खाली घरों को कथित तौर पर आग के हवाले कर दिया। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब पिछले हफ्ते भी मणिपुर के सीमावर्ती जिले में हुई हिंसा भड़कने के बाद जिरीबाम जिले में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। पुलिस ने बताया कि यह घटना शुक्रवार को सुबह करीब 3 बजे बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत भुटांगखल में हुई। हालांकि, घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। असम की सीमा से सटा जिरीबाम जिला मणिपुर का एक प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है। बता दें कि 6 जून को एक लापता व्यक्ति का सिर कटा शव बरामद होने के बाद जिले में व्यावसायिक गतिविधियां ठप्प हो गईं। इससे हिंसा की नई लहर भी शुरू हो गई है। जानकारी के मुताबिक ताजा हिंसा में दोनों समुदायों के 70 से अधिक घर जलकर खाक हो चुके हैं। इसके चलते एक हजार से अधिक लोगों को पड़ोसी राज्य असम और जिरीबाम के अन्य हिस्सों में सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। जिला पुलिस ने बताया कि आगे इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। मणिपुर पुलिस और केंद्रीय बलों सहित अतिरिक्त सुरक्षा बल आगे की हिंसा को रोकने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी कर रही है। इस बीच, जिरीबाम में मौजूदा स्थिति को देखते हुए ऑल जिरीबाम मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी (एजेएमडब्ल्यूएस) ने जिले में ईद-उल-अजहा त्योहार मनाने से इनकार कर दिया है। एजेएमडब्ल्यूएस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि यह निर्णय शुक्रवार को सोनापुर, जिरीबाम में आयोजित सोसायटी की बैठक में लिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक अखटहर ने कहा कि ईद-उल-अजहा की नमाज जिरीबाम के मुस्लिम इलाकों की मस्जिदों में अदा की जाएगी। बैठक में ईद की नमाज और आवश्यक गतिविधियों को छोड़कर जिरीबाम में ईद-उल-अजहा त्योहार के सभी प्रकार के रीति-रिवाजों पर पाबंदी लगाने का भी निर्णय लिया गया। मणिपुर की वर्तमान स्थिति को देखते हुए अखटहरने शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने के साथ-साथ मणिपुर में चल रही हिंसा में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए ईद के दिन विशेष प्रार्थना करने का निर्णय लिया है। साथ ही जिरीबाम के सभी मुस्लिमों से जिरीबाम के किसी भी कोने में अनावश्यक रूप से आवाजाही न करने की अपील की है। वहीं, जिरीबाम और कछार के सीमावर्ती इलाकों में शांति व्यवस्था बरकरार रहे, इसके लिए जिरीबाम एसपी एम प्रदीप सिंह और कछार एसपी नुमल महत्ता के बीच विशेष चर्चा हुई।

### कर्नाटक में बढ़े पेट्रोल और डीजल के दाम, बीजेपी का तंज

# उजागर हुआ कांग्रेस का असली चेहरा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

कर्नाटक में पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ने की संभावना है। राज्य सरकार ने बिक्री कर में 29.84% और 18.44% का संशोधन किया है। इसके बाद लगभग 3 रुपये और 3.05 रुपये तक बढ़ने की संभावना है। इस-को लेकर कांग्रेस पर भाजपा हमलावर हो गई है। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का असली चेहरा उजागर हो गया है। कांग्रेस पार्टी कहती है कि देश में महंगाई है और फिर कांग्रेस पार्टी और उसकी ही राज्य सरकारें पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा देती हैं। भाजपा नेता ने कहा कि कर्नाटक में, उन्होंने किसान विरोधी, आम आदमी विरोधी आदेश, फतवा, जजिया कर पारित किया है और उन्होंने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 रुपये और 3.05 रुपये की वृद्धि की है। यह आम आदमी के टैक्स को तोड़ना है। ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्होंने अपनी योजनाओं के कारण कर्नाटक को दिवालिया बना दिया है।



उन्होंने कहा कि आज, एक बात बहुत स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी केवल आम आदमी का पैसा लूटना और छीनना चाहती है। अपना हमला जारी रखते हुए पूनावाला ने कहा कि उनकी क्रैक पॉट नीतियों के कारण, इस प्रकार के कर लगाए जा रहे हैं और उन्हें हमें बताना चाहिए कि राहुल गांधी ने क्यों कहा कि खटाखट, खटाखट 1 लाख रुपये खातों में जमा किए जाएंगे, क्या वे अब पैसे जमा करेंगे? कर्नाटक और हिमाचल में महिलाओं के बैंक खाते? राज्य के वित्त विभाग द्वारा 15 जून को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि मूल्य वृद्धि तुरंत प्रभाव से लागू होगी। अखिला कर्नाटक फेडरेशन ऑफ पेट्रोलियम ट्रेडर्स के अध्यक्ष केएम बसवेगौड़ा ने बताया, ₹हमें दोपहर में अधिसूचना मिली, और राज्य भर में लगभग 5,000 डीलरों ने संशोधित ईंधन कीमतों के अनुसार कीमतों के डिजिटल डिस्प्ले को पुनः व्यवस्थित किया।₹ आखिरी संशोधन नवंबर 2021 में हुआ था, जब पिछली भाजपा राज्य सरकार ने कोविड-19 के बाद अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने में मदद के लिए पेट्रोल की कीमतों में 13.30 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमतों में 19.40 रुपये प्रति लीटर की कमी की थी।

## कर्नाटक की नयी पर्यटन नीति से निवेश बढ़ेगा : शिवकुमार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि राज्य में निवेश आकर्षित करने के लिए नयी पर्यटन नीति लाने की योजना बनाई जा रही है। फेडरेशन ऑफ कर्नाटक चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और कर्नाटक पर्यटन विभाग के कार्यक्रम दक्षिण भारत उत्सव में उन्होंने कहा, एक अच्छी पर्यटन नीति उद्योगपतियों और निवेश को आकर्षित करने में सक्षम होगी। जब उद्योगपति अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो सरकार को अधिक राजस्व मिलता है, लोगों के लिए अधिक नौकरियां पैदा होती हैं और कारोबार बढ़ता है। उन्होंने कहा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी और तेलंगाना से कई प्रतिनिधि हैं। मैं उनसे यहां अपने अनुभव साझा करने का अनुरोध करता हूं। कर्नाटक अपनी 300 किलोमीटर लंबी तटरेखा को विकसित करना चाहता है। बेंगलुरु आईटी राजधानी होने के अलावा एक पर्यटन केंद्र भी बन सकता है। शिवकुमार ने कहा कि सरकार बेंगलुरु में एक स्काई डेक के लिए निविदाएं भी आमंत्रित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि जीएसटी की अधिक दर से पर्यटन उद्योग प्रभावित हो रहा है।

## वायनाड या रायबरेली? राहुल गांधी कल ले सकते हैं फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को फैसला कर लेंगे कि वो वायनाड रखेंगे या रायबरेली। वो दोनों जगह से जीत कर लोकसभा पहुंचे हैं। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी सोमवार को अपने फैसले की जानकारी देंगे। राहुल गांधी ने दोनों सीटों पर भारी मतों से जीत दर्ज की है। राहुल गांधी फिलहाल वायनाड से लोकसभा सदस्य थे। लोकसभा चुनाव 2024 में इसी सीट से चुनाव लड़ कर वो फिर जीत गए। राहुल गांधी रायबरेली सीट से भी चुनावी मैदान में उतरे और जीत हासिल की। इस सीट को गांधी परिवार की पारंपरिक सीट माना जाता है। आखिरी बार इस सीट का प्रतिनिधित्व उनकी मां सोनिया गांधी ने किया था। सोनिया गांधी ने इस सीट से चुनाव नहीं लड़ा, वह राज्यसभा सदस्य बन गई हैं। राहुल गांधी बुधवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं का आभार जताने के लिए पहुंचे थे। यहां पर उन्होंने कहा था कि वह दुविधा में हैं कि कौन सी सीट रखें और कौन सी सीट छोड़ दें। उन्होंने कहा कि वह जो भी फैसला लेंगे, उससे सभी खुश होंगे। इस बयान



के बाद अटकलें तेज हो गईं कि उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा को यहां से चुनावी मैदान में उतारा जा सकता है। कलपेट्टा में एक जनसभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और कन्नूर से लोकसभा सदस्य के. सुधाकरन ने बुधवार को कहा था, ₹राहुल गांधी पार्टी के हित में वायनाड सीट खाली करेंगे। हालांकि, कांग्रेस विधायक और पूर्व राज्य मंत्री एपी अनिल कुमार ने कहा कि सभी लोग चाहते हैं कि राहुल गांधी वायनाड सीट बरकरार रखें।

## जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने को कहा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

बोलेरो वाहन में सादे कपड़ों में सवार हथियारबंद लोगों का एक वीडियो वायरल होने से लोगों में दहशत फैल गई। इसके बाद पुलिस को यह स्पष्ट करना पड़ा कि वाहन में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवान सवार थे। कुछ लोगों ने फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया मंचों पर एक वीडियो साझा किया जिसमें अखबार के टुकड़े से छिपी नंबर प्लेट वाले वाहन में हथियारबंद लोगों केसवार होने को लेकर सवाल उठाया गया। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि जैसी कि पुष्टि हुई है, वीडियो में दिख रहा वाहन सीएपीएफ कर्मियों को ले जा रहा था और कुछ सोशल मीडिया उपयोगकर्ता अनावश्यक रूप से आम नागरिकों में दहशत पैदा करने तथा गलत सूचना फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को अफवाहों और भय फैलाने वाली बातों पर ध्यान नहीं देने की सलाह दी जाती है। सूत्रों के अनुसार, सुरक्षाबलों को ले जाने वाले वाहनों की नंबर प्लेट ढकी हुई होती हैं।

### उद्धव ठाकरे ने बीजेपी पर साधा निशाना, कहा

# मोदी की गारंटी का क्या हुआ

**मुंबई, एजेंसी**

महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के नेता शरद पवार, उद्धव ठाकरे और पृथ्वीराज चव्हाण ने शनिवार को मुंबई में ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने हाल ही संपन्न हुए लोकसभा चुनाव 2024 में महाराष्ट्र में एमवीए गठबंधन का समर्थन करने के लिए देश की जनता का आभार जताया। एनसीपी नेता शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने जहां भी रोड शो और रैलियां कीं, उन जगहों पर एमवीए ने जीत दर्ज की।

शरद पवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा-जहां भी प्रधानमंत्री का रोड शो और रैली हुई, हमने जीत हासिल की। इसलिए मैं प्रधानमंत्री को धन्यवाद देना अपना कर्तव्य समझता हूं। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे ने कहा कि यह संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई थी। जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। यह पहले मोदी सरकार थी और अब यह एनडीए सरकार बन गई है।




अब देखना यह है कि यह सरकार कितने दिन चलती है। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने ही 400 का नारा दिया था। अच्छे दिन के नैरेटिव का क्या हुआ, मोदी की गारंटी का क्या हुआ। देवेंद्र फडणवीस ने हमसे कहा था कि हमारी सरकार रिक्शे के तीन पैरों जैसी है, केंद्र की बीजेपी सरकार का हाल भी वही है। मीडिया को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि हम सभी आज महाराष्ट्र की जनता का धन्यवाद करने और सभी के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए एक साथ आए हैं। महाराष्ट्र की जनता ने एमवीए उम्मीदवारों को विजयी बनाया है। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद पहली बार महाराष्ट्र के भारत गठबंधन के नेता आज मिले हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रेस कॉन्फ्रेंस जनता का धन्यवाद देने के लिए है। हमें महाराष्ट्र में अच्छी संख्या में वोट मिले हैं। हम सभी लोकतंत्र को बचाने के लिए एक साथ आए हैं। मुझे उम्मीद है कि जिस तरह से लोगों ने लोकसभा चुनाव में हमें वोट दिया, वैसा ही प्यार हमें विधानसभा चुनाव में भी मिलेगा और अब महाराष्ट्र में सत्ता परिवर्तन होगा।

# स्विट्जरलैंड में जुटे भारत समेत विश्व के 100 प्रतिनिधि, स्विस शांति वार्ता से रुकेगा रूस-यूक्रेन युद्ध?

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

इसी साल मार्च में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भारत को औपचारिक शांति शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया था। अब रूस-यूक्रेन संघर्ष पर स्विट्जरलैंड में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन के लिए भारत ने एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भेजा है। रूस और यूक्रेन के बीच बीते दो साल से भी ज्यादा समय से युद्ध चल रहा है। फिलहाल इस संघर्ष के रुकने के संकेत भी नहीं हैं। ऐसे समय में दुनियाभर के 100 से अधिक नेता रूस-यूक्रेन संघर्ष के लिए शांति योजना बनाने के लिए शनिवार को स्विट्जरलैंड में जुटे हैं। इस जमावड़े में अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और यूरोपीय संघ, दक्षिण अमेरिकी, मध्य पूर्व और एशियाई देशों के राष्ट्रपति या प्रमुख भी शामिल हैं। यह रूस-यूक्रेन के लिए शांति योजना बनाने के अब तक के सबसे महत्वाकांक्षी प्रयासों में से एक है। इसी साल मार्च में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भारत को भी औपचारिक



शांति शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया था। जनवरी 2024 में स्विस सरकार ने घोषणा की थी कि देश रूस-यूक्रेन युद्ध के शांति फॉर्मूले पर एक वैश्विक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब इटली में एकत्रित जी-7 के नेता ने यूक्रेन के लिए 50 बिलियन यूरो के ऋण के लिए एक नए समझौते पर हस्ताक्षर किया है। ऋण को 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद यूरोपीय संघ और अन्य पश्चिमी देशों द्वारा फ्रीज की गई रूसी केंद्रीय बैंक की परिसंपत्तियों पर ब्याज से होने वाले लाभ के जरिए सुरक्षित किया जाएगा। दो दिवसीय शांति सम्मेलन ल्यूसर्न के बाहर लक्जरी बुर्गेनस्टॉक रिसॉर्ट में आयोजित किया जा रहा है। इसमें युद्ध को समाप्त करने के लिए यूक्रेन की प्रस्तावित 10 सूत्री योजना पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ परमाणु खतरा, खाद्य सुरक्षा और यूक्रेन में मानवीय आवश्यकताओं पर भी चर्चा की जाएगी। यह सम्मेलन ऐसे वक्त में हो रहा है जब शुक्रवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने व्लादिमीर पुतिन ने मांग की कि यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए उसे अधिक भूमि देनी होगी, अपने देश के अंदर तक मौजूद सैनिकों को वापस बुलाना होगा और नाटो में शामिल होने की अपनी कोशिशें छोड़ देनी होंगी। हालांकि, इन प्रस्तावों को यूक्रेन, अमेरिका और नाटो ने अस्वीकार कर दिया था। अब शांति सम्मेलन में संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने और उसका सम्मान करने के संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों के महत्व पर चर्चा होने की उम्मीद है। सम्मेलन के बारे में जानकारी रखने वाले लोगों का कहना है कि इसका उद्देश्य है कि किसी भी अनुपयोगी पहल के लिए जगह कम हो। इसे जेलेंस्की के लिए एक सफलता के रूप में देखा जाएगा, जो अपनी शांति योजना के लिए अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटाने का लक्ष्य बना रहे हैं। शांति योजना में यूक्रेन से रूसी सैनिकों की पूरी तरह वापसी और 1991 के सोवियत-पूर्व की सीमाओं पर वापसी शामिल है। बुधवार को सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ हुई वार्ता के बाद जेलेंस्की ने उम्मीद जताई थी कि सऊदी अरब भी इसमें शामिल हो सकता है। रूस ने इस बैठक को निरर्थक बताया है। उधर चीन ने कहा कि वह इसमें भाग नहीं लेगा, क्योंकि यह सम्मेलन रूस की भागीदारी सहित उसकी आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता।

## पीएम मोदी और मेलोनी की सेल्फी फिर चर्चा

**रोम, एजेंसी**



13 से 15 जून तक इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। शुक्रवार को सम्मेलन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी ने एक सेल्फी क्लिक की। अपुलिया में जी-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन के मौके पर मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ सेल्फी क्लिक की, तब दोनों नेता मुस्कुराते हुए देखे गए। पिछले साल दिसंबर में दोनों नेताओं ने दुबई में 28वें कॉन्फ्रेंस ऑफ द पार्टीज (सीओपी 28) के मौके पर एक सेल्फी क्लिक की थी। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सेल्फी का वीडियो भी साझा किया। पांच सेकंड का यह वीडियो शनिवार को मेलोनी ने अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किया। इस वीडियो में प्रधानमंत्री मोदी हंसते हुए दिखाई दे रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो को फिर से शेयर किया और लिखा कि भारत-इटली की दोस्ती अमर रहे! इस सम्मलेन के बीच, प्रधानमंत्री मोदी ने इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान अपने इतालवी समकक्ष के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर चर्चा की और रक्षा औद्योगिक सहयोग को और बढ़ाने की उम्मीद जताई। बयान में कहा गया कि इस साल के अंत में इतालवी विमानवाहक पोत आईटीएस कैवूर और प्रशिक्षण जहाज आईटीएस वेस्पुची भारत आएगा। इसके अलावा, पीएम मोदी ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इतालवी अभियान में भारतीय सेना के योगदान को मान्यता देने के लिए इतालवी सरकार को धन्यवाद दिया। पीएम ने बताया कि भारत इटली के मोंटोन में यशवंत घाडगे स्मारक का उन्नयन करेगा।

# राम मंदिर में रखी जाएगी 1600 किलो की गदा और 1100 किलो का धनुष

**आगरा, एजेंसी**

राजस्थान से अयोध्या में जा रही 1600 किलो की गदा और 1100 किलो वजन का राम धनुष शुक्रवार की देर शाम आगरा पहुंचा। आगरा दिल्ली हाईवे स्थित डीवीवीएनएल कार्यालय के पास स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पर इसका स्वागत किया गया। आरती भी उतारी गई। इससे माहौल भक्तिमय बना रहा। गदा और धनुष को राम मंदिर परिसर में स्थापित किया जाएगा। इन्हें देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। राजस्थान के सुमेरपुर से श्रीजी सनातन सेवा संस्थान की ओर से अयोध्या यात्रा निकाल कर रामनगरी ले जाई जा रही 1600 किलो की गदा और 1100 किलो का राम धनुष शुक्रवार देर शाम आगरा



पहुंचा। श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर के महंत योगेश पुरी ने विधि-विधान से विशालकाय गदा की पूजा-अर्चना की। गदा की भव्य आरती की गई। इसके बाद ये अयोध्या यात्रा आगे के लिए रवाना हो गई। यह शनिवार को लखनऊ पहुंचेगी। जूता कारोबारी पूरन डावर ने कहा कि ऐसे आयोजन हमें हमारी सनातम संस्कृति से जोड़ते हैं। अयोध्या यात्रा का नेतृत्व कर रहीं आचार्य डॉ। सरस्वती देवकृष्ण गौड़ ने श्री राम रथ में विराजमान पंचधातु से निर्मित 1100 किलो के विशाल राम धनुष और 1600 किलो हनुमान गदा के आध्यात्मिक महत्त्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हम 12 जून को राजस्थान से निकले हैं। डॉ। सरस्वती देवकृष्ण गौड़ ने बताया कि इस विशालकाय गदा का रामनवमी से निर्माण शुरू हुआ था। यह 26 फीट ऊंची और 12 फीट चौड़ी है। हर रोज इसे बनाने में 24 से अधिक कारीगर काम करते थे। राम धनुष भी करीब 31 फीट लंबा है। ये 5 धातुओं से बने हैं। रास्ते में तारों के कारण उसकी ऊंचाई को कम किया जा रहा है। दोनों ही अयोध्या में राम मंदिर परिसर में स्थापित किए जाएंगे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य, अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन अशफाक सैफी, स्वागत समिति के स्क्वाड्रन लीडर एके सिंह, अप्सा अध्यक्ष डॉ। सुशील गुप्ता, पंचमुखी श्री हनुमान महाराज जी मंदिर समिति के अध्यक्ष महेंद्र कुमार शर्मा, प्रकाश ग्रुप के एमडी राजेश गर्ग, होटल आशा दीप के निदेशक शकुन बंसल, इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन संस्कृति के महासचिव अजय शर्मा, कन्वीनर ब्रजेश शर्मा समेत अन्य भी उपस्थित रहे।

न्यूज फ्लैश

## एक रन की हार से टूटा नेपाली फैंस का दिल



**नई दिल्ली, एजेंसी**

टी-20 विश्व कप 2024 में दक्षिण अफ्रीका और नेपाल के बीच रोमांचक मुकाबला देखने के लिए मिला, जहां लो स्कोरिंग मैच में नेपाल 1 रन से हार गया। इसके साथ ही नेपाल दक्षिण अफ्रीका जैसी बड़ी और मजबूत टीम को हराकर जो इतिहास रच सकता था, वो नहीं कर पाया। इस हार के साथ ही नेपाल के हजारों फैंस का दिल टूट गया। नेपाल के फैंस के साथ-साथ टीम के खिलाड़ी भी इस हार के दौरान कैमरे में रोते हुए कैद हुए। नेपाल की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुई इस हार के बाद सोशल मीडिया पर भावनाओं का सैलाब उमड़ आया है। फैंस के सोशल मीडिया पर कई ऐसे फोटो वायरल हो रहे हैं जिसमें वो रोते हुए दिखाई दे रहे हैं। नेपाल क्रिकेट टीम के फैंस उसे खूब सपोर्ट करते हैं और इस हार के बाद वो काफी निराश और मायूस नजर आए। इस हार के बाद भारत के पूर्व क्रिकेटर ने भी नेपाल की टीम की तारीफ की है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि नेपाल ने कई चरणों में अच्छा क्रिकेट खेला है। भविष्य में एक मजबूत टीम बनने के लिए उनके पास वह सब कुछ है जो चाहिए। दुनिया में सबसे ज्यादा जुनूनी प्रशंसकों के साथ, मुझे उम्मीद है कि वे काफी आगे बढ़ेंगे। पठान का ये पोस्ट साउथ अफ्रीका के खिलाफ मिली एक रनों की निराशाजनक हार के बाद आया है। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 115 रन बनाए। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए नेपाल ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 114 रन बनाए और 1 रन से मैच हार गई।

## खुद को आउट मानकर आधे रास्ते लौट चुके थे मिलर, अंपायर का फैसला नॉटआउट आया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



दक्षिण अफ्रीका और नेपाल के बीच लो स्कोरिंग मैच खेला गया, जो काफी ज्यादा रोमांचक रहा। इस मैच में नेपाल को दक्षिण अफ्रीका ने एक रन से हराया। इस मैच में बाएं हाथ के स्टार बल्लेबाज डेविड मिलर क्रीज पर रहने के दौरान केवल 7 रन ही बना पाए, लेकिन मैच में वो एक विवादास्पद पल का हिस्सा बन गए। मिलर पवेलियन जाने के लिए आधे रास्ते में निकल चुके थे लेकिन फिर उनके साथ कुछ ऐसा हुआ जिसे देख सभी दर्शक हैरान रह गए। यह घटना 14वें ओवर में हुई, जब डेविड मिलर कुशाल भुर्टेल के ओवर की चौथी गेंद का सामना कर रहे थे। लेग स्पिनर ने मिडिल और लेग स्टंप पर फुल-लेंथ गेंद फेंकी। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने गेंद पर स्वीप करने का प्रयास किया, लेकिन वह शॉट लगाने से चूक गए और गेंद उनके पैड पर जा लगी। नेपाल ने तुरंत आउट की अपील की, लेकिन अंपायर ने इसे खारिज कर दिया। हालांकि इसलिए नेपाल के कप्तान रोहित पौडेल ने रिव्यू लेने का फैसला किया। निर्णय को ऊपर भेजा गया। ये रिव्यू बड़ी स्क्रीन पर स्लो-मोशन दिखाया गया, तो मिलर यह मानकर पवेलियन लौटने लगे कि उन्हें आउट कर दिया जाएगा, लेकिन, गेंद की गति से पता चला कि गेंद लाइन में थी और इम्पैक्ट भी लाइन पर था, लेकिन स्टंप को छू रही थी। इस प्रकार यह अंपायर का फैसला नॉटआउट था और बल्लेबाज एलबीडब्ल्यू से बच गया। इसके बाद वो आधे रास्ते जाकर वापस क्रीज पर बल्लेबाजी करने के लिए आए। यह पल मैच का चर्चा का विषय बन गया और सोशल मीडिया पर फैंस ने भी इस घटना के बाद अपनी राय व्यक्त की। नेपाल मैच जीतने और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उलटफेर करने की ओर अग्रसर था, लेकिन वे अंतिम क्षणों में रणनीति से चूक गए जिससे उनकी योजना विफल हो गई और उन्हें हार का सामना करना पड़ गया।

## कनाडा के खिलाड़ियों ने मैच से पहले की रोहित कोहली की जमकर तारीफ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में आज भारतीय टीम कनाडा के साथ अपना आखिरी ग्रुप मुकाबला खेलेगी। इस मैच में जीत हार का वैसे तो कोई ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि भारत पहले ही सुपर-8 स्टेज के लिए क्वालीफाई कर चुका है। वहीं, कनाडा के का यह इस टी-20 वर्ल्ड कप का आखिरी मैच होगा क्योंकि वह सुपर-8 के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई है। इस मुकाबले से पहले कनाडा के खिलाड़ियों ने भारतीय स्टार प्लेयर्स की जमकर तारीफ की है। स्टार स्पोर्ट्स ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें कनाडा के खिलाड़ी साद बिन जफर ने कहा कि विराट कोहली दुनिया में मेरे पसंदीदा खिलाड़ी हैं। उन्होंने न केवल भारत के लिए बल्कि विश्व कप के लिए जो किया है वह अद्भुत है, मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं। कनाडा के बल्लेबाज निकोलस क्रिटन ने कहा कि विराट कोहली दुनिया में मेरे सबसे पसंदीदा खिलाड़ी हैं। इसके अलावा कनाडा के खिलाड़ी परगट सिंह ने कहा कि मैं रोहित शर्मा से मिलना चाहता हूं और उनसे पूछना चाहता हूं कि वह कैसे सहजता से अपने शॉट खेल पाते हैं। कनाड़ा के बल्लेबाजों के अलावा यूएसए के कप्तान मोनंक पटेल ने कहा कि मैं रोहित शर्मा को एक लीडर के रूप में देखता हूं और जिस तरह से वह खिताब जीत रहे हैं और अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। जिस तरह से वह बल्लेबाजी करते हैं वह अद्भुत है। वह बहुत प्रेरणादायक हैं, मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। बता दें कि, वैसे तो इस वर्ल्ड कप में विराट कोहली का बल्ला अभी तक नहीं चला है। कोहली ने इस साल अभी तक 3 मैचों में सिर्फ 5 रन बनाए हैं। ऐसे में फैंस को उम्मीद है कि वह फ्लोरिडा या वेस्टइंडीज में बेहतरीन प्रदर्शन कर फॉर्म में वापस लौटेंगे। हालांकि, कोहली के बैटिंग पोजिशन को लेकर भी विवाद हो रहा है। फिलहाल वह सलामी बल्लेबाज के तौर पर बल्लेबाजी करने आ रहे हैं। इससे पहले वह 3 नंबर पर बल्लेबाजी करते थे।

## अफगानिस्तान का रहमान वर्ल्ड कप से हुआ बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर मुजीब उर रहमान उंगली की चोट के फिर से उभरने के कारण टी20 विश्व कप के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। चोट के कारण अफगानिस्तान ने मुजीब की जगह विस्फोटक सलामी बल्लेबाज हजरतुल्लाह जजई को टीम में शामिल किया है। मुजीब इसी चोट के चलते आईपीएल 2024 से बाहर हो गए थे। चोट के कारण अफगानिस्तान ने मुजीब की जगह विस्फोटक सलामी बल्लेबाज हजरतुल्लाह जजई को टीम में शामिल किया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार दोपहर को अफगानिस्तान की पापुआ न्यू गिनी पर जीत के कुछ ही घंटों बाद इस बदलाव की पुष्टि की। आईसीसी की इवेंट तकनीकी समिति ने जजई को टीम में शामिल करने को मंजूरी दे दी है, जो टीम की संरचना में एक रणनीतिक बदलाव है। शनिवार को एक विज्ञप्ति में आईसीसी ने कहा कि आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 की इवेंट तकनीकी समिति ने अफगानिस्तान टीम में मुजीब उर रहमान की जगह हजरतुल्लाह जजई को शामिल करने को मंजूरी दे दी है। इस विज्ञप्ति में इसमें आगे कहा गया है, हजरतुल्लाह को मुजीब के दाएं हाथ की तर्जनी उंगली में चोट के कारण बाहर होने के बाद नामित किया गया था।

# एसबीआई ग्राहकों के लिए बढ़ने वाला है ईएमआई का बोझ

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

### बैंक ने ब्याज दरें बढ़ाई



भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सभी अवधियों में अपने मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स-बेस्ड लेंडिंग रेट (एमसीएलआर) में 10 आधार अंकों (0.1%) की वृद्धि की है। यह बदलाव 15 जून से प्रभावी होगा और इसके परिणामस्वरूप एमसीएलआर से जुड़े ऋण लेने वाले उधारकर्ताओं की ईएमआई बढ़ जाएगी। एमसीएलआर वह न्यूनतम ब्याज दर है जिसके नीचे बैंक ऋण नहीं दे सकते हैं और यह बैंकों की उधार लेने की लागत के रुझान को दर्शाता है। इसे 2016 में पेश किया गया था। परिवर्तनों के अनुसार, एक वर्ष की एमसीएलआर 8.65% से बढ़कर 8.75% हो गई है, एक दिन की एमसीएलआर 8.00% से बढ़कर 8.10% हो गई है तथा एक माह और तीन माह की एमसीएलआर 8.20% से बढ़कर 8.30% हो गई है। छह महीने की एमसीएलआर अब 8.55% से बढ़कर 8.65% हो गई है और दो साल की एमसीएलआर 8.75% से बढ़कर 8.85% हो गई है जबकि तीन साल की एमसीएलआर अब 8.85% से बढ़कर 8.95% हो गई है। होम और ऑटो लोन समेत ज्यादातर रिटेल लोन एक साल की एमसीएलआर दर से जुड़े हैं। एसबीआई ने यह भी घोषणा की कि उसने व्यवसाय वृद्धि का समर्थन करने के लिए बॉन्ड के माध्यम से 100 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। यह तब हुआ जब आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि की चिंताओं के कारण रेपो दर - प्रमुख नीति दर - को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित छोड़ दिया।

## सेबी ने एक्सचेंज के जरिये कर्मचारियों को शेयर बिक्री पेशकश प्रक्रिया बदली

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोड (सेबी) ने शुक्रवार को शेयर बाजार के जरिये कर्मचारियों को शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) प्रक्रिया में बदलाव कर दिया। सेबी ने परिपत्र में कहा कि कर्मचारियों को अब टीप्लस1 (सौदे के एक दिन बाद) दिन पर लेकिन सौदे के दिन के कट-ऑफ मूल्य पर ओएफएस में बोली लगानी चाहिए। बिक्री पेशकश के जरिये कंपनी प्रवर्तकों को अपने मौजूदा शेयर बेचने की अनुमति दी जाती है। जनवरी में सेबी ने ओएफएस के माध्यम से कर्मचारियों को बिक्री पेशकश करने की प्रक्रिया लागू की थी। इसमें कहा गया था कि कर्मचारियों को टीप्लस1 दिन के कट-ऑफ मूल्य और टीप्लस1 दिन पर बोली लगानी चाहिए। सेबी के संशोधित नियम के मुताबिक, कर्मचारियों को ओएफएस टीप्लस1 दिन पर दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही खुदरा श्रेणी को कर्मचारी नामक नई श्रेणी के अंतर्गत रखा जाना चाहिए। यह नया नियम इस परिपत्र के जारी होने के 30 दिन बाद लागू होगा।

## एचएमआईएल ने आईपीओ के लिए सेबी के पास दस्तावेज दाखिल किए

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

दक्षिण कोरियाई वाहन विनिर्माता कंपनी हुंदै की भारतीय इकाई हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) लाने के लिए शेयर बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। अगर कंपनी के आईपीओ को सेबी की मंजूरी मिल जाती है, तो यह भारत का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम होगा। यह दो साल पहले आए एलआईसी के 21,000 करोड़ रुपये के आईपीओ को भी पीछे छोड़ देगा। मसौदा दस्तावेजों के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ हुंदै मोटर कंपनी द्वारा पूरी तरह से 142,194,700 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) है। इसमें कोई नया शेयर जारी नहीं किया जाएगा। सूत्रों ने इसी साल फरवरी में पुष्टि की थी कि मूल कंपनी हुंदै मोटर कंपनी आईपीओ के माध्यम से लगभग तीन अरब डॉलर (लगभग 25,000 करोड़ रुपये) जुटाना चाहती है।

# रोमांचक मुकाबले में नेपाल से एक रन से जीता साउथ अफ्रीका



**नई दिल्ली, एजेंसी**

टी-20 वर्ल्ड कप के 31वें मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने नेपाल को एक रन से हराकर ग्रुप मैचों में क्लीन स्वीप किया है। हालांकि, दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला काफी रोमांचक रहा और आखिरी गेंद पर मैच का निर्णय हुआ। पहले बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीका की टीम 117 रन पर ऑल आउट हो गई जिसके जवाब में नेपाल की टीम 20 ओवर में 116 रन ही बना पाई। अफ्रीका की तरफ से रीजा हेंडरिक्स ने सबसे ज्यादा 43 रन की पारी खेली। इसके अलावा सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक 10 और कप्तान एडन मार्करम 15 रन बनाकर आउट हुए। हेनरिक के अलावा त्रिस्टन स्टब्स ने 18 गेंदों में 27 रन की पारी खेली। वहीं, हेनरिक क्लासेन 5 गेंदों में 3, डेविड मिलर 7, मार्को जॉन्सन 1 रन बनाकर आउट हुए। नेपाल की तरफ से शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन देखने को मिला। नेपाली गेंदबाज कुशल भुर्तेल ने 4 ओवर में 19 रन देकर 4 विकेट झटके वहीं, दीपेंद्र सिंह ने 4 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट लिए। इन दोनों गेंदबाजों के अलावा कोई भी बल्लेबाज विकेट लेने में कामयाब नहीं हो पाया। 116 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेपाल की टीम ने शानदार संघर्ष किया। नेपाल का पहला विकेट 35 रन के स्कोर पर गिरा। सलामी बल्लेबाज कुसल भुर्तेल 21 गेंदों में 13 रन बनाकर आउट हुए। उसके बाद कप्तान रोहित पोडेल भी 2 गेंद खेलकर चलते बने। इस विकेट के बाद आसिफ शेख और शाह ने संभलकर खेलते हुए 50 रन की साझेदारी की। नेपाल का तीसरा विकेट 85 रन के स्कोर पर गिरा जब टीम को 38 गेंदों में 31 रन की जरूरत थी। उसके बाद अफ्रीकी गेंदबाजों ने वापसी करते हुए एक के बाद एक शानदार डिलीवरी डाली, और नेपाल को 114 के स्कोर पर रोक दिया। नेपाल की तरफ से सबसे ज्यादा रन आसिफ शेख ने बनाए। उन्होंने 49 गेंदों में 42 रन की पारी खेली जिसमें 4 चौके और एक छक्का शामिल था। इसके अलावा अनिल शाह ने 27 गेंदों में 24 रन बनाए। अफ्रीका के गेंदबाजी यूनिट की बात करें तो तबरेज शम्सी ने 4 ओवर में 19 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट झटके। उनको इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच भी दिया गया। एनरिक नॉर्त्जे और एडन मार्करम को एक-एक विकेट मिला। बता दें साउथ अफ्रीका पहले ही सुपर-8 स्टेज के लिए क्वालीफाई कर चुकी है।

## पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने बोली बड़ी बात, कहा विराट की जगह यशस्वी करें पारी की शुरुआत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में शानदार प्रदर्शन कर रही है। टीम ने सुपर-8 में अपनी जगह पहले ही पक्की कर ली है। अब टीम इंडिया अपने अंतिम लीग मैच में कनाडा से आज भिड़ने वाली है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही हैं कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा कनाडा के खिलाफ प्लेइंग-11 में बदलाव कर सकते हैं। इस बारे में भारतीय क्रिकेटर एस श्रीसंत ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स पर बता करते हुए कहा है कि टीम में बतौर ओपनर यशस्वी जायसवाल को जगह देनी चाहिए। तेज गेंदबाज ने बात करते हुए कहा कि मैं यशस्वी जायसवाल को पारी की शुरुआत करते हुए देखना चाहूंगा। विराट कोहली नंबर-3 पर बल्लेबाजी करने उतर सकते हैं। यशस्वी टी-20 क्रिकेट में तेजी से खेलने के लिए जाने जाते हैं। वो भारत को तेज शुरुआत दिलाएं और विराट भाई और रोहित उसे आगे बढ़ाएं। मेरे हिसाब से ये टीम के लिए एक बेस्ट कॉम्बिनेशन होगा। बता दें कि यशस्वी जायसवाल को शुभमन गिल से ऊपर तरजीह देते हुए टी-20 वर्ल्ड कप 2024 की टीम में चुना गया था। इसके बाद भारतीय टीम ने इस टी20 वर्ल्ड कप में अब तक नंबर 3 पर खेलते आ रहे विराट कोहली से पारी की शुरुआत कराई और यशस्वी को प्लेइंग-11 से बाहर कर दिया। अब कनाडा के खिलाफ रोहित के पास मौका होगा कि वो यशस्वी को ओपनिंग में आजमा सकें, क्योंकि विराट 3 मैचों में बतौर ओपनर फ्लॉप रहे हैं। इस दौरान उनके बल्ले से सिर्फ 5 रन निकले हैं। यशस्वी जायसवाल के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने भारत के लिए अब तक 17 टी20 मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 16 पारियों में 1 शतक और 4 अर्धशतकों के साथ 502 रन बनाए हैं। उनके नाम 55 चौके और 28 छक्के भी दर्ज हैं। यशस्वी को अगर कनाडा के खिलाफ खेलने का मौका मिलता है तो वो इस मौके को दोनों हाथों से पकड़ा चाहेंगे।

## पाकिस्तान वर्ल्ड कप से बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी**




टी-20 वर्ल्ड कप के 2024 के आयरलैंड बनाम यूएसए मैच पर सभी पाकिस्तानी टीम और फैंस की निगाहें थी लेकिन, बारिश ने पाकिस्तान की बची हुई उम्मीदों पर पानी फेर दिया। पाकिस्तान का सुपर-8 के लिए क्वालीफाई करने के मौका इसी मैच पर निर्भर था लेकिन बारिश की वजह से दोनों टीमों को एक-एक दे दिया गया। जिसकी वजह से यूएसए ने 5 अंकों के साथ पाकिस्तान की उम्मीदों पर पानी फेरते हुए सुपर-8 के लिए क्वालीफाई कर लिया और पाकिस्तान बाहर हो गया। पाकिस्तान के बाहर होने के बाद सोशल मीडिया पर मीम्स की बाढ़ आ गई। बाबर आजम से लेकर पूरी पाकिस्तानी टीम को आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। पाकिस्तान को ग्रुप मैचों में ही बाहर होने की वजह से जमकर ट्रोल किया जा रहा है। कई यूजर तो वर्ल्ड कप से पहले टीम की आर्मी ट्रेनिंग को लेकर भी मजाक बना रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, पाकिस्तान ने इस टी-20 वर्ल्ड कप में सेना की तरह प्रशिक्षित होकर सेना की तरह ही आत्मसमर्पण कर दिया है। मोहम्मद हफीज ने शुक्रवार एक्स पर एक पोस्ट करते हुए लिखा, पाकिस्तान क्रिकेट की दुविधा उच्च अधिकारी जिम्मेदारी नहीं बल्कि श्रेय लेते हैं। इससे देखा जा रहा है कि पाकिस्तान क्रिकेट में

# राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 संभावित सदस्यीय जूनियर हॉकी टीम का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी**



हॉकी इंडिया ने शनिवार को आगामी जूनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 खिलाड़ियों के कोर संभावित समूह की घोषणा की, जो 16 जून से बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) में शुरू हो रहा है। यह शिविर जूनियर पुरुष टीम के यूरोपीय दौरे के बाद आयोजित किया जा रहा है, जहां उन्होंने 20 से 29 मई तक बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड्स की क्लब टीम ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ पांच मैच खेले। दौरे के दौरान, भारत ने अपने पहले मैच में बेल्जियम के खिलाफ 2-2 (4-2 एसओ) से जीत हासिल की, लेकिन उसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ दूसरे मैच में 2-3 से हार गया। उन्हें ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग के खिलाफ 5-4 से मामूली हार का सामना करना पड़ा। जर्मनी के खिलाफ, वे पहले गेम में 2-3 से हार गए, लेकिन वापसी मैच में 1-1 (3-1 एसओ) से जीत गए, जो दौरे का अंतिम गेम भी था। आगामी शिविर, कोच जनार्दन सी बी के नेतृत्व में और हॉकी इंडिया के हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर हरमन क्रुइस की देखरेख में, 63 दिनों तक चलेगा, जो 18 अगस्त को समाप्त होगा। समूह में पांच गोलकीपर शामिल हैं। प्रिंस दीप सिंह, बिक्रमजीत सिंह, आदर्श जी, अश्विनी यादव और अली खान शिविर में फॉरवर्ड मोहित कर्मा, मोहम्मद जैद खान, मोहम्मद कोनैन दाद, सौरभ आनंद कुशवाह, अरिजीत सिंह हुंदल, गुरजोत सिंह, प्रभदीप सिंह, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह और गुरसेवक सिंह हैं। डिफेंडर में शारदा नंद तिवारी, आमिर अली, मनोज यादव, सुखविंदर, रोहित, योगंबर रावत, अनमोल एक्का, प्रशांत बारला, आकाश सोरेंग, सुंदरम राजावत, आनंद वाई और तलेम प्रियो बार्टा शामिल हैं। शिविर में शामिल होने वाले मिडफील्डर्स में बिपिन बिल्लवारा रवि, वचन एच ए, अंकित पाल, रोसन कुजूर, मुकेश टोप्पो, रितिक कुजूर, थौनाओजम इंगलेम्बा लुवांग, थोकचोम किंगसन सिंह, अंकुश, जीतपाल, चंदन यादव, मनमीत सिंह और गोविंद नाग शामिल हैं। आगामी शिविर के बारे में बोलते हुए, कोच जनार्दन सी बी ने कहा कि यह शिविर भविष्य की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए हमारी तैयारी के लिए महत्वपूर्ण है। हमारे पास खिलाड़ियों का एक प्रतिभाशाली समूह है, और गहन प्रशिक्षण सत्र उन्हें अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद करेंगे। हमारा लक्ष्य एक एकजुट और दुर्जेय टीम विकसित करना है जो किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हो।

# यूरो 2024: जर्मनी ने की धमाकेदार शुरुआत, स्कॉटलैंड को 5-1 से दी मात

**म्यूनिख, एजेंसी**



मेजबान देश ने 2024 यूरोपीय चैम्पियनशिप में शानदार शुरुआत की है, जर्मनी ने टूनार्मेंट के पहले मैच में एलियांज एरिना में स्कॉटलैंड को 5-1 से रौंद दिया। जर्मनी ने शुरुआती मिनट से ही दबदबा बनाए रखा और 10वें मिनट में अपना पहला गोल किया, जब जोशुआ किमिच ने फ्लैंक से गेंद को गोल में डाला, जिसे फ्लोरियन विट्ज़ ने नेट के पीछे डाला। जर्मनी ने लगातार दबाव बनाए रखा और 19वें मिनट में अपनी बढ़त दोगुनी कर ली। फ्लोरियन विट्र्ज.और जमाल मुसियाला, ये दोनों 21 वर्षीय दोनों यूरो खिलाड़ियों ने इतिहास में अपनी टीम के दो सबसे कम उम्र के गोल करने वाले खिलाड़ी भी बन गए। कप्तान इके गुंडोगन ने सहज टर्न के साथ स्कॉटिश प्रेस को मात दी और विपक्षी डिफेंस के बीच से गेंद को काई हैवर्ट्ज के पास पहुंचाया। आर्सेनल फॉरवर्ड ने गेंद को युवा स्टार जमाल मुसियाला के पास वापस खींचा, जिन्होंने मौके को भुनाने में कोई गलती नहीं की। स्कॉटलैंड के लिए हालात तब और खराब हो गए, जब रयान पोर्टियस ने गुंडोगन पर जल्दबाजी में टैकल किया और हाफटाइम से ठीक पहले मेजबान टीम को पेनल्टी मिल गई। हैवर्ट को जिम्मेदारी लेने के लिए बुलाया गया और 25 वर्षीय खिलाड़ी ने खेल के 45वें मिनट में तीसरा गोल किया। दूसरे हाफ में एक डबल बदलाव में काई हैवर्ट और फ्लोरियन विट्र्ज की जगह निकलस फुलक्रग और लेरॉय साने को शामिल किया गया। फुलक्रग ने तुरंत प्रभाव दिखाया क्योंकि उन्होंने गेंद को जोरदार वॉली से मारा जो ऊपरी कोने में चली गई और गोलकीपर को स्कोर चार करने का कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने बाद में अपना दूसरा गोल भी किया लेकिन गोल को ऑफसाइड करार दिया गया। स्कॉटिश टीम ने 87वें मिनट में अपना सांत्वना गोल किया जब सेट-पीस में रूडिगर ने गेंद को अपने ही नेट में डाल दिया और स्कोर 4-1 हो गया। एमरे कैन ने 93वें मिनट में बॉक्स के बाहर से गोल करके अपने विरोधियों को समाप्त कर दिया।

जर्मनी अपने घरेलू यूरो में इससे बेहतर शुरुआत की उम्मीद नहीं कर सकता था क्योंकि वे इस प्रदर्शन को आगे बढ़ाना चाहेंगे और ग्रुप स्टेज से सभी नौ अंक हासिल करने की उम्मीद करेंगे। दूसरी ओर, स्कॉटलैंड को इस हार को भुलाकर हंगरी और स्विट्जरलैंड के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा, यदि वे अपने इतिहास में पहली बार इस चरण से आगे बढ़ना चाहते हैं।

वर्ष -60, रजिस्ट्रेशन संख्या : WB HIN/ 00780 **अखबार के स्वामी** : के के एम पब्लिशर के लिए **मुद्रक एवं प्रकाशक** राजीव नयनम द्वारा प्रकाशित तथा एल.एस. पब्लिकेशन प्रा. लि. 4 केनाल वेस्ट रोड, कोलकाता-15 से मुद्रित और के के एम पब्लिशर, 7 मैंगोलेन (प्रथम तल), कोलकाता-700001 से प्रकाशित.
**संपादक** - अशोक पांडेय*, फोन - 033-48032897, मेल - sutrakaar.news @gmail.com